रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 01, संवत 2081 | रांची, शुक्रवार, 07 जून 2024, वर्ष-25, अंक-125, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

सेंसेक्स
75,074.51 +692.27

डॉलर
83.485 +0.072

रांची सर्राफा
10 ग्राम 71,720
01 किलो 98,000

पेज 12



चुनाव जनता का है, जनता ही लड़ती है, जनता ही...

## एक नजर

### झारखंड के 16 जिलों में 10 जून तक हीट वेव की चेतावनी,

**रांची** । राज्य के कई हिस्सों में भीषण गर्मी पड़ रही है। हालांकि राजधानी रांची में थोड़ी राहत जरूर है लेकिन रांची मौसम विभाग के अनुसार 16 जिलों में 10 जून तक हीट वेव चलेगी। इसे लेकर यलो अलर्ट जारी किया है। सात जून से 10 जून तक राज्य के अधिकांश जिलों में लू का प्रकोप दिखेगा। प्रदेश के उत्तर-पश्चिमी, मध्य, दक्षिणी तथा उससे सटे उत्तर-पूर्वी भागों में कहीं-कहीं हीट वेव की स्थिति देखी जाएगी। दक्षिण एवं मध्य भागों में कुछ जगहों पर तेज हवा के साथ वज्रपात की भी संभावना है। रांची में भी सात जून से लू चलने की संभावना है। अधिकतम और न्यूनतम दोनों तापमान में वृद्धि होगी। नौ जून तक आंशिक बादल छाए रहेंगे लेकिन तापमान में वृद्धि होगी जिससे लू की स्थिति बनी रहेगी। अधिकतम तापमान 41 से 42 डिग्री एवं न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेंटीग्रेड रहने की संभावना है।

### सांगली के निर्दलीय सांसद कांग्रेस में शामिल, शतक पूरा

**मुंबई** । सांगली संसदीय सीट से नवनिर्वाचित निर्दलीय लोकसभा सांसद विशाल पाटिल गुरुवार को कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए। अब पूरे देश में कांग्रेस पार्टी के सांसदों की संख्या 100 तक पहुंच गई है। महाराष्ट्र में अब कांग्रेस के कुल 14 सांसद हो गए हैं। विशाल पाटिल ने पत्रकारों को बताया कि 4 जून को मतगणना समाप्त होने के बाद वे 5 जून को सांगली में कार्यकताओं से मिले। इसके बाद गुरुवार को उन्होंने दिल्ली जाकर कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मिलकर कांग्रेस पार्टी में शामिल होने का पत्र सौंप दिया है। इसके बाद उन्होंने वरिष्ठ कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी से भी मुलाकात की। विशाल पाटिल ने बताया कि उन्हें शुक्रवार को मुंबई में राज्य के कांग्रेस सांसदों की

## आज कल




# फादर स्टैन स्वामी की तरह जेल में हो रहा हेमंत पर जुल्म : कल्पना सोरेन

▶ *आज जरूरत हेमंत के साथ खड़ा होने की नहीं तो ये झारखंड को मणिपुर बनाने से बाज नहीं आएंगे*

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** हेमंत सोरेन के जेल जाने के बाद उनके सोशल मीडिया अकाउंट्स हैंडल कर रहीं कल्पना सोरेन ने गुरुवार को फेसबुक पर मानवाधिकार हनन पर एक पोस्ट लिखा इसमें फादर स्टैन स्वामी के उदाहरण देते हुए हेमंत सोरेन का मामला उठाया। कल्पना ने लिखा कि इस चुनाव में आदिवासी अधिकार कार्यकर्ता फादर स्टैन स्वामी की हिरासत में हुई मौत, जो भारत के लोकतंत्र और मानवाधिकारों की स्थिति पर एक काला धब्बा है - उसका बदला लेने की शुरूआत है। स्टैन स्वामी को भीमा कोरेगांव चर्चित हिंसा कांड में यूएपीए के तहत एनआईए ने गिरफ्तार किया था और न्यायिक हिरासत में 2021 में उनकी जेल में मौत हो गई थी। कल्पना सोरेन ने स्टैन स्वामी का उदाहरण देते हुए हेमंत सोरेन के बारे में लिखा, "जैसे सबसे कमजोर वर्ग के लिए आवाज उठाने वाले फादर स्टैन को अन्याय से चुप कराया गया, आज उसी तरह का जुल्म हेमंत पर हो रहा है। आज जरूरत है हर एक झारखंडी को हेमंत सोरेन के पक्ष में मजबूती के साथ खड़ा होने की, वरना ये झारखंड को मणिपुर बनाने से बाज नहीं आएंगे।




# हेमंत अपने बैरक का सीसीटीवी फुटेज सार्वजनिक करवायें : बाबूलाल मरांडी

▶ *जेल का खेल हेमंत ने ही शुरू किया था, आज अपने कुकर्मों के कारण खुद इसके शिकार हो गए*

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** बाबूलाल ने कहा है कि जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सत्ता के अहंकार में सैकड़ों निदोर्षों को जेल में डाला। तब उन्हें ना तो मानवाधिकार का ख्याल आया, ना जेल के अंदर के बदतर हालात का। बाबूलाल मरांडी ने गुरुवार को सोशल मीडिया एक्स पर इस आशय का बयान साझा करते हुए कहा कि लोगों को उठा कर जेल में डालने की हेमंत की बड़ी तमन्ना थी। ईश्वर का न्याय देखिए कि जिस जेल के खेल को उन्होंने शुरू किया, अपने कुकर्मों के कारण वह भी उसी का शिकार हो गए। बाबूलाल ने हेमंत को जेल में पर्याप्त सुविधाएं दिए जाने को लेकर भी बात रखी है। उन्होंने सवालिया लहजे में कहा कि हेमंत सोरेन अब बेकार में ही मानवाधिकार और आदिवासी बंधुओं की चिंता में दुबले हुए जा रहे हैं। जब संथाल में सैकड़ों आदिवासी बेटियों को लव जिहाद में फंसाया गया, शरीर के टुकड़े-टुकड़े कर दिए गए, गाड़ियों से कुचला गया, तब उन्हें आदिवासियों की याद नहीं आई? मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को टैग करते हुए बाबूलाल ने कहा है

शेष पेज 11 पर




## जेपी नड्डा के घर हुई बैठक में मंत्रिमंडल पर हुआ मंथन

# एनडीए के सभी नवनिर्वाचित लोस सदस्यों की बैठक आज

**140** करोड़ भारत के लोगों की सेवा करेंगेऔर एक विकसित भारत के निर्माण की दिशा में काम करेंगे।

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की बैठक शुक्रवार को संसद के सेंट्रल हॉल में आयोजित होगी। करीब साढ़े ग्यारह बजे होने वाली इस बैठक में भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित लोकसभा सदस्यों के साथ एनडीए के लोकसभा सदस्य और उनके नेता शामिल होंगे। इस अहम बैठक में मंत्रिमंडल को लेकर चर्चा हो सकती है। इससे पहले गुरुवार को मंत्रिमंडल और नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार सरकार के शपथ ग्रहण की तैयारियों को लेकर चर्चा का दौर चलता रहा। सुबह जेपी नड्डा के आवास पर हुई बैठक कई घंटों तक चली। इसमें अमित शाह, राजनाथ सिंह, राष्ट्रीय महासचिव बी एल संतोष, विनोद तावड़े सहित कई नेता शामिल रहे। इस बैठक में मंत्रिमंडल पर विचार करने के साथ नौ जून को होने वाले शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियों पर विचार विमर्श किया गया। साथ ही देश-दुनिया से आने वाले मेहमानों की सूची तैयार करने से लेकर अन्य प्रबंधन को लेकर चर्चा की गई। इसके बाद शाम को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आवास पर एक बैठक शुरू हुई, जिसमें जेपी नड्डा और अमित शाह शामिल होने के लिए पहुंचे हैं। बुधवार को पीएम आवास पर एनडीए नेताओं की बैठक हुई, जिसमें नरेन्द्र मोदी को एनडीए का नेता चुना गया और प्रस्ताव पारित किया गया।



### जेपी नड्डा के आवास पर कई घंटे तक बैठक चली

जेपी नड्डा के आवास पर भाजपा नेता अमित शाह, राजनाथ सिंह और नड्डा के बीच लंबी बैठक चली। इसमें कहा गया कि हम भारत के 140 करोड़ लोगों की सेवा करेंगे और एक विकसित भारत के निर्माण की दिशा में काम करेंगे। एनडीए के सहयोगी दलों की सीटों को मिलाकर गठबंधन को कुल 293 सीटें मिली हैं।

# चुनाव के नतीजे घोषित होने के बाद हटाई आदर्श आचार संहिता

एजेंसी

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनाव-2024 के नतीजे घोषित होने के बाद गुरुवार को आदर्श आचार संहिता को हटाने की घोषणा की। आदर्श आचार संहिता हटने के साथ ही अब सरकारें जनहित में नीतिगत फैसले ले सकेंगी। गत 16 मार्च को लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद से देशभर में आदर्श आचार संहिता लागू थी। केंद्रीय कैबिनेट सचिव और राज्य मुख्य सचिवों को भेजे गए पत्र में चुनाव आयोग ने कहा कि आदर्श आचार संहिता के प्रावधान निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की तिथि से लागू होते हैं और यह चुनाव प्रक्रिया पूरी होने तक लागू रहते हैं।

चूंकि अब लोकसभा चुनाव-2024 और अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, ओडिशा और आंध्र प्रदेश में राज्यों की विधानसभा चुनावों के साथ-साथ कुछ विधानसभा उपचुनावों के परिणाम संबंधित रिटर्निंग अधिकारियों द्वारा घोषित कर दिए गए हैं, इसलिए आदर्श आचार संहिता तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी गई है।




### मुख्य चुनाव आयुक्त ने नवनिर्वाचित सांसदों की सूची राष्ट्रपति को सौंपी

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू के साथ गुरुवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की और उन्हें 18वीं लोकसभा के गठन की प्रक्रिया शुरू करने के लिए नव-निर्वाचित सांसदों की सूची सौंपी। अब राष्ट्रपति नई सरकार के गठन की औपचारिक प्रक्रिया शुरू करेंगी। राष्ट्रपति भवन के अनुसार, मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 73 के अनुसार चुनाव आयोग द्वारा जारी अधिसूचना की एक प्रति राष्ट्रपति को सौंपी, जिसमें 18वीं लोकसभा के हुए आम चुनावों के बाद लोक सभा के लिए चुने गए सदस्यों के नाम शामिल हैं। शेष पेज 11 पर

# झारखंड के दुमका में लड़का और लड़की के शव पेड़ से लटके मिले

नवीन मेल संवाददाता

**दुमका।** झारखंड के दुमका जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र में गुरुवार को नाबालिग लड़के और लड़की के शव एक पेड़ पर लटके पाए गए। दोनों एक ही गांव के रहने वाले थे और आपस में रिश्तेदार भी थे। मुफस्सिल थाने के एक पुलिस अफसर ने बताया कि ग्रामीणों ने अमडीहा बांध के पास पेड़ से लड़के-लड़की का शव लटके होने की सूचना दी। पुलिस की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। दोनों को उतारकर हॉस्पिटल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। आशंका व्यक्त की जा रही है कि यह प्रेम प्रसंग का मामला हो सकता है।



दोनों ने आत्महत्या की या फिर उनकी हत्या कर शव पेड़ से लटका दिए गए, इसकी जांच की जा रही है। दोनों की उम्र 15-16 साल के आसपास बताई जा रही है। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। रिपोर्ट आने पर मौत के सही कारणों की जानकारी मिल सकेगी। पुलिस परिजनों और गांव के लोगों से भी जानकारी जुटा रही है। पता चला है कि मृत लड़के की बड़ी बहन और लड़की के बड़े भाई की कुछ साल पहले लव मैरेज हुई थी और इसे लेकर दोनों परिवारों के बीच विवाद भी हुआ था। हालांकि, अब इन परिवारों के बीच रिश्ते सामान्य थे। घटना की सूचना मिलते ही इलाके में सनसनी फैल गई।

## शेयर बाजार में निवेशकों ने गंवाए 30 लाख करोड़ : राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी का कहना है कि एग्जिट पोल के कारण शेयर बाजार में छोटे रिटेल इन्वेस्टर्स को 30 लाख करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। प्रधानमंत्री, गृह मंत्री और वित्त मंत्री ने निवेशकों को चुनाव के समय शेयर बाजार में पैसा लगाने की सलाह दी थी। इसे एक बड़ा घोटाला बताते हुए राहुल गांधी ने संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) द्वारा इसकी जांच करवाए जाने की मांग की है। राहुल गांधी का कहना है कि चुनाव के समय प्रधानमंत्री ने दो-तीन बार शेयर बाजार में तेजी आने की बात कही।

# कंगना को थप्पड़ मारने वाली महिला कांस्टेबल निलंबित

### पंजाब में बढ़ता आतंकवाद व उग्रवाद चिंता का विषय

एजेंसी

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ हवाई अड्डे पर सांसद एवं अभिनेत्री कंगना रानौत को थप्पड़ मारने वाली महिला कांस्टेबल को सीआईएसएफ ने निलंबित कर दिया है। दिल्ली पहुंचने के बाद कंगना रानौत ने एक वीडियो जारी करके कहा कि वह सुरक्षित हैं, लेकिन उन्हें पंजाब में बढ़ रहे आतंकवाद और उग्रवाद की चिंता है। कंगना रानौत मंडी लोकसभा क्षेत्र से निर्वाचित होने के बाद गुरुवार को दिल्ली जाने के लिए चंडीगढ़ हवाई अड्डे पर पहुंचीं। सिक्योरिटी जांच के बाद कंगना जब अन्दर प्रवेश करने लगीं तो सीआईएसएफ की महिला कांस्टेबल कुलविंदर कौर ने उन्हें थप्पड़ जड़ दिया। इसके बाद कुलविंदर कौर सिक्योरिटी केबिन से बाहर आकर किसान आंदोलन के दौरान दिए गए कंगना के बयान पर आपत्ति जताई।



शेष पेज 11 पर

## ओडिशा सीएम की दौड़ में गिरीश चंद्र मुर्मू भी

**रांची।** लोकसभा चुनाव के साथ ही ओडिशा विधानसभा चुनाव में बीजेपी को प्रचंड जीत मिली है। अब राज्य में मुख्यमंत्री के नाम की चर्चा भी तेज हो गई है। भाजपा कुछ चुनिंदा नामों पर विचार कर रही है, जिसमें पहला नाम हैं गिरीश चंद्र मुर्मू का जोकि सीएजी यानि कंट्रोलर एंड आडिटर जनरल हैं। गिरीश चंद्र मुर्मू पिछले कुछ दिनों से चर्चा में हैं। गिरीश ने गुजरात में मुख्यमंत्री के कार्यकाल के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ काम किया है उनके चहेते और उनकी कोर कमेटी के करीबी माने जाते हैं।

## इंडिया



सुनील बादल

महिलाओं ने कांग्रेस का गारंटी कार्ड दिखाते हुए 1 लाख रुपए की मांग की। कई महिलाओं ने पहले से मिले गारंटी कार्ड पर अपना नाम, पता और नंबर भरकर पार्टी दफ्तर में जमा भी किया।

# तुम मुझे वोट दो मैं तुम्हें गारंटी दूंगा

इस बार चुनाव में घोषणा पत्र के साथ गारंटी शब्द भी खूब गूंजा और प्यार और चुनाव में सब जायज शैली में फ्री बिजली,फ्री पानी से लेकर अनेकों घोषणाएं हुईं, जिसमें सबसे हिट था खटाखट खाते में रुपए आने का । चुनावी घोषणा में गारंटी शब्द जुड़ा होने से इसे सच मान चुनाव परिणाम के दूसरे दिन बड़ी संख्या में मुस्लिम महिलाएं राहुल गांधी से लाख रुपए लेने यूपी कांग्रेस पार्टी दफ्तर पहुंचीं। महिलाओं ने कांग्रेस का गारंटी कार्ड दिखाते हुए 1 लाख रुपए की मांग की। कई महिलाओं ने पहले से मिले गारंटी कार्ड पर अपना नाम, पता और नंबर भरकर पार्टी दफ्तर में जमा भी किया। महिलाओं ने बताया कि चुनाव प्रचार के दौरान कांग्रेस ने पैसे देने का वादा किया था। यह भी कहा था कि 5 जून को पैसे लेने आ जाएं। अब इंडी गठबंधन ने अच्छा प्रदर्शन किया है। इसलिए हम गारंटी कार्ड जमा करने आए हैं।पत्रकारों से महिलाओं ने कहा- कांग्रेस की सरकार बनाने के लिए बड़ी नमाज पढ़ी, दुआ मांगी। भोलेनाथ के सामने हाथ जोड़कर पूजा की। अब तो सरकार बन जाएगी। कार्यालय में चुनाव पूर्व वादे के अनुसार स्वागत नहीं होने से नाराज एक महिला ने कहा- कांग्रेस दफ्तर कुछ बता नहीं रहा है। कई फॉर्म्स जमा कर लिए गए। जमा करने के बाद स्लिप भी दी गई है। कुछ महिलाओं ने कहा कि जिनके पास कार्ड नहीं है, उन्हें दोपहर बाद बुलाया गया है।मुस्लिम महिलाएं अपना-अपना पहचान-पत्र समेत अन्य डॉक्यूमेंट्स लेकर कांग्रेस दफ्तर पहुंची थीं। महिलाओं ने अपने हाथों में कांग्रेस का गारंटी कार्ड भी लिया था। इसमें एक लाख रुपए के वेतन के अलावा हर शिक्षित युवा को पक्की नौकरी



देने का वादा किया गया है। एक महिला ने विश्वास जताया कि कांग्रेस अपना वादा पूरा करेगी और महिलाओं के खाते में पैसे आएंगे। एक मुस्लिम महिला ने बताया - ये अपने एरिया में मोटी-मोटी गड्डियां बांट रहे हैं और हमें कुछ नहीं दे रहे। एक महिला ने कहा कि वो छोटे बच्चे को घर में छोड़कर आई है। एक अन्य मुस्लिम युवती ने कहा कि अगर पैसे नहीं देने हैं तो इन लोगों को स्पष्ट बोल देना चाहिए। कांग्रेस प्रवक्ता सीपी राय ने कहा कि कांग्रेस की 5 गारंटी लोगों तक पहुंच गई हैं। सरकार बनने पर जो वादे किए हैं वो पूरा करेंगे। महिलाओं का कांग्रेस पर भरोसा है। हमने जुलाई तक पैसे देने का वादा किया था। अगर सरकार बनेगी तो कांग्रेस ने जो कहा है, वो पूरा करेगी। गारंटी कार्ड में मांगी गई है पूरी जानकारी गारंटी कार्ड में नीचे के ओर नाम, उम्र, घर में मतदाताओं की संख्या, पता, मोबाइल नंबर जैसी जानकारी दर्ज करने के लिए खाली स्थान दिए गए हैं। साथ ही एक क्यूआर कोड भी दिया गया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने दिल्ली में 3 अप्रैल को महालक्ष्मी योजना लागू करने की बात कही थी। वादा किया था कि इस योजना में गरीबी रेखा से नीचे से संबंधित परिवारों की मुखिया महिला के खाते में सीधे 8,500 रुपए प्रति माह जमा किए जाएंगे। यह योजना कांग्रेस के नेतृत्व वाली कर्नाटक सरकार की गृह लक्ष्मी गारंटी योजना के समान है, जिसमें गरीब परिवारों की महिलाओं को 2,000 रुपए का भुगतान किया जाता है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने चुनाव प्रचार के दौरान सभाओं में कहा कि भाजपा वाले 22 अरबपति बना रहे हैं। हम करोड़ों लखपति बनाएंगे। हर परिवार से एक महिला चुनी जाएगी। उन करोड़ों महिलाओं के खाते में एक लाख रुपए भेजे जाएंगे।

यानी महीने 8,500 रुपया खाते में खटाखट-खटाखट जाएगा।ये पैसे आएंगे कहां से यह स्पष्ट नहीं और यदि जनता की गाढ़ी कमाई के टैक्स से सरकार इसे देगी तो विश्व की पांचवीं अर्थव्यवस्था और सबसे तेज विकास दर का क्या होगा ? इस सवाल का जवाब आप पार्टी की पंजाब सरकार को भी देना चाहिए जिसकी आर्थिक स्थिति पतली है। गत वर्ष कर्नाटक हाईकोर्ट के चामराजपेट विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस के पांच गारंटी को भ्रष्ट आचरण मानने से इंकार को शीर्ष कोर्ट में चुनौती दी गई थी जिसे सर्वोच्च न्यायालय के जस्टिस सूर्यकांत और केवी विश्वनाथन की पीठ ने दलील को अस्वीकार कर उचित निर्णय के लिए खुला छोड़ दिया था। अब देखना है वारंटी गारंटी की राजनीति क्या मोड़ लेती है ? गारंटी पीएम मोदी भी देते रहे हैं और गठबंधन सरकार में गारंटी पूरी करना आसान नहीं है ।

# जमीन विवाद में गोलियों की आवाज से गूंजा अखरा चौक

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** जमीन विवाद को लेकर एक बार फिर से राजधानी के पुरानी रांची के अखरा चौक में बुधवार देर रात 12 बजे दो गुटों के बीच जमकर मारपीट और गोलीबारी हुई। अचानक ताबड़तोड़ गोलियों की तड़तड़ाहट से पुरानी रांची और बड़ा तालाब का पूरा इलाका दहशत में आ गया। दोनों ओर से हुई गोलीबारी में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक को गोली लगने के बाद उसे आननफानन में रिम्स ले जाया गया है।

इधर, देर रात हुई इस घटना के बाद लोगों की भीड़ घटनास्थल पहुंची। कुछ लोगों ने मामला शांत कराने की कोशिश की लेकिन युवक को गोली लगने पर लोगों का गुस्सा भड़क उठा। रात में ही दर्जनों लोग कोतवाली थाना पहुंच गए और नाइट डयूटी पर मौजूद डीएसपी और थाना प्रभारी के खिलाफ जमकर नारेबाजी करने लगे पीड़ितो का कहना है कि पुलिस दोषियों को भगा कर निर्दोष लोगों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है।

### पुरानी रांची में जमीन मामले पर हुआ विवाद

पुरानी रांची में डाली कटारी जमीन पर आदिवासी समुदाय अपना दावा करते हैं, जिसे वहां के कुछ लोग बिल्डर के साथ बेचना चाहते हैं। इस मामले में रिपुंजय प्रसाद सिंह और उनके सहयोग गगन कच्छप का नाम सामने आ रहा है। कोतवाली थाना प्रभारी ने बताया कि इसी जमीन को लेकर फरवरी माह में बिल्डर द्वारा चार दिवारी खड़ा करने पर स्थानीय लोगों ने दिवार गिरा दिया था, जिसके बाद स्थानीय लोगों पर बिल्डर ने थाना में मामला दर्ज कराया था।

## एक नजर

### बाइक सवार ने ठेला को मारी ठोकर, आग लगने से बाइक जलकर खाक

**खूंटी।** कर्रा-तोरपा मुख्य मार्ग पर जरियागढ़ थाना क्षेत्र के बाला मोड़ के पास गुरुवार की रात लगभग आठ बजे एक बाइक सवार युवक ने ठेला को ठोकर मार दी। इससे हालांकि ठेला वाला और बाइक चालक दोनों घायल हो गये, लेकिन दुर्घटना के बाद बाइक में आग लग गई और पूरी मोटरसाइकिल जलकरर खाक हो गई। जानकारी के अनुसार कर्रा थाना क्षेत्र के डुमारी गांव निवासी धनेश्वर गोप चाय पकौड़ा का ठेला लेकर बाला मोड़ की ओर से अपने गांव लौट रहा था। बाला मोड़ से लगभग चार सौ मीटर की दूरी पर जारी गांव निवासी सुनील उरांव ने ठेला को जोरदार ठोकर मार दी। इससे दोंनो घायल हो गये और बाइक में आग लग गई। घटना की जानकारी मिलते ही तोरपा रेफरल अस्पताल के प्रभारी एंबुलेंस लेकर घटनास्थल पर पहुंचे और दोनों घायलों कों अस्पताल में भर्ती कराया।

### खान सुरक्षा के डायरेक्टर ने किया निरीक्षण

**हजारीबाग।** पूर्व मंत्री योगेंद्र साव की शिकायत पर श्रम व रोजगार मंत्रालय के खान सुरक्षा महानिदेशालय रांची के डिप्टी डायरेक्टर हनुमंत राव ने गुरुवार को गांवों का निरीक्षण किया। चट्टीबारियातू व केरेडारी कोयला परियोजना से प्रभावित गांव पहुंचकर जानकारी ली। इस दौरान हैवी ब्लास्टिंग से पड़े घरों में दरार, उड़ते प्रदूषण, जोरदाग में तालाब का अतिक्रमण करने को देखकर अधिकारियों ने संबंधित परियोजना कर्मियों को खरी खोटी सुनायी। बिरहोर टोला पहुंचने पर खनन क्षेत्र से अति नजदीक होने, जोरदाग स्कूल के समीप किया जा रहे ओबी डंप पर अधिकारियों ने नाराजगी जतायी। जांच रिपोर्ट बनाकर अधिकारी साथ ले गये। मौके पर पूर्व मंत्री योगेंद्र साव, विधायक प्रतिनिधि सुरेश साव, प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सह बीस सूत्री उपाध्यक्ष रविंद्र गुप्ता, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि सुंदर गुप्ता, आदित्य साव, किशोर साव समेत कई लोग मौजूद थे।

# महिलाओं ने धूमधाम से मनाया वट सावित्री का पर्व



**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग**
लापुंग प्रखंड के विभिन्न गांवों में अखंड सुहाग का पर्व वट सावित्री व्रत पूजा धूमधाम से आयोजित की गई। सुहागिन महिलाओं ने सोलह श्रृंगार कर विधिवत पूजा अर्चना की और अखंड सौभाग्य का वर मांगा। सुहागिन महिलाओं ने अपने पति के दीघार्यु होने की कामना कर महिलाएं निर्जला उपवास कर वट सावित्री की पूजा किए। इस पूजा में महिलाए सोलह श्रृंगार कर वट पेड़ के नीचे सावित्री और सत्यवान की कहानी सुनीं और वट वृक्ष पर पति की लंबी आयु के लिए धागा लपेटा। जिस तरह वट पेड़ की लंबी आयु होती है उसी तरह पति की आयु भी लंबी हो ऐसी कामना करती हुई पूरे आस्था और विश्वास के साथ पूजा अर्चना किया। लापुंग, रायटोली, जातालोया, दोलैचा, ककरिया, देवगांव, नावाटोली, फतेहपुर, अकमरोमा, चम्पाडीह, कारुम, पोकटा, फतेहपुर, डाडी, मालगो, हुलसू, महुगांव, परसा, सुकुरहुटू दानेकेरा सारंगलोया लालगंज, बड़काकुरा, लेटे, गुदगुद सहित प्रखंड मुख्यालय में महिलाओं को धूमधाम से पूजा अर्चना करते देखा गया। मुख्य पुजारी राजकुमार पाठक ने सेमला, दोलैचा सहित विभिन्न गांवों में महिलाओं को पूजा अर्चना कराई और सत्यवान एवं सावित्री की कथा सुनाई। पूजा अर्चना के उपरांत घर आकर पति के पैर धोकर धोकर आरती उतारी और तिलक लगाया। प्रसाद खिलाकर पति से आशीर्वाद प्राप्त किया। इसी के साथ सुहागिन महिलाओं ने अपना व्रत तोड़ा। इस मौके पर गांव में काफी उत्साह और उल्लास देखा गया।

## वट-सावित्री पर्व श्रद्धापूर्वक मनाई गई



**मांडर/चान्हो।** क्षेत्र में गुरूवार को वट सावित्री व्रत श्रद्धापूर्वक मनाई गई। वट-सावित्री पर्व पर सोलह श्रृंगार कर सुहागिनों ने पति की लंबी आयु के लिए व्रत रखा। जगह जगह पति की लम्बी उम्र के लिए सुहागिनों ने किए वट सावित्री की सामूहिक रूप से विधि विधान के साथ वट वृक्ष की पूजा की इस दौरान सुहागिनों ने वट वृक्ष के चारो तरफ परिक्रमा करते हुए मौली सूत के धागे लपेटी और मान्यता के अनुसार ताड़ व वांस के पंखे से वट वृक्ष को हवा भी दी। पूजा अर्चना के बाद सत्यवान और सावित्री की कथा का श्रवण सामूहिक रूप किया। पूजा अर्चना के बाद ब्राह्मणों को दान पुण्य कर परोहितों से आशीर्वाद लिया। इस दौरान महिलाओं ने एक दूसरे को सिंदूर लगाकर अखंड सौभाग्य वती का आशीर्वाद लिया। क्षेत्र के सहित आसपास के शिव मंदिरों में पूजा करने वालों का सुबह से ही तांता लगा रहा।

### अखंड सौभाग्य के लिए महिलाओं ने की वट सावित्री की पूजा

खलारी। खलारी में महिलाओं ने अखंड सौभाग्य और परिवार की समृद्धि के लिए वट सावित्री पूजा की। सुहागिन स्त्रियों ने सुबह से उपवास रखा तथा श्रृंगार कर नजदीक के वट वृक्ष की पूजा करने गई। विधान के अनुसार वट वृक्ष की परिक्रमा कर सूत लपेटा। पूजा के दौरान वट वृक्ष को पंखा झला। पुजारी द्वारा सावित्री सत्यवान की कथा सुनाई गई। पूजन के उपरान्त सुहागिनें घर आकर अपने पति को भी पंखा झली और प्रसाद खिलाया। त्योहार को लेकर घरों में विशेष पकवान बनाए गए।

## अखंड सौभाग्य के लिए महिलाओं ने की वट सावित्री की पूजा



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**
खलारी में महिलाओं ने अखंड सौभाग्य और परिवार की समृद्धि के लिए वट सावित्री पूजा की। सुहागिन स्त्रियों ने सुबह से उपवास रखा तथा श्रृंगार कर नजदीक के वट वृक्ष की पूजा करने गई। विधान के अनुसार वट वृक्ष की परिक्रमा कर सूत लपेटा। पूजा के दौरान वट वृक्ष को पंखा झला। पुजारी द्वारा सावित्री सत्यवान की कथा सुनाई गई। पूजन के उपरान्त सुहागिनें घर आकर अपने पति को भी पंखा झली और प्रसाद खिलाया। त्योहार को लेकर घरों में विशेष पकवान बनाए गए।

### तीन किलोग्राम अफीम के साथ युवक गिरफ्तार

**कोडरमा।** रेल एसपी की गुप्त सूचना पर ऑपरेशन नार्कोस के तहत आरपीएफ और जीआरपी की संयुक्त कार्रवाई में बुधवार की देर शाम कोडरमा स्टेशन से एक युवक को लगभग तीन किलोग्राम अफीम के साथ गिरफ्तार किया. इसका अनुमानित मूल्य चार लाख रुपये बताया गया. आरपीएफ निरीक्षक दीपक कुमार ने बताया कि रेल एसपी को मिली गुप्त सूचना पर कोडरमा स्टेशन पर चेकिंग अभियान चलाया गया. इस दौरान प्लेटफार्म संख्या 4 फुट ओवरब्रिज के निकट संदिग्ध परिस्थिति में पिट्ठू बैग लिए खड़े एक युवक से पूछताछ की गई. शक के आधार पर अंचलाधिकारी गितेंद्र टीटे की मौजूदगी में उसके बैग की तलाशी ली गई तो उसमें से रैपर में बंधा लगभग तीन किलोग्राम अफीम बरामद किया गया.

# समर कैंप में बच्चों को दी जा रही है नैतिक एवं आध्यात्मिक मूल्यों की शिक्षा



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**
ब्रह्माकुमारीज गीता पाठशाला सुभाष नगर में तीन दिवसीय निशुल्क समर कैंप की शुरूआत की गई। 8 जून तक चलने वाले इस समर कैंप से 6 से 11 वर्ष के बच्चे भाग ले रहे हैं। कैंप का उद्घाटन मुख्य अतिथि सुनील कुमार ने दीप प्रज्ज्वलित कर तथा केक काटकर किया। सुनील कुमार ने आध्यात्म का अर्थ समझाते हुए कहा कि अपने व्यवहार पर नियंत्रण, वाणी व दिनचर्या में अनुशासन होना चाहिए। कहा कि जो व्यक्ति अपने जीवन में अनुशासन रखता है वहीं सफलता की सीढ़ी चढ़ता है। गीता पाठशाला की ब्रह्माकुमारी प्रीति बहन ने बच्चों में आध्यात्मिक सशक्तिकरण के लिए राजयोग मेडिटेशन की पद्धति समझाई। साथ ही रचनात्मक गतिविधि के माध्यम से बच्चों में नैतिक मूल्यों को बढ़ावा दिया। आत्म विश्वास बढ़ाने के लिए व्यावहारिक उदाहरण के साथ, सहज विधि साझा की। बच्चों को खेल-खेल में संगीत व्यायाम कराया, जिससे वे तन-मन की एकाग्रता को प्राप्त कर सकें। कार्यक्रम में नृत्य, कविता, कहानियों के माध्यम से स्वस्थ सुझाव बताए गए। सभी बच्चों को ब्रह्मा भोग दिया गया। कैंप में पहले दिन बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कैंप प्रतिदिन सुबह 8 से 11 बजे तक चलेगा। इसमें पेपर आर्ट एवं क्राफ्ट, खेल, नैतिक शिक्षा एवं आध्यात्मिक मूल्यों की शिक्षा दी जा रही है। कैंप में रामधनी भाई, संजय भाई, प्रेमचंद भाई, गीता बहन, आरती बहन, मोहनी बहन सहित अन्य का सराहनीय योगदान है।

> बच्चों को खेल-खेल में संगीत व्यायाम कराया, जिससे वे तन-मन की एकाग्रता को प्राप्त कर सकें। कार्यक्रम में नृत्य, कविता, कहानियों के माध्यम से स्वस्थ सुझाव बताए गए

## न्यूज बॉक्स

### आबादी के करीब पहुंच रहा केडीएच खदान, चारदीवारी हुआ जरूरी



खलारी। सीसीएल एनके एरिया अंतर्गत केडीएच खदान का विस्तारीकरण जामुनदोहर की ओर किया जा रहा है। जामुनदोहर बस्ती को हटाने की प्रक्रिया जारी है। बस्ती के कुछ घरों का मुआवजा दे दिया गया है वहीं षेश घरों के मुआवजा देने के लिए आवष्यक कागजात मांगे गए हैं तथा जिन्होंने कागजात दे दिया है उनके भुगतान की प्रक्रिया जारी है। खदान विस्तार के लिए इस बस्ती को जल्द ही खाली करा दिया जाएगा। इसी क्रम में खनन कार्य जामुनदोहर आबादी के करीब तक आ गया है। खदान के निकट से लोग आवागमन भी कर रहे हैं। खदान के जिस भाग में देर से खनन होना है वहां सुरक्षा के दृश्टिकोण से अस्थाई चारदीवारी बनाने की आवष्यकता है। बस्ती तक पहुंचने की कच्ची सड़क खनन में समाप्त हो गई है। जामुनदोहर सहित करकट्टा-विश्रामपुर कालोनी व आसपास के लोग बाजार जाने के लिए खदान के करीब से आवागमन कर रहे हैं। मवेशी भी चारा की खोज में खदान के करीब पहुंच जा रहे हैं। तत्काल अस्थाई चारदीवारी कर खदान क्षेत्र को आवगमन के लिए वर्जित किया जा सकता है।

### एमडीसीडब्लूएल ने मनाया पर्यावरण दिवस, हुआ पौधरोपण



**खलारी।** विश्व पर्यावरण दिवस को लेकर मोनेट डेनियल कोल वासरी लिमिटेड प्रबंधन द्वारा पर्यावरण दिवस मनाया गया। कंपनी के वरिष्ठ महाप्रबंधक देवेन्द्र सिंह ने वाशरी क्षेत्र में पौधारोपण किया। उन्होंने सभी से पर्यावरण संरक्षण के लिए जिम्मेदार होने तथा एक पौधा लगाने का आग्रह किया। इस मौके पर डीजीएम मनोज स्वाईं, राजषेखर, राजीवरंजन चौधरी, कुणाल सिंह, देवकांत तिवारी सहित सभी कर्मचारी मौजूद थे।

### रोहिणी में लिया गया पर्यावरण सुरक्षा शपथ




खलारी। रोहिणी परियोजना में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर पीट आफिस पर उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों ने पर्यावरण सुरक्षा की शपथ ली। उसके बाद रोहिणी अमृत वाटिका में पौधारोपण किया गया। इस मौके पर विकास चौधरी, सतपाल सिंह, सुजीत कुमार, दिव्य प्रकाश, सुधीरकुमार सिंह आदि मौजूद थे।

### सेवानिवृत्त फोरमैन एंथ्रेक्स एक्का को दी गई विदाई



**खलारी।** पुरनाडीह परियोजना से सेवानिवृत्त फोरमैन एंथ्रेक्स एक्का को विदाई दी गई। परियोजना के नजदीक दामोदर नदी तट पर साथी कर्मचारियों द्वारा विदाई समारोह का आयोजन किया गया। उपस्थित अधिकारी व कामगारो ने एंथ्रेक्स एक्का को माला पहनाकर व शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। उन्हें उपहार भेंट किया। प्रोजेक्ट इंजीनियर राजीव रंजन ने कहा कि एंथ्रेक्स एक्का ने पूरी ईमानदारी के साथ अपनी पूरी सेवा कंपनी को दी है। ये जहां भी रहे अपने परिवार के साथ स्वस्थ व खुशहाल रहें। वही साथी कामगारों ने भी उनके सुखमय जीवन की कामना की। इस मौके पर प्रोजेक्ट इंजीनियर राजीव रंजन, सुबोध शर्मा, राजीव भूमिक, सुबोध मिंज, कामेश्वर महतो, कोलेश्वर महतो, जेधुवा महतो, भदवा मुंडा, नंदकिशोर मुंडा, ठाकुरा गंझू आदि उपस्थित थे।

### भाजपा संगठन महामंत्री ने दिवंगत विनोद साहू के परिजनों से मुलाकात कर ढांढस बंधाया



**सिल्ली।** प्रखंड अंतर्गत गुरुवार के दिन शाम भाजपा संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह भाजपा नेता शशिभूषण भगत बांसारूली गांव पहुंचकर उनके परिजनों से मुलाकात कर पूरे परिवार को ढांढस बंधाया एवं सांत्वना दी। परिवार से मिलकर पूरे घटना की विस्तृत जानकारी लिया और कहा कि दिवंगत नेता के आकस्मिक निधन से हमारा हृदय काफी दुःखी और मर्माहत है। इस दुःख की घड़ी में पूरा भाजपा परिवार साथ में खड़ा है और हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। परिजनों से कहा कि विनोद साहू भाजपा के सच्चे सिपाही के साथ साथ कर्मठ और जुझारू नेता भी थे। जिसकी कमी हम लोगों को हमेशा खलती रहेगी।वह पार्टी के लिए और भी कई सराहनीय कार्य किये जो अविस्मरणीय है साथ ही साथ संगठन को मजबूत करने में काफी योगदान रहा। मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता शशिभूषण भगत, जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो, जिला उपाध्यक्ष विनय महतो धीरज, मनोज चौधरी, शिवलाल महतो, भोला मांझी,अमित महतो, अम्बुज रजक,चंदन गोस्वामी, पंकज कुम्हार समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## सांसद कालीचरण मुंडा पहुंचे उलिहातू, धरती आबा को किया नमन



**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**
खूंटी के नवनिर्वाचित सांसद कालीचरण मुंडा गुरुवार को धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के गांव उलिहातू पहुंचे। वहां पूरे गांव के लोग पहले से ही फुलमाला व ढ़ोल-नगाड़ा लेकर अपने सांसद के स्वागत में खड़े थे। स्थानीय लोगों ने सांसद को फुल मालाओं से लाद दिया और पारंपरिक तरीके से नाच-गाकर अपने सांसद का स्वागत किया। बिरसा मुंडा के वंशज सुखराम मुंडा ने कालीचरण मुंडा को बुके देकर स्वागत करने के साथ देशहित में काम करने के लिए आशीर्वाद दिया। सांसद कालीचरण मुंडा बिरसा ओड़ा गए, जहां कोरोन पाहन ने पूजा-पाठ कराया। बाद में सांसद ने बिरसा कॉम्प्लेक्स जाकर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस मौके पर सुखराम मुंडा, पांडेया मुंडा, बिनसाय मुंडा, सुरजू हस्सा समेत अन्य ग्रामीण उपस्थित थे। कालीचरण मुंडा ने कहा कि महज 25 वर्ष की उम्र में भगवान बिरसा मुंडा ने देश के लिए अपना बलिदान दे दिया। उनके साथ उनके कई अनुयायी देश के लिए कुर्बान हुए। बिरसा मुंडा समेत अन्य शहीदों की बदौलत आज हम आजाद भारत में पूरी स्वतंत्रता के साथ जी रहे हैं। सांसद ने कहा कि बिरसा मुंडा ने जल, जंगल, जमीन की रक्षा के लिए लड़ाई लड़ी। उनकी अधुरी लड़ाई को आगे पहुंचाकर एक बेहतर खूंटी और बेहतर भारत के निर्माण के लिए काम करूंगा। उन्होंने कहा कि यहां के लोग बहुत ही भोले-भाले हैं। यहां के लोगों के विकास और बेहतर समाज के निर्माण के लिए लिए हर जरूरी काम करूंगा।

### बेड़ो प्रखंड के 107 बूथों में से कांग्रेस पार्टी को सिर्फ नौ बूथों पर दहाई अंक में वोट मिले

# सात बूथ ऐसे रहे जहां भाजपा को सबसे अधिक नुकसान हुआ



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**
लोहरदगा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र का परिणाम घोषित होने के बाद बेड़ो प्रखंड के विभिन्न गांवों के अखरा, गांवों के चौक चौराहों तथा चाय की दुकान पर अभी चर्चा चल रही है कि किस बूथ पर किसे अधिक वोट पड़े। कांग्रेस के विजेता प्रत्याशी सुखदेव भगत के समर्थकों में भारी उत्साह और उल्लास देखा जा रहा है। वहीं भाजपा के पराजित प्रत्याशी समीर उरांव के समर्थकों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं में थोड़ी मायूसी छा गई है । चर्चा है की किस बूथ में सुखदेव भगत को बंपर वोट मिली है और किन बूथों में भाजपा पिछड़ गई है। चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार बेड़ो प्रखंड के 64 बूथों में कांग्रेस को बढ़त मिली है जबकि भाजपा को केवल 43 बूथों पर ही बढ़त मिल पाईं है।

**कांग्रेस को सबसे अधिक निम्नांकित 11 बूथों पर सबसे अधिक वोट मिले हैं**

292-उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय जरा टोली - 799, 212- राज उत्क्रमित मवि उर्दू चचकपी - 683 213-उत्क्रमित प्राथमिक वि चचकपी-607, 215-राप्रावि टिकराटोली-568, 221-राज उमवि केशा-560, 294- राज उमवि उर्दू करांजी - 513, 252-राज प्रावि कोटपाली - 488, 301- राज उच्च वि घाघरा - 477 225 - राज मवि जरिया - 470 263 - उप्रावि करकरी टंगराटोली 267 - राज उमवि बिल्टी - 466

### पढ़ाई में बच्चों की रुचि बढ़ाने के लिए पंचायत स्तरीय शिक्षा संगम कार्यक्रम का आयोजन

**खूंटी।** ओकड़ा गांव में गुरुवार को पंचायत स्तरीय शिक्षा संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत गर्मियों की छुटियों के दौरान बच्चों को पढ़ाई से जोड़े रखने के लिए शिक्षा विभाग और सिनी टाटा ट्रस्टस के सयुंक्त प्रयास से किया जा रहा है। इसकी शुरूआत जिला अतिरिक्त कार्यक्रम पदाधिकारी द्वारा सेकरे गांव से किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिले के सभी प्रखंडों के विभिन्न गांवों और विद्यालयों के पोषक क्षेत्रों में किया जा रहा है। कार्यक्रम में अभिभावक और बच्चें बढ़-चढ़ कर भाग ले रहे है। कार्यक्रम में बच्चों के साथ एफएलएन से सम्बंधित गतिविधियों तिल्ली और बंडल से संख्या का जोड़, घटाओ, गुणा, स्थानीय मान, हिंदी में फोर ब्लॉक्स अप्रोच और इमरजेंट राइटिंग कराई जा रही है तथा पुस्तकालय की गतिविधियां जैसे रीड अलाउड, बुक टॉक, शेयर रीडिंग आदि गतिविधियां की जा रही हैं, ताकि बच्चों में पढ़ाई की रुचि के साथ आदत बन जाए।

## लौकी की फसलों को रौंदकर किया नुकसान

# जंगली हाथी किसानों के फसलों को पहुंचा रहे नुकसान



**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली**
सिल्ली प्रखंड के बासुडीह गांव एवं आसपास के किसान इन दिनों हाथियों के आतंक से परेशान है। जंगली हाथी प्रतिदिन रात में गांव में आ धमकते हैं और किसानों के खेतों में लगी धान समेत अन्य फसल को बर्बाद कर रहे हैं। बीते बुधवार की रात भी हाथियों के झुंड ने किसानों के खेतों में लगी लौकी की फसलों को रौंदकर बर्बाद कर दिया है। इससे किसान भयभीत एवं परेशान हैं।बासुडीह निवासी तारकेश्वर महतो, व भोला नन्द महतो ने बताया की बीते रात 12 की संख्या में हाधियों के झुंड के द्वारा लगभग 1 एकड़ से अधिक जमीन पर लगे फसल को नुकसान पहुंचा है। स्थानीय किसानों ने बताया कि हाथियों के द्वारा प्रतिदिन कुछ ना कुछ फसल को क्षति पहुंचाई जा रही है। किसानों के द्वारा कई बार इसकी लिखित सूचना वन विभाग को दिया गया। लेकिन अभी तक न तो वन विभाग के पदाधिकारियों के द्वारा जंगली जानवरों से फसलों को हुए नुकसान का आकलन कर मुआवजा दिलाने का प्रयास किया गया और ना ही हाथियों को भगाने के लिए कोई प्रयास शुरू किया गया है। इस संबंध वन विभाग के गौतम बोस ने बताया कि हाथी को भगाने के लिए गस्ती दल का गठन किया गया है। जल्द ही किसानों के नुकसान हुए फसल का आकलन कर मुआवजा दिलाने का प्रयास किया जाएगा।

### अगले चार वर्षों में सभी रेल फाटक हो जाएंगे बंद : डीआरएम

**धनबाद।** अंतर्राष्ट्रीय लेवल क्रॉसिंग दिवस के दिन धनबाद डीआरएम कमल किशोर सिन्हा ने कहा कि अगले चार वर्षों के अंदर धनबाद रेल डिवीजन में एक भी रेलवे क्रॉसिंग फाटक नहीं रहेगा। सुरक्षा को लेकर आयोजित जागरूकता रैली और नुक्कड़ नाटक के दौरान उन्होंने आम लोगों से अनाधिकृत रेलवे लाइन न पार करने का आग्रह किया। उन्होंने लोगों से सुरक्षित यात्रा करने की भी अपील की। एक प्रेस वार्ता के दौरान डीआरएम कमल किशोर सिन्हा ने बताया कि 2023 - 24 वित्तीय वर्ष के दौरान धनबाद रेल डिवीजन के अंतर्गत 19 रेलवे फाटकों को बंद कर दिया गया था। वहीं इस नए वित्तीय वर्ष में 15 और रेल फाटक बंद किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि अब तक 120 रेल फाटक धनबाद रेल डिवीजन के अंतर्गत बचे हुए है।

## खूंटी चैंबर ऑफ कॉमर्स और डालसा ने दो स्थानों में की पेयजल की व्यवस्था




**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी** खूंटी चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज और जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को शहर के दो प्रमुख स्थानों भगतसिंह चौक और नेताजी चौक में राहगीरों के लिए शुद्ध पेयजल का स्टॉल लगाया गया। डालसा सचिव राजश्री अपर्णा कुजूर और चैम्बर सचिव मुकेश जायसवाल ने भगत सिंह चौक में संयुक्त रूप से फीता काट कर पेयजल काउंटर का शुभारंभ किया। मौके पर डालसा सचिव ने कहा कि इस भीषण गर्मी में राहगीरों को शुद्ध पेयजल के लिए परेशानी न हो, इसलिए खूंटी चैम्बर से मिलकर इस पेयजल स्टॉल की शुरूआत की गई है। चैम्बर सचिव ने कहा कि भीषण गर्मी में प्यासे को पानी पिलाने से आत्मिक शांति मिलती है। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी से लोगों को राहत मिल सके, ऐसा प्रयास खूंटी चैम्बर द्वारा किया जा रहा है। इस अवसर पर चैम्बर के कोषाध्यक्ष अनूप साहू , कार्यकारी सदस्य विश्वजीत देवघरिया, दीपक सिंह, दिलीप कर, शशांक कुमार, राजकुमार जायसवाल, अमित जैन, खूंटी चैम्बर के पूर्व उपाध्यक्ष प्रशांत भगत ,खूंटी कोर्ट के देवराज भगत, चंदन कुमार आदि उपस्थित थे।

# सुहागिनों ने अखंड सौभाग्य के लिए किया वट सावित्री पूजा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी रांची सहित राज्य के सभी हिस्सों में गुरुवार को वट सावित्री का पर्व धूमधाम से मनाया गया। सुहागिन महिलाएं सुबह में स्नान करने के बाद वटवृक्ष के नीचे एकत्रित हुईं और विधि विधान से पूजा कर कच्चे धागे को पेड़ में बांधते हुए अखंड सौभाग्य के लिए अपने पति के दीघार्यु होने की कामना की। रांची के पहाड़ी मंदिर सहित विभिन्न मंदिरों में भी सुहागिन महिलाओं ने पूजा-अर्चना कर वट सावित्री की कथा सुनी। इस दौरान दान पुण्य देकर अखंड सौभाग्य की कामना की। महिलाओं ने एक दूसरे को सिंदूर लगाकर और बड़ों के पैर छूकर आशीर्वाद लिया। इस दिन विवाहित महिलाएं अपने पति की रक्षा और वैवाहिक सुख के लिए व्रत रखती हैं और वट वृक्ष के चारों ओर धागा बांधकर 108 बार परिक्रमा करती हैं। इसका बहुत महत्व बताया जाता है। हिंदू धर्म की मान्यता के अनुसार ज्येष्ठ मास की अमावस्या के दिन वट सावित्री की पूजा की जाती है। इस दिन महिलाओं द्वारा उपवास रखा जाता है, जो बरगद के पेड़ की पूजा करती हैं। शास्त्रों के अनुसार वट सावित्री व्रत को करवा चौथ जितना ही महत्वपूर्ण बताया गया है। ऐसा माना जाता है कि ज्येष्ठ अमावस्या के दिन ही सावित्री अपने मृत पति सत्यवान के प्राण को यमराज से वापस ले आई थीं। तब से विवाहित महिलाएं हर साल ज्येष्ठ अमावस्या के दिन वट सावित्री व्रत रखती हैं और अपने पति की लंबी उम्र की कामना करती हैं।



रांची में 'वट सावित्री पूजा' के अवसर पर जेठ अमावस्या गुरुवार को सुहागिन महिलाओं ने अपने सुहाग की रक्षा और पति के दीघार्यु की कामना को लेकर वट सावित्री का निर्जला व्रत रख पूजा अर्चना की। साथ ही महिलाओं ने अखंड सौभाग्य का वर मांगा। वट सावित्री पूजा को लेकर वट वृक्ष यानी बरगद के तले सुबह से ही व्रती महिलाओं का तांता लगा रहा। सुहागिन महिलाओं ने कच्चा सूत बांध परिक्रमा कर व फल व पकवान के साथ विधि-विधान से पूजा किया।

## एक नजर

### झालसा ने गर्मी से राहत दिलाने के लिए बांटी सामग्री

**रांची।** न्यायामूर्ति-सह-कार्यपालक अध्यक्ष, झालसा के निर्देश पर प्रचंड गर्मी को देखते हुए ट्रैफिक पुलिस, सब्जी विक्रेता, रिक्शा चालक, फुटपाथ पर दुकान लगाने वाले लोगो के बीच गुरुवार को राहत सामग्री बांटी गयी। पानी का बोतल, ओआरएस, ग्लूकोन-डी, आम पन्ना, नींबू पानी का हुआ वितरण।

### बंगाल से चुराये बाइक से रांची में करते थे छिनतई

**रांची।** सुखदेव नगर थाना ने पिछले दिन एंटीक्राइम चेकिंग के दौरान स्कूटी में सवार दो अज्ञात व्यक्ति को रोक कर गाड़ी का कागजात देखने पर पता चला कि गाड़ी पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी से लाया गया है। इसी गाड़ी के माध्यम से पिछले दिनों रातू रोड दुर्गा मंदिर के पास डेढ़ लाख रुपए की छिनतई की घटना को अंजाम दिया गया था। इसमें दो लोग शामिल थे दोनों जलपाईगुड़ी के रहने वाले हैं। दोनों की पहचान विजय ग्वाला (32 वर्ष ) और रवि ग्वाला (35 वर्ष ) के रूप में हुई है।

### जेपीएससी असैनिक बैकलॉग परीक्षा आज

**रांची।** झारखण्ड लोक सेवा आयोग की ओर से आयोजित झारखण्ड संयुक्त असैनिक सेवा मुख्य (लिखित) प्रतियोगिता (बैकलॉग) परीक्षा 07 जून, 08 जून व 09 जून को प्रथम पाली 10:00 बजे पूर्वाह्न से 01:00 बजे अपराह्न तक एवं द्वितीय पाली 02:00 बजे अपराह्न से 05.00 बजे अपराह्न तक परीक्षा केन्द्र सेंट अलाईस इंटर कॉलेज पर होना है। परीक्षा केन्द्र पर कदाचारमुक्त वातावरण में परीक्षा का आयोजन कराने एवं विधि-व्यवस्था संधारण हेतु उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी, की प्रतिनियुक्ति की गई है।

# अंतरा व ओरल कॉन्ट्रासेप्टिव पिल्स पर प्रशिक्षण का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन झारखंड की ओर से गुरुवार को परिवार नियोजन कार्यक्रम की अस्थायी विधि अंतरा एवं ओरल कॉन्ट्रासेप्टिव पिल्स पर एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में राज्य के बारह जिलों से दो-दो चिकित्सा पदाधिकारी,जीएनएम ने इस में भाग लिया। दस जून को शेष राज्य के बारह जिलों का प्रशिक्षण होगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. सीके शाही, निदेशक प्रमुख स्वास्थ्य सेवाएं के द्वारा किया गया। मौके पर स्वास्थ्य विभाग के उपनिदेशक डॉ. लाल मांझी, तथा डॉ. उमा सिन्हा उपाधीक्षक जीवीआई ने प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित किया। निदेशक प्रमुख ने कहा कि अंतरा तथा ओरल कॉन्ट्रासेप्टिव पिल्स परिवार नियोजन की अस्थायी विधि है। अंतरा एक गर्भनिरोधक इन्जेक्शन है। यह स्वास्थ्य केन्द्रों पर निःशुल्क उपलब्ध है। अंतरा का इन्जेक्शन प्रत्येक तीन माह पर लगाया जाता है। यह बहुत निजी और गोपनीय तरीका है। ये किसी भी उम्र में लिया जा सकता है, चाहे महिला के बच्चे हुए हों या नहीं। डॉ. पुष्पा ने कहा कि ओरल कॉन्ट्रोसेप्टिव पिल्स का उपयोग अस्थायी विधि के रूप में किया जाता है जिसे लेना काफी आसान होता है। यह विभिन्न प्रकार का होता है जैसे छाया (सप्ताहिक गोली), माला एन, पीओपी एवं इजी पिल्स आदि।

# एसपी ने यातायात पुलिस के लिए किया चश्मा ग्लूकोन डी और ओआरएस का इंतजाम

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



राजधानी रांची में कई दिनों से सूरज की तपिश कम नहीं हो रही है। कड़ी धूप के कारण सभी को परेशानी हो रही है लेकिन ट्रैफिक पुलिस के जवान धूप के कारण सबसे ज्यादा परेशान हैं । इस प्रचंड गर्मी में भी रांची की यातायात पुलिस शहर की यातायात व्यवस्था को संभाल रही है। प्रचंड गर्मी से बचाव के लिए एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने यातायात व्यवस्था में तैनात ट्रैफिक पुलिस के लिए विशेष प्रबंध किया है। ट्रैफिक पुलिस को धूप वाला चश्मा, ग्लूकोन डी, हॉट एंड कोल्ड बोतल और ओआरएस दिया गया है। इसके साथ ही इस भीषण गर्मी में तैनात ट्रैफिक पुलिस के कामकाजों को सराहा गया है। चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि कर्मियों को पहले जो गॉगल्स मिले थे, वे पुराने हो गए थे, इसलिए उनके लिए नए चश्मे मंगवाए गए थे, जिन्हें गुरुवार को सभी ट्रैफिक कर्मियों के बीच वितरित किया गया। ड्यूटी करते समय गॉगल्स पहनने से कर्मियों को धूप से राहत मिलेगी और सड़क पर उड़ने वाली धूल से भी उनकी आंखें सुरक्षित रहेंगी। ट्रैफिक पुलिस कर्मियों को गॉगल्स के अलावा पानी की बोतलें भी बांटी गईं, ताकि वे हर समय अपने साथ पानी रख सकें। पानी की बोतलों के साथ ही कर्मियों को धूप से बचने के लिए कुछ जरूरी दवाइयां और ओआरएस के पैकेट भी दिए गए हैं, ताकि जब भी वे ड्यूटी से फ्री हों, तो ओआरएस का घोल पी सकें। इस अवसर पर एसएसपी की पत्नी भी मौके पर मौजूद थीं। उन्होंने भी कर्मियों को कई गॉगल्स, दवाइयां और पानी की बोतलें प्रदान कीं। एसएसपी ने कहा कि शहर में ट्रैफिक व्यवस्था तभी बेहतर होगी, जब कर्मी स्वस्थ रहेंगे।

# बुढ़ापे का सहारा बनकर विश्वास जीता और उड़ाए 27 लाख रुपये

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र में एक वृद्ध महिला का बुढ़ापे का सहारा बनने का नाटक कर ऑटो चालक ने एक महीने में 27 लाख रुपए महिला के अकाउंट से उड़ा लिया। निर्मला कॉलेज की पूर्व प्रोफेसर रही डॉ. भारती सिन्हा के साथ या घटना घटी है। मामले का उद्भेदन तब हुआ जब उनका भतीजा रोहित सिन्हा (महासचिव युवा कांग्रेस-रांची) ने बैंक पासबुक अपडेट कराया। तब पता चला कि उनके एकाउंट से 27 लाख रुपये एक महीने में निकल गया है। इस कार्य में मुख्य आरोपी सुनील साहू सहित उनके पत्नी, बेटी तथा दोस्त शामिल हैं।

**कुछ इस तरह से प्लानिंग कर घटना को दिया अंजाम :** 80 वर्षीय वृद्ध डॉ. भारती सिन्हा हेसाग में रहती है। वह घरेलू कामकाज के लिए सुनील साहू नामक ऑटो चालक से सहयोग लेती थी। जिस वजह कारण वह भारती सिन्हा का काफी विश्वास पात्र बन गया था। इसी का लाभ उठाकर सुनील साहू और उसकी पुत्री ने भारती सिन्हा के मोबाइल में फोन पे अकाउंट बना लिया। 20 मार्च से लेकर 20 अप्रैल के बीच हर दिन एक लाख रुपए हटिया स्टेशन रोड स्थित मां दुर्गा स्टोर्स व डिजिटल सर्विस केंद्र के संचालक छोटू कुमार के अकाउंट में ट्रांसफर करता रहा। छोटू कुमार के अकाउंट में पैसा ट्रांसफर करने के बाद सुनील साहू शाम में उससे पैसा ले लेता था।

**रांची से भागने की तैयारी में था सुनील साहू का परिवार :** मामले के संज्ञान में आने के बाद जगन्नाथपुर पुलिस सक्रिय हो गई। ऑटो से आरोपी की पत्नी और उनके तीन बच्चे हटिया स्टेशन की ओर जा रहे थे। तभी पुलिस ने सभी को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही मां दुर्गा स्टोर के संचालक छोटू कुमार को भी गिरफ्तार किया। पुलिस ने इन लोगों के पास से 5,27 लाख से अधिक नगद और 3.24 लाख रुपये के जेवरात बरामद किए हैं। पूछताछ के बाद पुलिस ने सुनील साहू की पत्नी, उसकी एक पुत्री और मां दुर्गा स्टोर के संचालक छोटू कुमार को जेल भेज दिया है।

> **ऐसे हुआ मामले का खुलासा**
>
> भारती सिन्हा के भतीजा ने डोरंडा शाखा के एसबीआई ब्रांच जाकर पासबुक को अपडेट कराया। तब मामले का खुलासा हुआ कि 20 लाख 21 हजार रुपए हटिया स्टेशन रोड स्थित छोटू कुमार के अकाउंट में ट्रांसफर हुआ है। इसके बाद उन्होंने जगन्नाथपुर थाना में मामला दर्ज कर न्याय की गुहार लगाई है।

# स्किल डेवलपमेंट उप समिति की बैठक



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

फेडरेशन ऑफ झारखण्ड चैम्बर ऑफ कॉमर्स के स्किल डेवलपमेंट उप समिति की बैठक उप समिति चेयरमैन संतोष अग्रवाल की अध्यक्षता में चैम्बर भवन में संपन्न हुई बैठक में आईटी उप समिति के सहयोग से एक विशेष प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन करने का निर्णय लिया गया जिसका उद्देश्य चैम्बर के सदस्यों को आधुनिक जीएसटी, इन्वेंट्री, एकाउंटिंग सॉफ्टवेयर जैसे मार्ग ईआरपी, टैली ईआरपी के उपयोग में निपुण करना होगा` कार्यशाला में शामिल होकर व्यापारी अपने स्किल को और किस तरह से सशक्त बना सकते हैं इस बात पर चर्चा की गई कौशल विभाग के अंतर्गत झारखण्ड के वो लोग जिनका योगदान सम्पूर्ण भारतवर्ष में रहा हो, जिन्होंने कौशल विकास के क्षेत्र में झारखण्ड का नाम रौशन किया हो उनको झारखण्ड चैम्बर से जोड़ने एवं उनको सम्मानित करने की बात पर भी सहमति बनाई गई। बैठक में चैम्बर अध्यक्ष किशोर मंत्री, उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, उप समिति चेयरमैन संतोष अग्रवाल, मनोज कुमार मिश्रा, अल्तमश आलम, देवनंदन उरांव, यतीन्द्र कृष्णा मिश्रा, ए.के. द्विवेदी, आनंद कोठारी सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### सीसीएल में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक संपन्न

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभागों को किया गया सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




सीसीएल दरभंगा हाउस रांची के नये भवन अवस्थित सभागार में गुरुवार को निलेन्दु कुमार सिंह की अध्यक्षता में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक हुई। इस अवसर पर निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र, महाप्रबंधक (कार्मिक/राजभाषा) संजय कुमार ठाकुर, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्षगण, महाप्रबंधक व राजभाषा नोडल अधिकारी सहित सीसीएल के क्षेत्रों से आए प्रतिनिधि उपस्थित थे। निलेन्दु कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि राजभाषा कार्यान्वयन अत्यंत महत्वपूर्ण है। सभी विभागों के राजभाषा कार्यान्वयन में प्रगतिशील दृष्टिकोण होनी चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि हिंदी की लोकप्रियता के लिए आंतरिक कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाना चाहिए एवं हिन्दी के क्षेत्र में आगे बढने व कठिन कार्य करने के लिए हम सब लोगों को साहस करना होगा। साथ ही हिन्दी में कार्य करने के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए विभिन्न विभागों को जिम्मेदारी दी। निदेशक हर्ष नाथ मिश्र ने कहा कि यह राजभाषा की बैठक ही नहीं है, अपितु हमारे कार्य का ही एक महत्वपूर्ण भाग है। आपसी सहयोग एवं समन्वय से हमें कदम बढ़ाना होगा तभी हम राजभाषा के लक्ष्यों को प्राप्त कर सकेंगे। बैठक में मूल रूप से हिंदी में पत्राचार, टिप्पण आलेखन व अन्य कार्यालयीन कार्य करने संबंधी प्रोत्साहन योजना तथा हिंदी पुस्तक लेखन प्रोत्साहन योजना, इत्यादि पर विस्तार से चर्चा हुई। राजभाषा में विगत तिमाही में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए तकनीकी नगर प्रशासन विभाग, गैर तकनीकी श्रमशक्ति व औद्योगिक विभाग व कुजू क्षेत्र को शील्ड देकर पुरस्कृत किया गया।

# मारवाड़ी महिला शाखा ने तीन स्थानों पर लगाई स्थाई प्याऊ

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

> *जल ही जीवन है जल है तो कल है: मधु सर्राफ*

अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन रांची शाखा द्वारा तीन स्थाई प्याऊ ठंडे पानी की मशीन की व्यवस्था की गई। प्याऊ लगाने का मुख्य उद्देश्य है कि बच्चियों को गर्मी से राहत मिल सके एवं उन्हें शुद्ध स्वच्छ और ठंडा पानी मिल सके। पहला प्याऊ बरियातू स्थित श्याम सर्विस सेंटर में करुणा अग्रवाल के द्वारा लगाया गया। जिसका उद्घाटन मारवाड़ी महिला सम्मेलन रांची शाखा की अध्यक्ष मधु सर्राफ ने की, उन्होंने सभी दानदाताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि स्थाई प्याऊ लगने से सभी को शुद्ध जल हमेशा मिल सकेगा उन्होंने कहा कि जल ही जीवन है जल है तो कल है, दूसरा प्याऊ पर्यावरण दिवस के अवसर पर जगन्नाथपुर बस्ती स्थित बिरसा शिक्षा निकेतन मे कुसुम पटवारी के द्वारा लगाया गया। जिसका उद्घाटन कुसुम पटवारी ने किया। इस अवसर पर स्कूल के बच्चों ने सुमधुर भजन एवं गाना गाकर सभी सदस्यों का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। स्कूल के प्रधानाचार्य ने इस नेक कार्य के लिए सभी बहनों का आभार व्यक्त किया । तीसरा प्याऊ 6 जून को वट सावित्री बट अमावस्या के अवसर पर पितरों के नाम से अपर बाजार रांची स्थित मारवाड़ी गर्ल्स कॉलेज मे मुन्नी देवी पोद्दार के द्वारा लगाया गया । उद्घाटन कॉलेज के प्रधानाचार्य मनोज कुमार ने किया। मनोज कुमार ने मारवाड़ी महिला सम्मेलन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि गर्मी के समय मे ठंडा पानी की मशीन लगाने से बच्चियों को गर्मी से राहत मिलेगी। स्कूल के सभी शिक्षको ने भी आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने मे अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन की निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरा बथवाल, पूर्व अध्यक्ष गीता डालमिया,आदि बहने उपस्थित थी।

# बरसात के पूर्व डैम में जमे गाद साफ करवाये निगम

**रांची।** सिटीजन फोरम के अध्यक्ष दीपेश कुमार निराला और सचिव सुशील कुमार सिन्हा ने रांची नगर के प्रशासक और उपायुक्त, रांची को पत्र लिखकर मांग किया है कि विगत 5 वर्षों में केवल धुर्वा डैम में डूबने से 59 मौतें हो चुकी हैं। अतः डैम और प्राकृतिक जलाशयों का कंटीले तारों से घेराबंदी कर हर जगह चेतावनी बोर्ड प्रदर्शित किया जाए। डेंजर जोन को घेर कर जाली लगाया जाए। साथ ही बरसात के पूर्व रांची के डैम में वर्षों से जमे गाद को निकाला जाए। डैम और बड़े तालाबों के आसपास प्रशिक्षित गोताखोरों की तैनाती की जाए। रांची में मुख्य सड़कों और बाजारों के पास पुराने और सूखे पेड़ राहगीरों और स्थानीय नागरिकों के लिए खतरे का कारण बन रहे हैं। आंधी, बरसात के मौसम में तो इन पेड़ों के गिरने की संभावना अधिक बढ़ जाती है।

## न्यूज बॉक्स

### बीसीए की पढ़ाई अब संत जेवियर्स कॉलेज रांची में भी



**रांची।** एआईसीटीई द्वारा सत्र 2024-25 से संत जेवियर्स कॉलेज राँची को बैचलर इन कंप्यूटर एप्लीकेशन (बीसीए) पाठ्यक्रम के लिए मान्यता मिली है मौजूदा सभी गैर तकनीकी संस्थानों को बीबीए, बीसीए व बीएमएस स्नातक पाठ्यक्रम के लिए एआईसीटीई द्वारा मान्यता लेनी है उसी के तहत कॉलेज को भी बीसीए व बीबीए कोर्स के लिए मान्यता मिली है इसी सत्र से तीन वर्षीय वोकेशनल (स्वपोषित) बीसीए पाठ्यक्रम के लिए 100 सीटों पर तो वहीं बीबीए कोर्स के लिए 180 सीटों पर विद्यार्थी नामांकन ले सकेंगे कॉलेज के प्राचार्य डॉ. फादर एन. लकड़ा, एस.जे ने बताया कि इक्छुक अभ्यर्थियों के लिए नामांकन अहर्ता, फीस व अन्य सम्बन्धित जानकारियां कॉलेज के वेबसाइट पर जल्द ही उपलब्ध करा दी जायेगी बताते चलें कि कंप्यूटर सम्बंधित स्नातक के दो पाठ्यक्रम बीएससी इन कंप्यूटर एप्लीकेशन और बीएससी इन इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी पहले से ही कॉलेज में चल रहे हैं बीसीए पाठ्यक्रम जुड़ जाने से विषय रूचि रखने वाले छात्रों के लिए हितकारी साबित होगा।

### अंधकार से त्रस्त सावित्री के परिवार को दिव्य ज्योति प्रदान कर ज्ञान दें : ब्रह्माकुमारी निर्मला



**रांची।** अखंड सौभाग्य अमर पद की प्राप्ति की अभिलाषी सावित्री आत्मा वर्तमान संगम युग में धर्मराज पिता परमात्मा से वरदान प्राप्त कर 21 जन्मों के लिए सुख सौभाग्य व खोये हुए राज्य भाग्य को प्राप्त कर लेती है। ये उदगार आज यह चौधरी बगान, हरमू रोड ब्रह्मा कुमारी संस्थान में वट सावित्री पूजा के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने अभिव्यक्त किये। उन्होंने कहा ज्ञान अंधकार से त्रस्त सावित्री के परिवार के लोगों को पिता परमात्मा द्वारा दिव्य ज्योति प्रदान कर ज्ञान चक्षु प्रदान किये गये जिससे उन्होंने ईश्वरीय ज्ञान योग का अभ्यास कर फिर से अपना खोया हुआ राज्य प्राप्त किया। सतयुग में कोई भी अल्पायु नहीं होता। बल्कि सभी मोहजीत राजा दीधार्यु सुख शांति पवित्रता के धनी सत्यवान होते हैं। उन्होंने कहा सावित्री की पवित्रता के बल से पुनः दीधार्यु वाले सत्यव्रत के ब्रती पुण्य आत्माओं का राज्य स्थापित होता है। काल वहाँ असमय किसी के प्राणों का हरण नहीं करता।

### ज्येष्ठ अमावस्या पर खाटूनरेश श्याम बाबा को कराया गया महास्नान



**रांची।** हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में गुरूवार को ज्येष्ठ अमावस्या के अवसर पर खाटूनरेश श्री श्याम बाबा का महास्नान कराया गया । खाटूधाम की परंपरा के अनुसार हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में सुबह 5:30 बजे की मंगला आरती के बाद तीनों मंड के पर्दा लगाकर विधि विधान से मंडल के मंत्री श्याम सुंदर शर्मा के नेतृत्व में बाबा श्याम का ज्येष्ठ अमावस्या महास्नान संपन्न कराया गया। बाबा श्याम को दूध, दही, शहद, गंगाजल, गुलाब जल, के मिश्रण से स्नान कराकर बाबा श्याम को सांवले रूप में सजाया गया। कोलकाता से मंगाए गए गुलाब, तुलसीदल, लाल गेंदा, जूही के मोटी-मोटी मालाओं से बाबा श्याम को सजाकर गुलाब के रूह से मसाज कराया गया । तत्पश्चात पंचमेवा भोग लगाकर भक्तों के बीच वितरित किया गया। श्रृंगार आरती 8:30 बजे होने के पश्चात पंचामृत के महा प्रसाद को भक्तों के बीच वितरित किया गया। संध्या 4:30 बजे पुनः पट खुलते ही भक्तों का ताता श्री श्याम मंदिर में लग रहा।

### नीट यूजी में अजलफा का शानदार प्रदर्शन



**रांची।** नीट यूजी में अजलफा तमजीद ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 99.25 परसेंटाइल के साथ 666 अंक लाते हुए 7265 आल इंडिया रैंक हासिल किया है। अजलफा तमजीद की इस कामयाबी पर पिता डॉ. इलियास मजीद, मां रौशन तारा, सज्जाद मजीद, अंजुमन इस्लामिया के अध्यक्ष मोख्तार अहमद, फ्रेंडस आफ विकर सोसाइटी के अध्यक्ष तनवीर अहमद, डॉ आई के चौधरी, डॉ हरि उरांव, डॉ खालिक अहमद,डॉ जीतेन्द्र कुमार, राजकिशोर साहू, शुजाउद्दौला परवेज, अकबर अजीज, फैजी, सरफराज अहमद, इमरान अंसारी, मौलाना आजाद कालेज परिवार सहित पास पडोस के लोगों ने बधाई और शुभकामनाएं दी है।

### इंस्पेक्टर लक्ष्मीकांत बने चुटिया थाना के नये थानेदार

**रांची।** इंस्पेक्टर लक्ष्मीकांत को चुटिया थाना का नया थानेदार बनाया गया है। रांची एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने एक्सट्रीम बार में डीजे संदीप प्रमाणिक हत्याकांड के बाद चुटिया थानेदार समेत तीन पुलिस कर्मियों को सस्पेंड कर दिया था। चुटिया थानेदार पर लापरवाही का आरोप लगा था, इसके बाद रांची एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने सस्पेंड कर दिया था। फिलहाल इंस्पेक्टर लक्ष्मीकांत को चुटिया थाना का नया थानेदार बनाया गया है। रांची पुलिस ने कोतवाली थाना गोलीकांड मामले में आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों में नितिन कच्छप, शरद कच्छप, पवन कच्छप, फुल कच्छप, बेरोनिका कच्छप, डोली कच्छप, मिताली तिर्की और रचना कच्छप हैं। गिरफ्तार सभी व्यक्ति रांची जिले के रहने वाले हैं। बुधवार देर रात पुरानी रांची में आपसी विवाद में दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई थी। मारपीट करने के बाद फायरिंग की गई जिसके बाद एक व्यक्ति को गोली लगी थी जिसके बाद दोनों पक्ष के लोग ने कोतवाली थाना पहुंच कर हंगामा किया और इसके

### रिम्स ओपीडी में आज




1.शिशु शल्य विभाग
डॉ. एसएस साहू

2.कार्डियोथोरेसिक सर्जरी विभाग
डॉ. विनीत महाजन

3.हृदय रोग विभाग
डॉ. पीजी सरकार

4.मूत्र रोग विभाग
डॉ. ए जमाल, डॉ. राणा प्रताप सिंह

5.गुर्दा रोग विभाग
डॉ. प्रज्ञा पंत

## भाजपा के नवनिर्वाचित सांसदों का पार्टी ने किया अभिनंदन

# विपक्ष के दुष्प्रचार और अफवाह के कारण पांच सीटों पर पराजय : बाबूलाल मरांडी

**उपेंद्र गुप्ता**

**रांची।** लोकसभा 2024 चुनाव में झारखंड से नवनिर्वाचित भाजपा के सभी सांसदों का अभिनंदन किया गया। साथ ही दूसरे स्थान रहने वाले सभी पांचों भाजपा प्रत्याशियों का अभिनंदन किया गया, विजय हासिल करने वाले सांसदों में रांची के संजय सेठ,पलामू के बीडी राम,जमशेदपुर के विद्यूत वरण महतो,हजारीबाग के मनीष जायसवाल,धनबाद के ढुल्लू महतो,चतरा के कालीचरण सिंह को शॉल ओढ़ा कर सम्मानित किया गया। अभिनंदन कार्यक्रम में गोड्डा के नवनिर्वाचित सांसद निशिकांत दुबे और कोडरमा की नवनिर्वाचित सांसद अन्नपूर्णा देवी मौजूद नहीं थे। निर्वाचित सांसदों के साथ पांचों लोकसभा सीट पर कड़ी टक्कर देने के बाद भी पराजय झेलने वाले प्रत्याशियों सिंहभूम की गीता कोड़ा, दुमका से सीता सोरेन, राजमहल से ताला मरांडी, लोहरदगा से समीर उरावं को भी पार्टी ने शॉल ओढ़ा कर सम्मानित किया। खूंटी के प्रत्याशी अर्जुन मुंडा अभिनंजन कार्यक्रम में मौजूद नहीं थे। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ,प्रतिपक्ष के नेता अमर बाउरी के आलावा भाजपा प्रदेश और जिला स्तर के दर्जनों नेता और पदाधिकारी मौजूद थे।






### चुल्हे पर काठ की हांडी एक बार ही चढ़ता है बाबूलाल मरांडी

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल ने झारखंड के पांचों आदिवासी बहुल सीटों पर पार्टी के पराजय पर कहा कि विपक्ष ने जनता के बीच खूब दुष्प्रचार किया, लोगों के बीच भ्रम और अफवाहें फैलाई, साजिश की, जिसके कारण भाजपा प्रत्याशियों को पराजय का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा कि चुनाव में खासकर आदिवासी बहुल सीटों में आदिवासियों के बीच अलोकतांत्रिक और अनैतिक हथकंडे अपनाए, जिसके कारण आदिवासियों के बीच भ्रम फैल गया। बाबूलाल ने एक कहावत का उदाहरण देते कहा कि चुल्हा पर काठ की हांडी सिर्फ एक बार चढ़ता है। विपक्ष के इन अनैतिक हथकंडों को करारा जवाब दिया जाएगा। आदिवासियों ने भाजपा को वोट नहीं दिया है, इस बात से बाबूलाल ने साफ इंकार करते कहा कि आदिवासियों ने भाजपा को जम कर वोट किया है। कई विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा को बढ़त मिली है। जहां हार हुई, वहां बुथ से लेकर विधानसभा और जिला स्तर पर समीक्षा की जाएगी। बाबूलाल ने कहा कि देश में नेहरू के बाद लगातार तीसरी बार नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बनेंगे। ये हमारे लिए का गौरव का क्षण होगा।

### सीएम चंपाई और उनकी कैबिनेट ने जबरन मुझे हरवाया : गीता कोड़ा

सिंहभूम की भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा ने कहा कि उन्हें हराने के लिए सीएम चंपई सोरेन और उनकी कैबिनेट ने पूरा जोर लगाया। मेरे उपर जानलेवा हमले कराएं,मेरे ही क्षेत्र में कई जगहों पर जाने से रोका गया। आदिवासियों के बीच दुष्प्रचार किया गया। भाजपा कार्याकताओं और लोगों को डराया धमकाया गया। जिसके कारण हार का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा कि आदिवासियों के लिए जितना फंड और योजना केंद्र की मोदी सरकार ने दिया है, उतना आज तक किसी सरकार ने आदिवासियों के लिए नहीं दिया है। लेकिन जिस तरह से विपक्ष ने आदिवासियों को अफवाहों और दुष्प्रचार करके भ्रमित किया है, उसकी पार्टी समीक्षा करेगी।

### ना मुझसे और ना ही पार्टी से लोगों में नाराजगी : सीता सोरेन

दुमका से भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन ने कहा कि पार्टी बदलने पर क्षेत्र की जनता में कोई प्रभाव नहीं था, बल्कि लोगों ने भरपूर स्वागत किया और पूरा समर्थन दिया, लोग मेरे साथ मजबूती के साथ खड़े थे, चार विधानसभा क्षेत्र में उन्हें काफी बढ़त भी मिली। यह बढ़त और अधिक हो सकता था, लेकिन जिस तरह राष्ट्रीय स्तर से ही विपक्ष ने भ्रम फैलाया, उसी अफवाह को क्षेत्र में भी स्थानीय विपक्षी नेताओं ने फैलाया, लोगों के बीच दुष्प्रचार किया, जिसका असर मतदान में दिखा और वे मामूली अंतर से हारी है।

### सीएम और स्पीकर के विधानसभा क्षेत्र में भी भाजपा को बढ़तः बाउरी

भाजपा विधायक दल के नेता अमर बाउरी ने कहा कि झारखंड में भाजपा का प्रदर्शन काफी अच्छा रहा है। पचास विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा को काफी बढ़त मिली है, जो आगामी विधानसभा चुनाव के लिहाज से काफी उत्साहजनक है। भाजपा नेता ने कहा कि जिन पचास क्षेत्रों में भाजपा ने बढ़त हासिल की है उसमें सीएम चंपई सोरेन और विधानसभा स्पीकर रवींद्र कुमार महतो का विधानसभा क्षेत्र शामिल है। अमर बाउरी ने कहा कि कांग्रेस 99 पर अटक कर खुश है और मुगालते में है तो ये हमारे लिए अच्छा है। वे लोग ख्याली पुलाव बनाते रहे। पीएम नरेंद्र मोदी को तीसरी बार पीएम बनने से रोकने के लिए हर हथकंडे अपनाए, लेकिन रोक नहीं पाए। अमर बाउरी ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा पूर्ण बहुमत की सरकार बनाएगी।

## स्कूल व कॉलेजों में नशापान के खिलाफ चलाएं जागरूकता अभियान

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में गुरुवार को समाहरणालय में मादक पदार्थों के दुरूपयोग के रोकथाम करने को लेकर एक अहम बैठक हुई। बैठक में राज्य सरकार से प्राप्त गाइडलाइन के अनुसार रांची जिले के सभी सरकारी व गैर सरकारी स्कूल व कॉलेजों में मादक पदार्थों के दुरूपयोग को समाप्त करने के लिए जागरूकता कार्यक्रम चलाने का निर्देश दिया। इस बैठक में वरीय पुलिस अधीक्षक रांची, श्री चंदन कुमार सिन्हा, पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) रांची, श्री सुमित कुमार अग्रवाल, अनुमंडल पदाधिकारी (सदर) रांची, श्री उत्कर्ष कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी बुंडू, उप समाहर्ता जिला सामान्य शाखा रांची, श्रीमती स्मृति कुमारी, सचिव डालसा रांची, श्री कमलेश बेहरा, ए. डी.पी.ओ रांची, श्री कौशल किशोर एवं सम्बंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।



**नशा से युवाओं को बचाना है**

उपायुक्त रांची, राहुल कुमार सिन्हा ने इस बैठक में विशेष रूप से कहा कि आज नशा से युवाओं का भविष्य खराब हो रहा है। नशा युवाओं में कैंसर की तरह फैल रहा है।

**बैठक में निम्न निर्देश दिए गए**

(1) शैक्षणिक संस्थानों के आसपास मादक पदार्थो यथा तम्बाकूयुक्त गुटका इत्यादि की बिकी प्रतिष्ठानों में की जाती है, जिससे संस्थान में पढ़ने वाले बच्चों पर विपरीत प्रभाव पडता है। इसकी रोकथाम के लिए जिला के सभी शैक्षणिक संस्थानों के 100 गज के परिधि में धारा-144 लगाने का सम्बंधित अधिकारी को निर्देश दिया गया।

(2) प्रत्येक तीन महीने में डीटी सीसीसी की बैठक करने का निर्देश सम्बंधित अधिकारी को दिया गया।

(3) जिला स्तर पर कारखाना निरीक्षक को मादक पदार्थ के उत्पादन की रोकथाम हेतु निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया।

(4) एनडीपीएस की धारा-50 के तहत जिले के सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी/सभी अंचलाधिकारी को जांच करने का निर्देश दिया गया।

(5) उपायुक्त रांची द्वारा संबंधित अधिकारी को यह निर्देश दिया गया कि मादक द्रव्यों की जब्ती के उपरान्त इनके रख-रखाव के लिए पर्याप्त स्थान / भवन उपलब्ध कराया जाये।

(6) सुदूरवर्ती क्षेत्र में अफीम की खेती विनष्ट करने में कठिनाई होती है। इसके लिए घास काटने वाली मशीन की आवश्यकता पूरी करने हेतु सम्बंधित अधिकारी को निर्देश दिया गया।

(7) उपायुक्त रांची ने सम्बंधित अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि अफीम की खेती वन-भूमि अथवा गैरमजरूआ भूमि पर की जाती है। इसकी रोकथाम के लिए वन विभाग द्वारा नियमित रूप से अपनी भूमि की निगरानी की जानी आवश्यक है।

(8) जिले के सभी पुलिस उपाधीक्षकों को मादक द्रव्यों से संबंधित समीक्षा बैठक नियमित रूप से करने का निर्देश।

(9) उपायुक्त रांची द्वारा कोटपा एक्ट 2003 के तहत हुक्का बार में 18 वर्ष से कम आयु के बच्चे / बच्चियों का अनाधिकृत प्रवेश रोकने संबंधी कार्रवाई करने का निर्देश सम्बंधित अधिकारी को दिया गया।

(10) उपायुक्त रांची द्वारा सभी कोटि के उच्च विद्यालयों में मादक द्रव्यों की रोकथाम के लिए जागरूकता कार्यक्रम यथा नुक्कड़ नाटक / प्रभात फेरी / होडिंग्स / बैनर पोस्टर / माइकिंग आदि करने का निदेश दिया गया।

(11) उपायुक्त रांची द्वारा कार्यपालक दण्डाधिकारी / प्रखण्ड विकास पदाधिकारी/अंचलाधिकारी के उपस्थिति में जब्त मादक पदार्थो के विनष्ट करने के लिए एयओपी के निदेशानुसार करने का निदेश दिया गया।

(12) समय-समय पर मादक पदार्थ के बिक्री एवं सेवन के विरुद्ध जागरूकता हेतु स्थानीय अखबार आदि के माध्यम से प्रचार प्रसार करने का निर्देश सम्बंधित अधिकारी को दिया गया।

### आजसू ने शत प्रतिशत रिजल्ट दिया : जीतेन्द्र

**रांची।** जितेंद्र सिंह केंद्रीय सचिव सह विधानसभा प्रभारी रांची महानगर ने गिरिडीह की जनता को धन्यवाद देते हुए कहा कि चंद्र प्रकाश चौधरी को बधाई दी है । सुदेश कुमार महतो की तरफ से समस्त आजसू परिवार की तरफ से और एनडीए फोल्डर के घटक दल जितने भी सांसद एनडीए के तरफ से जीतकर आए हैं उन्हें और तमाम झारखंड वासियों को एवं उनके क्षेत्र के वासियों के प्रति आभार और शुभकामनाएं। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि यह काफी खुशी की बात है कि 100% रिजल्ट आया ।नरेंद्र मोदी जी ने गिरिडीह से एक सीट दिया और गिरिडीह की जनता ने प्रचंड वोटो से चंद्र प्रकाश चौधरी जी को जिताकर दिल्ली भेजा साथ ही साथ सुदेश महतो जी हरेक सभा में कहते थे कि एक फल माननीय नरेंद्र मोदी जी के गले में जरूर सुशोभित होगा और काम हम लोगों ने किया। प्रधानमंत्री जल्द ही अगले टर्म के लिए शपथ ग्रहण लेंगे। उम्मीद है कि इस टर्म एनडीए कोलेशन का जो गवर्नमेंट बनेगा उसमें भारत माता के चरणों में जो नरेंद्र मोदी का जो सपना है और एनडीए के हर एक लोग जो भारत के बारे में सपना देखते है वो काम तीव्र गति से आगे बढ़ेगा और जितने भी कार्य पहले अधूरे रह गए थे मोदी जी के नेतृत्व में, सुदेश महतो जी के नेतृत्व में और चंद्र प्रकाश चौधरी जी के नेतृत्व में वह काम तीव्र गति से आगे बढ़ेगा।

## लापरवाही बरतने वाले पुलिस पदाधिकारियों पर होगी कार्रवाई




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड के डीजीपी अजय कुमार सिंह ने गुरुवार को पुलिस मुख्यालय में मादक पदार्थ की तस्करी की रोकथाम के लिए राज्य के आला अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इसमें डीजीपी ने मादक पदार्थों की तस्करी पर रोक लगाने के लिए कारगर ढंग से कार्रवाई करने तथा तस्कर गिरोह के गिरफ्तारी के लिए टीम का गठन करते हुए कड़ी कार्रवाई करने को कहा। उन्होंने मादक पदार्थ से सम्बंधित दर्ज मामलों का नियमानुकूल अनुसंधान करते हुए साक्ष्य संकलित करने का भी निर्देश दिया। डीजीपी ने विचारण के दौरान साक्षियों को ससमय न्यायालय में उपस्थापन करने का भी निर्देश दिया। समीक्षा में स्कूल एवं कॉलेजों के छात्र एवं युवाओं पर इसके दुष्प्रभाव के रोकथाम के लिए स्कूल, कॉलेज के आसपास की दुकानों पर नजर रखने को कहा है। डीजीपी ने उन दुकानों के खुलने का निर्धारित समय सीमा का अनुपालन सुनिश्चित कराने के लिए भी आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया। तस्करों के विरुद्ध कार्रवाई में लापरवाही बरतने वाले पुलिस पदाधिकारियों के विरुद्ध अनुशासनिक करवाई का निर्देश दिया। डीजीपी ने नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो एवं राज्य पुलिस के बीच आपसी समन्वय बढ़ाने एवं बेहतर परिणाम प्राप्त करने के लिए तैयार किए गए एसओपी का अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। मादक पदार्थों की तस्करी से संबंधित दर्ज कांडों के गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान, जब्त सूची तैयार करने सहित उसका सैंपल तैयार करना तथा उनके विनिष्टिकरण के लिए मानक बिंदुओं का अनुपालन कराने के लिए जिला स्तर पर पुलिस पदाधिकारियों को प्रशिक्षित करने का निर्देश दिया।

बैठक में सीआईडी डीजी अनुराग गुप्ता, एडीजी मुख्यालय आरके मल्लिक, रांची रेंज के आईजी अखिलेश झा, आईजी प्रोविजन पंकज कम्बोज, आईजी सीआईडी असीम बिक्रांत मिंज, एसपी विशेष शाखा चन्दन कुमार झा एवं वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से सभी प्रक्षेत्रीय आईजी, क्षेत्रीय डीआईजी, एसएसपी, एसपी उपस्थित थे।

## पक्ष-विपक्ष के लिए चिंता बढ़ाने वाले हैं लोस चुनाव के नतीजों से जुड़े आंकड़े

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड में लोकसभा चुनाव के नतीजे राज्य के बदलते सियासी हालात का संकेत दे रहे हैं। इन नतीजों से वोटों का जो अंकगणित सामने आया है, वह राज्य में सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों के लिए अलार्मिंग है। राज्य की सभी पांच ट्राइबल सीटों पर हार से जहां भाजपा की अगुवाई वाले एनडीए नेतृत्व के माथे पर चिंता की लकीरें हैं, वहीं वोटों की विधानसभावार गिनती के आंकड़ों में खासे अंतर से पिछड़ जाना झामुमो-कांग्रेस-राजद गठबंधन को परेशानी में डालने वाला संकेत है। झारखंड की मौजूदा विधानसभा का कार्यकाल जनवरी 2025 के पहले हफ्ते में पूरा हो रहा है। ऐसे में अगले चार से पांच महीनों के भीतर चुनाव संभावित हैं। लिहाजा, लोकसभा चुनाव परिणाम के आंकड़ों का आकलन पक्ष-विपक्ष दोनों तरफ की पार्टियां कर रही हैं। लोकसभा चुनाव के नतीजों का विधानसभावार विश्लेषण करने पर यह फैक्ट सामने आया है कि राज्य की 81 में से 50 विधानसभा सीटों पर एनडीए को बढ़त हासिल हुई है। राज्य के मौजूदा सत्ताधारी गठबंधन को एनडीए से काफी कम मात्र 29 सीटों पर बढ़त मिली है। दो सीटों पर एक नए संगठन जेबीकेएसएस (झारखंडी भाषा खतियानी संघर्ष समिति) को बढ़त हासिल हुई है। अगर विधानसभा चुनाव में भी एनडीए इसी आंकड़े को बरकरार रखने में कामयाब हो जाए तो राज्य की मौजूदा सरकार की जमीन खिसकनी तय है। लेकिन, लोकसभा चुनाव की बढ़त को विधानसभा चुनाव में भी बरकरार रखना एनडीए के लिए कठिन चुनौती है। 2019 के चुनाव में भाजपा की तत्कालीन रघुवर दास के नेतृत्व वाली सरकार भी उस साल हुए लोकसभा चुनाव की बढ़त से उत्साहित थी। उन्होंने उत्साहित होकर 'अबकी बार 65 पार' का नारा दिया था। लेकिन, जब विधानसभा चुनाव के नतीजे आए थे तो पार्टी मात्र 26 सीटों पर सिमट गई थी और उसे राज्य की सत्ता गंवानी पड़ी थी। भाजपा राज्य में आदिवासियों के लिए रिजर्व 28 में से 26 सीटें हारने की वजह से सत्ता से बाहर हो गई थी। उस वक्त पार्टी नेतृत्व ने स्वीकार किया था कि उनसे झारखंड के आदिवासियों के सेंटिमेंट्स को समझने में चूक हुई है। पार्टी ने इसकी भरपाई के लिए कई कोशिशें की। केंद्र सरकार ने झारखंड के सबसे बड़े जनजातीय नायक भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को राष्ट्रीय स्तर पर 'जनजातीय गौरव दिवस' घोषित किया। भाजपा से 2004 में अलग होकर अपनी पार्टी बनाने वाले बाबूलाल मरांडी को वापस पार्टी में सम्मानपूर्वक लाया गया और उन्हें पार्टी की कमान सौंपी गई। आदिवासी कल्याण के लिए केंद्र सरकार की ओर से कई योजनाएं लागू की गई।

> *झारखंड की मौजूदा विधानसभा का कार्यकाल जनवरी 2025 के पहले हफ्ते में पूरा हो रहा है।*

### सिमडेगा विधायक के खिलाफ कोर्ट में सुनवाई 20 जून को

**रांची।** सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा से जुड़े महिला के साथ दुर्व्यवहार करने और जान से मारने की धमकी देने से संबंधित मामले में शिकायतकर्ता रश्मि संचिता एक्का की याचिका पर गुरुवार को अभियोजन पक्ष कोर्ट में जवाब दाखिल नहीं किया जा सका। एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 20 जून को निर्धारित की है। सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा के खिलाफ दर्ज की गई शिकायतवाद (कंप्लेन केस) में कुछ अतिरिक्त अपराधिक धाराओं को जोड़ने के लिए शिकायतकर्ता ने कोर्ट में आवेदन दाखिल किया है। शिकायतकर्ता रश्मि संचिता एक्का ने वर्ष 2018 में विधायक भूषण बाड़ा सहित पांच के खिलाफ सिमडेगा कोर्ट में शिकायतवाद दायर किया था। इसमें विधायक भूषण बाड़ा पर महिला रश्मि संचिता एक्का से दुर्व्यवहार करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया गया था। हालांकि भूषण बाड़ा के विधायक बनने के बाद यह मुकदमा रांची एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट में स्थानांतरित किया गया।

### सीएम से मिलें कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी

## जामताड़ा में भारी लीड से दुमका में मिली जीत : सीएम

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से मिलकर जामताड़ा विधायक डॉ इरफान अंसारी ने गुरुवार को मुलाकात की। इस दौरान विधायक ने मुख्यमंत्री को बताया कि इंडी गठबंधन कैसे झा?खंड में लोकसभा की और सीटें जीत सकता था। जामताड़ा विधायक ने इसके लिए बकायदा मुख्यमंत्री को समीक्षा रिपोर्ट सौंपी है। इस रिपोर्ट में संताल की सीटों की विधानसभावार समीक्षा की गयी है। साथ ही, जामताड़ा विधायक ने चंपाई को जीत की बधाई दी। उन्होंने कहा कि आपके नेतृत्व में झारखंड में पहली बार महागठबंधन ने पांच सीटों पर जीत दर्ज की है। यह जीत आम जनता की जीत है और यह सही मायने में एक बड़ा राजनीतिक संकेत है। मुख्यमंत्री ने विधायक इरफान अंसारी को कहा कि दुमका लोकसभा से महागठबंधन के प्रत्याशी नलिन सोरेन ने जीत दर्ज की है। इसमें सभी की अहम भूमिका रही। मुख्यमंत्री ने कहा कि



जामताड़ा विधानसभा से लगभग 40,000 की लीड के कारण ही यह सीट हम लोगों जीत पाये। दुमका लोकसभा सीट हमारे प्रतिष्ठा की सीट है और इसे हर हाल में हमें जीतना था। विधायक ने कहा कि हम लोगों ने पांच सीटों पर जीत दर्ज की, जिसका साफ मतलब है कि हम लोगों ने 30 विधानसभा सीटों पर जीत का परचम लहराया है। विधायक ने कहा कि हमें थोड़ी और मेहनत कर 12 और सीटों पर जीत दर्ज करनी है। आने वाले विधानसभा चुनाव में फिर से भाजपा का सफाया कर इंडी महागठबंधन की सरकार बनानी है। विधायक ने संताल परगना की सभी सीटों का ब्यौरा उन्हें सौपा और बताया कि पूरे देश में राहुल गांधी की मेहनत रंग लाई।

## न्यूज | बॉक्स

### एनडीए का नेता चुनने पर पीएम मोदी को सुदेश महतो ने दी बधाई

**रांची।** आजसू पार्टी के अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पुनः एनडीए का नेता चुने जाने पर बधाई दी है। मौके पर उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने की दिशा में पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेगा। निसंदेह प्रधानमंत्री के रूप में उनके तीसरे कार्यकाल में देश विकास के अभूतपूर्व ऊंचाइयों को छुएगा। इस दौरान उन्होंने केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे. पी नड्डा से भी मुलाकात कर देश में तीसरी बार एनडीए को पूर्ण बहुमत हासिल करने पर बधाई दी।



### नवनिर्वाचित कांग्रेस सांसद कालीचरण मुंडा ने सीएम चम्पाई से की मुलाकात

**रांची।** खूंटी लोकसभा से नवनिर्वाचित सांसद कालीचरण मुंडा ने मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन से गुरूवार को मोरहाबादी स्थित आवास में मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अपनी ओर से उन्हें खूंटी लोकसभा क्षेत्र से मिली शानदार जीत पर बधाई और शुभकामनाएं दीं। मौके पर मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन के प्रति नवनिर्वाचित सांसद कालीचरण मुंडा ने आभार व्यक्त किया।



### जनता का यशस्विनी सहाय ने आभार जताया



**रांची।** रांची लोकसभा सीट से पराजय के बाद कांग्रेस पार्टी की यशस्विनी सहाय ने रांची की जनता का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि काफी कम समय में जनता ने मुझे जो अपार स्नेह और प्यार दिया, उसके लिए मैं उनकी आभारी हूं और विश्वास दिलाती हूं कि यहां की जनता के साथ मैं सदैव खड़ी रहूंगी। यशस्विनी सहाय कांग्रेस भवन में गुरुवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन को सम्बोधित कर रही थीं। उन्होंने यहां से नवनिर्वाचित सांसद भाजपा के संजय सेठ को बधाई देते हुए कहा कि जनता ने दूसरी बार मौका दिया है। उम्मीद है जनता के मुद्दों पर वह खरे उतरेंगे। सहाय ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी और सोनिया गांधी सहित इंडी गठबंधन दल के तमाम सहयोगियों को भी धन्यवाद दिया। उन्होंने कांग्रेस के प्रदेश, जिला, प्रखंड स्तर के सभी नेताओं, कार्यकताओं तथा मीडिया का भी आभार जताया। उन्होंने कहा कि हमारे पास सिर्फ 25 दिनों का समय था और इतने कम समय में जितना कर पायी, किया। काफी लोगों तक मैं नहीं पहुंच पाई, जिसका मुझे अफसोस है लेकिन जहां मैं नहीं पहुंच सकी, वहां जरूर जाऊंगी। रांची सहित राज्य के अन्य क्षेत्रों में महिला अधिकार और बाल संरक्षण के क्षेत्र में कार्य कर रही थी, सामाजिक रूप से लोगों से जुड़ी रहती थी, यह चुनाव व्यक्तिगत रूप से मेरा पहला राजनीतिक अनुभव था, आगे भी मैं इन कार्यों से जुड़ी रहूंगी। इसके अलावा पलायन की समस्या से जूझ रहे लोगों की समस्या के समाधान के लिए प्रयासरत रहूंगी। उन्होंने कहा कि चुनाव में जो मुद्दे हमने उठाए थे, उन पर निरंतर नजर रहेगी।

### हार से निराश नहीं झारखंड की एकमात्र ट्रांसजेंडर प्रत्याशी सुनैना बोली- प्यार भरपूर मिला

**रांची।** झारखंड में लोकसभा चुनाव में ट्रांसजेंडर कम्युनिटी की एकमात्र प्रत्याशी सुनैना किन्नर को अपनी हार का कोई रंज नहीं है। वह धनबाद सीट से चुनाव लड़ रह थीं और उन्हें कुल 3,462 वोट मिले। इस सीट पर कुल 25 प्रत्याशी मैदान में थे। इनमें सुनैना दसवें नंबर पर रही। यहां खड़े 15 प्रत्याशियों को सुनैना की तुलना में कम वोट मिले। 34 वर्षीय सुनैना चुनाव में अपने प्रदर्शन से खुश हैं। उन्होंने आईएएनएस से कहा, मुझे वोट भले ही कम मिले हों, लेकिन लोगों का प्यार भरपूर मिला है। मैं चुनाव में इस उद्देश्य के साथ उतरी थी कि लोगों का बता सकूं कि हम उस समुदाय का हिस्सा हैं जो पूरे राज्य, देश, समाज का भला चाहते हैं। हमारे समुदाय को भी सम्मान की नजर से देखा जाए। चुनाव में चाहे जो भी जीते, उन्हें पूरे समाज के हक के लिए काम करना चाहिए। सुनैना धनबाद के पीके राय मेमोरियल कॉलेज से साइंस ग्रेजुएट हैं। चुनाव के लिए जिस दिन उन्होंने पर्चा भरा, उस समय उनके पास मात्र 20 हजार रुपए नगद और उनके अकाउंट में दो हजार रुपए थे। वह कहती हैं, हमें बहुत पैसे की जरूरत नहीं है। चुनाव प्रचार के लिए मैं जहां भी गई, लोगों ने मुझे गौर से सुना। मैंने देखा कि लोगों की कई बुनियादी समस्याएं हैं। कोयला क्षेत्र में लोगों की जिंदगी से जुड़ी कई मुश्किलें हैं। उनका समाधान किया जाना चाहिए। सुनैना बताती हैं कि चुनाव के लिए पर्चा दाखिल करने पर उन्हें धमकियां मिलीं। उनसे कहा गया कि चुनाव मैदान से हट जाएं।



### आर्किटेक्ट विनोद सिंह की अग्रिम जमानत पर सुनवाई 19 जून को

**रांची।** रांची में जमीन घोटाला मामले में बड़गाई की 8.5 एकड़ जमीन कब्जा मामले में आरोपित विनोद सिंह की अग्रिम जमानत पर गुरुवार को पीएमएलए कोर्ट में सुनवाई हुई। मामले में ईडी की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए कोर्ट से समय की मांग की गई। कोर्ट ने उनके आग्रह को स्वीकार करते हुए मामले की अगली सुनवाई 19 जून निर्धारित की है। विनोद सिंह ने रांची पीएमएलए (धन शोधन निवारण अधिनियम) की विशेष अदालत में अग्रिम जमानत के लिए याचिका दायर की है। मामले में विनोद सिंह का नाम तब आया, जब ईडी से पूछताछ के दौरान उनके मोबाइल से हेमंत सोरेन के साथ व्हाट्सएप चैट में अधिकारियों के ट्रांसफर पोस्टिंग में सिफारिश की लिस्ट एवं बड़गाई की विवादित जमीन पर मैरिज हॉल बनाने के संबंध में डिजाइन मिला। ईडी ने हेमंत सोरेन से जुड़े भूमि घोटाले मामले में अभियोजन शिकायत (पीसी) दायर की थी, जिस पर कोर्ट ने संज्ञान लिया है। इसके बाद से विनोद पर गिरफ्तारी की तलवार लटक रही है। 30 मार्च को ईडी के अधिकारियों ने रांची की विशेष अदालत में पीएमएलए (धन शोधन निवारण अधिनियम) के तहत अभियोजन शिकायत (पीसी) दायर की थी। इस मामले में मुख्य आरोपित के तौर पर पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और बड़गाईं इलाके के भू-राजस्व कर्मचारी भानु प्रताप फिलहाल बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में न्यायिक हिरासत में बंद हैं।



## एक नजर

### अखंड सौभाग्य के लिए सुहागिनों ने की वट सावित्री की पूजा

**गिद्दी।** गिद्दी कोयलांचल और आसपास के गांवों में गुरुवार को सुहागिनों ने अखंड सौभाग्य के लिए के लिए वट सावित्री का पूजा अर्चना की। गिद्दी, रेलीगढ़ा, गिद्दी सी वाशरी कॉलोनी और आसपास के गांवों में गुरुवार को वट वृक्ष की पूजा करने के लिए सुहागिनों की सुबह से ही वट वृक्ष के पास भीड़ लगी रही। सुहागिनों ने स्नान आदि करके उपवास रखकर वट वृक्ष के नीचे वट सावित्री की पूरी विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की। इसके बाद ब्राह्मणों से सत्यवान सावित्री की कथा सुनी और दान करके उनसे अखंड सौभाग्य के लिए आशीर्वाद प्राप्त किया। फिर प्रसाद का वितरण करके पूजा की समाप्ति किया। इस दौरान सुहागिनों ने एक दूसरे को सिंदूर लगाकर एक दूसरे को सदा सुहागिन रखने की ईश्वर से कामना की। इसके पहले सुहागिन महिलाएं घरों से भी सोलह श्रृंगार कर पूजा अर्चना की।

### जलवायु परिवर्तन व वृक्षारोपण पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**गोला।** गोला प्रखंड के संग्रामपुर बाजार टांड़ में पर्यावरण सुरक्षा, जलवायु परिवर्तन व वृक्षारोपण विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजन किया गया। प्रखंड स्तरीय इस कार्यशाला में बाल अखाड़ा के बच्चों ने शिरकत किया। बच्चों ने कई तरह के कार्यक्रम की प्रस्तुती देकर लोगों को पर्यावरण की सुरक्षा का संदेश दिया। बाबलौंग बाल अखड़ा की सुरजमुनी मुर्मू, जाराडीह बाल अखड़ा की गायत्री टुडू और संबलपुर बाल अखड़ा की पूजा हांसदा ने पर्यावरण पर गीत गई ' इस दौरान बच्चों को पर्यावरण सुरक्षा के साथ जल, जंगल, जमीन, पारम्परिक ज्ञान, संस्कृति, पूजा पाठ, समाज में बच्चों की भागीदारी, सीएनटी एक्ट 1908, पेशा 1996, वन अधिकार कानून 2006, बाल यौन अपराध संरक्षण अधिनियम पोक्सो एक्ट 2012 व बालिका स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी दी गई।

### सात दिवसीय शत चंडी महायज्ञ में उमड़ रही है श्रद्धालुओं की भीड़

**पतरातू।** पीटीपीएस जनता नगर शीतला माता मंदिर परिसर में आयोजित सात दिवसीय शत चंडी महायज्ञ में प्रतिदिन श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। सैकड़ों श्रद्धालु वृंदावन से आए हुए कथाकार के कथा और कलाकारों की जीवंत झांकियों को देखने और सुनने के लिए पहुंच रहे हैं। उत्साहित होकर सैकड़ों श्रद्धालु झूम रहे हैं। जबकि महायज्ञ में को दैनिक पूजा, स्तंभ पूजन और दुर्गा सप्तशती पाठ हुई। इसके साथ ही काफी संख्या में श्रद्धालु प्रतिदिन यज्ञशाला की परिक्रमा कर रहे हैं। महायज्ञ यज्ञाचार्य शशि मिश्रा की देख रेख में हो रही है। इसमें उनके सहयोगी पुरोहित नरोत्तम पांडेय, विकास पाठक, अमित दुबे, बबलू दुबे, भारतेंदु द्विवेदी, मनीष पांडेय, देवेंद्र पाठक और रवि पाठक सहयोग कर रहे हैं।

# सुहागिनों ने की वट सावित्री पूजा कर पति के दीघार्यु होने की कामना की



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** जिलाभर में 6 जून को सुहागिन महिलाओं ने वट सावित्री पूजा कर पति के दीघार्यु होने की कामना की। इस मौके पर महिलाओं ने प्रातः स्नान के उपरांत सोलह श्रृंगार किया। इसके पश्चात महिलाएं पूजन सामग्री लेकर अपने अपने क्षेत्र के वट वृक्ष के पास पहुंची। जहां पुजारी की देखरेख में महिलाओं ने विधि पूर्वक वट वृक्ष की पूजा अर्चना कर पति के दीघार्यु होने की कामना की। इस मौके पर पुजारी मिथलेश तिवारी ने सुहागिन महिलाओं को वट सावित्री की कथा सुनाई। उन्होंने वट सावित्री कथा सुनाते हुए कहा कि सावित्री ने वट वृक्ष के नीचे कठोर तप करके अपने पति सत्यवान को पुनः जीवित करवाया था। इसलिए वट सावित्री पूजा में वट वृक्ष की पूजा की जाती है। श्री तिवारी ने कहा कि इस दिन सुहागिन महिलाओं को निर्जला व्रत रखकर वट वृक्ष पर अरवा धागा लपेटकर पूजा करते हुए वट वृक्ष की 108 बार परिक्रमा करनी चाहिए। इसके बाद सुहागिन महिलाओं को वट सावित्री कथा सुननी चाहिए। कहा कि जो महिलाएं विधि पूर्वक वट सावित्री पूजा करती हैं उनके पति दीघार्यु होते हैं।

## राधा गोविंद विश्वविद्यालय में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** राधा गोविंद विश्वविद्यालय प्रांगण में 6 जून को शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया । समारोह का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी. एन. साह ने विश्वविद्यालय के संस्थापक स्व. गोविंद साह एवं स्व. राधा देवी के चरण कमलों में श्रद्धा सुमन अर्पित कर किया । उन्हीने अपने संबोधन में कहा की यह पद शक्ति का नहीं बल्कि जिम्मेदारी का प्रतीक है अतः आप लोगो से अपेक्षा है की इस जिम्मेदारी का निर्वाह कुशलतापूर्वक करेंगे। इस कार्यक्रम में प्रशासनिक पदों पर नियुक्त कुलपति प्रो. ( डॉ.) समरेंद्र नाथ साहा ,प्रति कुलपति प्रो. (डॉ.)रश्मि, कुलसचिव प्रो. (डॉ.)निर्मल कुमार मंडल, परीक्षा नियंत्रक प्रो.(डॉ.) अशोक कुमार ने अपने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली । साथ ही प्रोफेसर पद पर डॉ रंजन कुमार, डॉ अंजू तिवारी, डॉ आशा प्रकाश, डॉ मुकेश गुप्ता एवम, एसोसिएट प्रोफेसर में डॉ रंजना पांडे डॉ प्रेम प्रकाश डॉ अमन वर्मा ने भी अपने पद एवं गोपनीयता का शपथ लिया और विश्वविद्यालय द्वारा पदोन्नति दी गई। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि के तौर उपस्थित पूर्व जिला न्यायाधीश महेंद्र प्रसाद ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई और सभी को हार्दिक अभिनंदन करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। समारोह में विशिष्ट अतिथि समाजसेवी तिलक राज मंगलम एवं सी. पी. संतन ने सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। विश्वविद्यालय की सचिव प्रियंका कुमारी ने सभी को हार्दिक बधाई शुभकामनाएं दी। मौके पर उपस्थित वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, विभागाध्यक्ष, व्याख्यातागण एवम छात्र -छात्राएं उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### डीपीएस के छात्र सत्यम ने नीट परीक्षा में पाई सफलता



**बरकट्ठा।** प्रखंड अंतर्गत गंगपाचो स्थित सीबीएसई से प्लस टू तक मान्यता प्राप्त डिवाइन पब्लिक स्कूल के छात्र सत्यम कुमार ने मेडिकल परीक्षा नीट उत्तीर्ण कर विद्यालय के साथ साथ क्षेत्र का भी नाम रोशन किया है। ज्ञात हो कि सत्यम ने विद्यालय से दसवीं 2021 में 90% और बारहवीं में 87% अंक लाकर विद्यालय अच्छा प्रदर्शन किया था। वहीं नीट परीक्षा में 650 अंक लाकर सफलता प्राप्त की।सत्यम कुमार प्रखंड के ग्राम पेसरा के सहायक शिक्षक नरेश कुमार के पुत्र है।उनकी इस सफलता से ग्रामीणों में हर्ष का माहौल है। विद्यालय निर्देशक आई.पी भारती ने बताया कि जिस सपने के साथ उन्होंने विद्यालय की स्थापना की थी, उसका फल अब मिल रहा है। उन्होंने बताया कुछ दिन पूर्व ही जेईई एडवांस में भी विद्यालय के दो छात्रों ने अच्छे रैंक लाकर क्वालीफाई किया है।अब सत्यम कुमार ने अच्छे रैंक के साथ नीट की परीक्षा उत्तीर्ण की है। उन्होंने कहा कि विद्यालय की स्थापना के समय से ही उनका सपना था कि ग्रामीण पृष्ठभूमि वाले छात्र भी आईआईटी और एम्स जैसी संस्थानो से पढ़कर इंजीनियर व डॉक्टर बनें। उन्होंने बच्चे के साथ-साथ सभी शिक्षकों व अभिभावकों को धन्यवाद दिया है।

### समाजसेवी प्रदीप प्रसाद ने सरना दीदियों के बीच बांटे पौधे



**हजारीबाग।** एक लाख पेड़ लगाने के संकल्प को आगें बढाते समाजसेवी प्रदीप प्रसाद ने गुरुवार को अहले सुबह सरना स्थल पहुंच कर पूजा अर्चना किया।उसके बाद उन्होंने सरना समिति हजारीबाग के दीदियो को सरना स्थल पर पहुंच कर पौधा दिया। उन्होंने दीदियों को अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित भी किया।कहा कि ग्लोबल वार्मिंग से हो रहे जलवायु परिवर्तन को अगर समय पर न रोका गया तो समुद्र और नदियां बाढ़ और तबाही ले आएगी। तापमान बढ़ता जाएगा। तमाम वैज्ञानिकों और बुद्धिजीवियों ने चिंताएं जताई हैं। इसलिए हमनें ठाना है कि एक लाख पौधा मिलकर लगाना है।हजारीबाग को हरा भरा और सुंदर बनाना है।

### पति की लंबी आयु के लिए सुहागिनों ने सज-धजकर की वट सावित्री पूजा



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र में प्रकृति और अखंड सुहाग की आस्था से जुड़ी सुहागिनों का व्रत, वट सावित्री व्रत गुरुवार को पूरी निष्ठा व धूमधाम के साथ संपन्न हो गई। सुहागिनों ने सोलह श्रृंगार कर सिंदूर, रोली, फूल, अक्षत, चना, फल व मिठाई से सावित्री, सत्यवान और यमराज की विधिवत अर्चना की तथा कथा का श्रवण किया। शास्त्रों के अनुसार वट सावित्री व्रत रखकर वट वृक्ष के नीचे सावित्री, सत्यवान और यमराज की पूजा करने से पति की आयु लंबी होती है और संतान सुख की प्राप्ति होती है।वहीं महिलायें प्राचीन काल से चली आ रही इस परंपरा के अनुसार अपने पति के दीघार्यु के लिए बरगद के वृक्ष की पूजा अर्चना की ।सुहागिनों ने विधिवत पूजा अर्चना के पश्चात 108 बार परिक्रमा किया और रक्षा सूत्र बांधा। जिसके पश्चात पति कि लंबी आयु की मनोकामना की । वहीं पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव अपने आवासीय कार्यालय के समीप स्थित बरगद के वृक्ष के पास पत्नी संग पूजा में सहयोग किया तथा कथा वाचक देवेंद्र पांडेय से सावित्री एवं सत्यवान के कथा का श्रवण किया ।साथ ही सुहागिन महिलाओं ने एक दुसरे को सिन्दूर लगाकर पर्व की बधाई दी।

डेंटल साइंसेज एंड हॉस्पिटल में मनाया गया विश्व पर्यावरण दिवस

## जीवन को बेहतर बनाने के लिए पेड़ जरूर लगाना चाहिए : डॉ प्रवीण श्रीनिवास



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड हॉस्पिटल में दिन बुधवार को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। इस दौरान पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कॉलेज परिसर में कई फलदार वृक्ष एवं फुल का पौधारोपण किया गया। पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति संकल्प लिया गया। चिकित्सकों ने संयुक्त रूप से हजारीबाग के समस्त जिलावासियों से दो पेड़ अपने घरों में लगाने का अपील किया। डेंटल कॉलेज के सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि जीवन को बेहतर और अधिक प्राकृतिक बनाने के लिए पूरे विश्वभर में पर्यावरण में कुछ सकारात्मक बदलाव लाने के लिए विश्व पर्यावरण दिवस अभियान की स्थापना की गई। प्रदूषण और ग्लोबल वार्मिंग से युक्त वातावरण में सकारात्मक बदलावों को लाने के लिए विद्यार्थियों के रूप में किसी भी देश के युवा सबसे बड़ी उम्मीद है। उन्होंने कहा कि हरेक लोगों कम से कम दो पेड आवश्यक लगाना चाहिए। पेड़ों की अनियंत्रित कटाई के कारण तपती गर्मी पड रहा है। इससे बचाव के लिए हम सभी लोगों को संयुक्त प्रयास करने की आवश्यकता है। मौके पर मुख्य रूप से डेंटल कॉलेज के उप प्राचार्य डॉ अंकुर भार्गव, पीएचडी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. निशाद गवली, डडॉ अकि ब, डॉ कौशिक, डॉ शिवांगी, डॉ आकाश दास सहित कई डॉक्टर्स शामिल रहे।

प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में वट सावित्री पूजा की रही धूम

# सुहागिनों ने कहा, पति परमेश्वर के सिवा मुझको ना परमेश्वर चाहिए



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** पति परमेश्वर के सिवा मुझको ना परमेश्वर चाहिए, मैं सुहागन रहूं सात जन्मों तक, मुझे मेरा ही वर चाहिए .... जैसे मंगल गीतो के साथ प्रखंड के सभी पंचायतों में सावित्री पूजा की धूम रही. इस अवसर पर सुहागन महिलाओ ने वट वृक्ष की विधिवत पूजा अर्चना कर अपने पति की लंबी उम्र की कामना किया. अहले सुबह से ही प्रखंड परिसर, डीवीसी गेट, धोबी टोला, मल्लाह टोली, हरीला आदि विभिन्न स्थानों पर सोलह श्रृंगार के साथ सुहागन महिलाएं वट वृक्ष के निकट पहुंचने लगी थी. वैदिक रीति व परंपरागत तरीके से वटवृक्ष के समक्ष पंखे, बताशा, फल आदि सामग्री आदि रखकर पूजा किया. पति की लंबी आयु और स्वस्थ जीवन की कामना को लेकर धागे से वटवृक्ष की 108 फेरे लगाएं और मंगल गीत गाया. जहां आचार्य ने सावित्री-सत्यवान की कथा सुनाया. मान्यता है कि वट वृक्ष में ब्रह्मा, विष्णु व शिव के अलावा माता सावित्री का वास है. इस दिन बरगद के वृक्ष को जल से खींच कर उसमें कच्चे सूत लपेटते हुए उनकी परिक्रमा करने से पति के आयु में वृद्धि होती है. वटवृक्ष के नीचे में शामिल कीं। कोरोना से बचने को लेकर महिलाएं घर नजदीक वटवृक्ष के पास पहुंचकर पूजा अर्चना कीं। यह मनमोहक नजारा प्रखंड के हर एक पंचायत में वट वृक्ष के पास देखने को मिला. डीवीसी गेट के समीप पूजा करा रहे आचार्य रतन पांडेय ने वट सावित्री व्रत के महत्व को बताते हुए कहा कि सनातन संस्कृति में वट वृक्ष को कल्प वृक्ष माना जाता है. जिसका अस्तित्व आदिकाल से धरती पर है और सृष्टि के समाप्ति के पश्चात भी रहेगा. यही कारण है कि इसे अक्षय वट भी कहा जाता है. इसी वृक्ष के नीचे सावित्री ने यमराज से सत्यवान के पुनर्जीवन का वरदान मांगा था.

बिहार में लोजपा रामविलास की बंपर जीत पर उत्साहित दिखे पार्टी कार्यकर्ता

# बंटी मिठाईयां, खूब फूटे पटाखे



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** लोकसभा चुनाव 2024 में बिहार में लोजपा रामविलास ने पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान के नेतृत्व में बंपर जीत हासिल की है. जिससे पार्टी कार्यकर्ता उत्साहित हैं. बिहार में पार्टी के शानदार प्रदर्शन पर पार्टी के रामगढ़ जिलाध्यक्ष केवल पासवान के नेतृत्व में सुभाष चौक के निकट पार्टी कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटकर व पटाखे फोड़कर खुशी का इजहार किया. मौके पर जिलाध्यक्ष केवल पासवान ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया. उन्होंने कहा कि इस बार के लोकसभा चुनाव में बिहार में पार्टी ने 5 लोकसभा क्षेत्रों में प्रत्याशी खड़ा किया था और सभी सीटों में पार्टी को जीत मिली है. उन्होंने कहा की यह हमारे केंद्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान के बेहतर नेतृत्व और लोगों से उनके हमेशा जुड़े रहने के कारण संभव हो पाया है. लोजपा जिलाध्यक्ष ने कहा की पिछले 10 वर्षो में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों के लिए जो कल्याणकारी योजनाएं चलायी हैं उससे भी लोगों का विश्वास एनडीए की प्रति बढ़ा है और यह जीत उसी का परिणाम है.

### मनीष जायसवाल की जीत पर भी किया खुशी का इजहार

लोजपा रामविलास के जिलाध्यक्ष केवल पासवान ने हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से एनडीए प्रत्याशी मनीष जायसवाल की जीत पर खुशी का इजहार करते हुए कहा की उनकी जीत से अब हजारीबाग लोकसभा वासियों की समस्याएं दूर करने में मदद मिलेगी. क्योंकि वे एक मिलनसार और लोगों के साथ जुड़े रहने वाले व्यक्ति हैं. मौके पर जिला प्रधान महासचिव आशीष गुप्ता, मीता देवी, लाला करमाली, निर्मल महतो, मो शाहबान, बांटी, अमर, कृष्णा महतो, कर्मवीर सिंह, सूरज सिंह, संजू विश्वकर्मा, अजय साव, बिटू सोनी, निशु कुमार, राजकिशोर पासवान, गौरव कुमार आदि उपस्थित थे.

## शांतिपूर्ण और घटना मुक्त चुनाव संपन्न होने पर उपायुक्त ने जताया आभार, कहा नहीं भूलने वाला स्वर्णिम क्षण



**बरही ।** 18वीं लोकसभा चुनाव हजारीबाग जिला में शांतिपूर्ण संपन्न होने पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नैंसी सहाय ने लोगों का आभार जताया है. आभार पत्र में उन्होंने शांतिपूर्ण, घटना मुक्त और निष्पक्ष लोकसभा चुनाव संपन्न होने पर सबों को बधाई दी है. उन्होंने कहा कि मौसम की विपरीत परिस्थितियों में भी लगभग तीन महीने तक चले इस चुनावी प्रक्रिया में सबों ने लगन पूर्वक टीम भावना से कार्य किया, जो उल्लेखनीय है. शांतिपूर्ण चुनाव समापन पर उन्होंने सभी मतदाताओं, बीएलओ, मतदान अधिकारियो, पुलिस और अन्य सुरक्षा कर्मियों, सेक्टर अधिकारियो, सेवा प्रदाताओं, बिक्रेताओं, मीडिया, राजनीतिक दलों, उम्मीदवारों और चुनाव कार्य में मदद करने वाले अन्य अदृश्य हाथो का धन्यवाद प्रकट किया है. उन्होंने दो टूक कहा कि यह उनके लिए व्यक्तिगत रूप नही भूलने वाला से स्वर्णिम मौका है.

## आरएसएस के वरिष्ठ प्रचारक के निधन पर शोक

# पार्थिव शरीर पहुंचते ही गमगीन हुए संघी परिवार, दी श्रद्धांजलि



**बरही ।** बीते रात्रि 8.40 बजे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक, पूर्व विभाग प्रचारक, प्रांत शारीरिक प्रमुख, किसान संघ के प्रांतीय व क्षेत्रीय संगठन मंत्री देवनारायण का रांची के गुरु नानक अस्पताल में स्वर्गवास हो गया. गुरुवार को उनके पार्थिव शरीर को प्रांत कार्यालय निवारणपुर रांची से उनके पैतृक आवास सासाराम (बिहार) ले जाया गया. इसी क्रम में गया रोड स्थित भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बरही के प्रांगण में उनके पार्थिव शरीर को अंतिम दर्शन के लिए रखा गया. जिन्हें बरही के संघी परिवार ने पुष्पांजलि अर्पित करते श्रद्धांजलि दी. इसके साथ ही उनके पार्थिव शरीर के साथ चल रहे प्रांत सह कार्यवाहक धनंजय सिंह, प्रांत ग्राम विकास प्रमुख महेंद्र जी, प्रांतीय किसान संघ संगठन मंत्री एवं विभाग प्रचारक आशुतोष जी व मंटू को अल्पाहार के साथ अश्रु पूर्ण नेत्रों से विदा किया. इस दुखद वेला में पुष्पांजलि अर्पित करने वालो में कोडरमा जिला सह संघचालक दयानंद चौरसिया, क्षेत्र सेवा प्रमुख त्रिवेणी साव, जिला व्यवस्था प्रमुख राजेश केशरी, सह जिला शारीरिक प्रमुख प्रभु राणा, वीएचपी जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता, जिला कोषाध्यक्ष नंदकिशोर कुमार, प्रखण्ड अध्यक्ष निरंजन प्रसाद, पिंटू केसरी, बलराम केसरी आदि उपस्थित रहे.

## सांसद का रामगढ़ सुभाष चौक पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ कैंट मंडल द्वारा 6 जून को शहर के सुभाष चौक के निकट सांसद बनने के बाद पहली बार रामगढ़ पहुंचे सांसद मनीष जायसवाल का दिल्ली जाने के क्रम में जोरदार स्वागत किया गया। नगर अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव के नेतृत्व में भाजपा एवं आजसू के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों द्वारा उत्साह के साथ सांसद मनीष जायसवाल का बुके देकर एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया गया । साथ ही हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से प्रचंड जीत की उन्हें बधाई दी गई। सांसद का स्वागत करने वालों में मुख्य रूप से रामगढ़ के जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ संजय सिंह, जिला महामंत्री रंजन सिंह फौजी, जिला मीडिया के राजीव रंजन प्रसाद, मनोज जायसवाल, ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष नमेंद्र चंचल, प्रदेश ओबीसी मोर्चा कार्यसमिति विजय जायसवाल, प्रदेश ओबीसी मोर्चा कार्यसमिति सदस्य दीपक सोनकर, प्रवीण कुमार सोनू, जिला मंत्री बसुध तिवारी,जिला कार्यसमिति सदस्य रोबिन गुप्ता, कोषाध्यक्ष दीनदयाल कुमार, महेंद्र प्रजापति, सुबोध सिंह, महेश चौधरी, उमेश प्रसाद, वरुण सिंह, महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष लक्ष्मी देवी, महामंत्री सारिका राठौर,रूपा कुमारी, शिवकुमार महतो, सरदार अनमोल सिंह, अरुण राय, धनंजय कुमार पुटूस, ऋषिकेश सिंह, मिथलेश मण्डल, शीतल सिंह, सुशांत पांडेय, अजीत गुप्ता, अभिषेक चौधरी, सुरेंद्र शर्मा, विजय पाठक, ब्रजेश पाठक, राजू राठौर, सत्यजीत चौधरी,सत्यजीत सिंह, मल्लिका दत्ता,कमलनाथ चौधरी, जय किशोर ठाकुर, नीरज पाठक, आजसू के नगर अध्यक्ष अरुण अग्रवाल, प्रभात अग्रवाल, नीरज मण्डल सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल थे।

## लोक सभा चुनाव में चंद्र शेखर आजाद रावण की जीत पर बंटी मिठाइयां, लोगों में हर्ष



**बरकट्ठा।** भीम आर्मी प्रखंड इकाई बरकट्ठा के अगुवाई में लोकसभा चुनाव में भीम आर्मी संस्थापक चंद्र शेखर आजाद रावण की हुई ऐतिहासिक जीत पर खुशी मनाते हुए मिठाइयां बांटी गई। मौके पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद रविदास ने कहा कि लोक सभा चुनाव में भीम आर्मी चीफ चंद्रशेखर आजाद रावण की जीत से भीम आर्मी संगठन में मजबूती आएगी। वहीं भीम आर्मी भारत एकता मिशन के संस्थापक चंद्र शेखर आजाद रावण की जीत को तमाम बहुजन, अल्पसंख्यक, अनुसूचित, पिछड़ों की जीत बताया। उन्होंने बताया कि उनके इस जीत से अब तमाम शोषितों, पीड़ितों और वंचितों का आवाज संसद भवन में गुंजेगी और लोगों को न्याय मिलेगा। साथ ही उन्होंने नगीना लोक सभा के तमाम देवतुल्य जनता के प्रति आभार व्यक्त किया। मौके पर जिला सचिव बच्चनदेव कुमार,प्रखंड सचिव अर्जुन तुरी, छोटी लाल रविदास, नारायण रविदास, लखन रविदास, आकाश पासवान पितांबर दास, संजय दास , आनन्द पांडेय, युगेश्वर दास,विश्वनाथ दास, मनोज मूर्मू, दिनेश दास, सुंदर दास मुकेश पासवान सुनिल कुमार समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

जागरूकता

टीबी उन्मूलन कार्यक्रम को लेकर उपायुक्त ने की बैठक, कहा

# एडल्ट बीसीजी वैक्सीनेशन सर्वे पर दें विशेष ध्यान




**07 जून से 20 जून तक जिले के विभिन्न क्षेत्रों में किया जाएगा सर्वे की जाएगी टीबी संक्रमित मरीजों की पहचान**

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत देश को 2025 तक टीबी मुक्त बनाने तथा इसके लिए 1 जुलाई से शुरू होने वाले एडल्ट बीसीजी टीकाकरण अभियान को लेकर गुरुवार को उपायुक्त रामगढ़ श चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान सिविल सर्जन डॉक्टर महालक्ष्मी प्रसाद एवं जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ स्वराज द्वारा उपायुक्त, उप विकास आयुक्त सहित बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों विभिन्न एजेंसियो के प्रतिनिधियों आदि को टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 1 जुलाई से शुरू होने वाले एडल्ट बीसीजी टीकाकरण कार्यक्रम की जानकारी दी गई। इस दौरान उनके द्वारा बताया गया की देश को 2025 तक टीवी मुक्त बनाने के उद्देश्य से सरकार द्वारा बृहद रूप से टीबी मरीजों की पहचान करने एवं उन्हें टीबी रोग से बचाने के लिए एडल्ट बीसीजी टीका दिया जाना है इसके लिए 7 जून 2024 से 20 जून 2024 तक जिले के अलग-अलग संभावित क्षेत्र जहां वर्तमान में टीबी मरीज इलाजरत हैं अथवा उन क्षेत्रों जहां लोगों के टीबी रोग से पीड़ित होने की संभावना है को चिन्हित कर बृहद रूप से सर्वे किया जाना है। सर्वे के उपरांत चिन्हित व्यक्तियों को 1 जुलाई से बीसीजी का टीका दिया जाएगा। बैठक के दौरान उपायुक्त ने कहा कि वर्तमान में टीबी का इलाज संभव है वहीं सदर अस्पताल सहित अन्य सरकारी स्वास्थ्य केन्द्रों में निशुल्क रूप से दवाईयां भी उपलब्ध हैं। इसके बावजूद जागरूकता के अभाव में कुछ लोग टीबी का रोग झेल रहे हैं। मौके पर उपायुक्त ने सिविल सर्जन, जिला शिक्षा अधीक्षक सहित अन्य सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को 7 जून से 20 जून तक टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत किए जाने वाले सर्वे में अपना योगदान दें।

## एक नजर

### हर घर नल जल योजना के तहत शत प्रतिशत परिवारों को जल की आपूर्ति सुनिश्चित करें : उपायुक्त

**सिमडेगा।** उपायुक्त अजय कुमार सिंह के अध्यक्षता में पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं से संबंधित समीक्षात्मक बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में उपायुक्त के द्वारा जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत कार्य प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने जल जीवन मिशन अंतर्गत कुल प्राप्त लक्ष्य के अनुरूप एफ.एच.टी.सी कार्य को ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने प्रति पंचायत 10 अदद् ड्रील नलकूपों के कार्यों का अद्यतन प्रतिवेदन की समीक्षा की। उपायुक्त ने हर घर नल जल योजना के तहत शत प्रतिशत परिवारों को जल की आपूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने टैप वाटर कनेक्शन के तहत भी प्रत्येक घर को जल की आपूर्ति सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। मौके पर कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल मुकेश कुमार सहित पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल विभाग के कर्मी गण उपस्थित थे।

### सीएसआर मद से जिले के विभिन्न संस्थाओं में सोलर लाइट लगाने का उपायुक्त ने दिया निर्देश

**सिमडेगा।** उपायुक्त अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में सीएसआर मद अन्तर्गत योजनाओं के गठन एवं क्रियान्वयन संबंधित समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में वित्तीय वर्ष 2022 -23 एवं वित्तीय वर्ष 2023-24 सीएसआर मद अंतर्गत स्वीकृत योजनाओं की समीक्षा, वित्तीय वर्ष 2024-25 सीएसआर मद अन्तर्गत प्रस्तावित/कार्य योजना पर चर्चा किया गया। उन्होंने सीएसआर मद अन्तर्गत संचालित योजनाओं को साथ में पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही सिमडेगा जिले के 12 हॉकी मैदानों के आसपास सोलर लाइट की स्थापना एवं सलीमा टेटे (ओलंपियन) के गांव बड़कीछापर में विभिन्न खेल उपकरण उपलब्ध कराने एवं स्थापना करने से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त ने सिमडेगा जिला के विभिन्न संस्थाओं में सोलर स्ट्राइक लाइट या हाईमास्ट लाइट का आदेश स्थापना हेतु प्रपोजल तैयार कर जेरेडा कंपनी को भेजने का निर्देश दिया।

### अमर सौभाग्य की कामना को लेकर सुहागिन महिलाओं ने की वट सावित्री की पूजा

**कोडरमा ।** कोडरमा के विभिन्न क्षेंत्रों में गुरुवार की सुबह से ही अमर सुहाग के लिए महिलाओं ने जगह-जगह वट सावित्री की पूजा की। महिलाएं समूह में निकलीं और पूरे विधि- विधान से बरगद पेड़ की पूजा-अर्चना कर प्रसाद चढ़ाया। पूजारियों को दान दक्षिणा भी दिया। व्रती महिलाओं ने बरगद पेड़ की परिक्रमा की। ब्राह्मणों ने महिलाओं को कथा भी सुनाई। मान्यता है कि सावित्री ने वट वृक्ष के नीचे ही अपने मृत पति सत्यवान को यमराज से वापस लिया था। पूजा से पहले महिलाओं ने सुबह स्नान के बाद श्रृंगार किया। झुमरीतिलैया शहर के पुराना बस स्टैंड, देवी मंडप परिसर, कलाली रोड समेत कई इलाके, जबकि कोडरमा में थाना परिसर, ध्वजाघारी धाम, कोडरमा बाजार सहित सभी मुहल्लों, सतगावां प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में महिलाएं 16 श्रृंगार कर, दीप और बांस का पंखा लेकर नजदीकी वट वृक्ष के पास पहुंचीं और पूजा- अर्चना की।

# पति की लंबी उम्र और अखंड सौभाग्य के लिए सुहागिनों ने रखा वट सावित्री का व्रत



**नवीन मेल संवाददाता। जलडेगा** पति के लंबी उम्र के लिए सुहागिनों की सबसे बड़ी पूजा वट सावित्री व्रत गुरुवार को पूरे जलडेगा प्रखंड में पवित्रता के साथ मनाया गया। सुहागिन महिलाऐं आज सुबह से ही वट वृक्ष के नीचे पंहुच कर अपने पति की लंबी उम्र और हर जन्म-जन्मांतर के साथ की कामना करते हुए पूरी श्रद्धा के साथ वट सावित्री की पूजा की।महिलाऐं इस पूजा के दौरान वट वृक्ष के चक्कर लगाते हुए पवित्र धागे को बांधते हुए सदा सुहागन रहने की कामना करती हैं। इस पूजा के पीछे कहानी है कि जब सत्यवान की मौत हुई और उसके प्राण लेने यमराज पहुंचे तो सत्यवान की पत्नि सावित्री एक वट वृक्ष के नीचे बैठकर यमराज से अपने पति को जीवित कर देने की हठ करने लगी। उसके हठ के सामने यमराज को झूकना पड़ा और सत्यवान को जीवन वापस देना पड़ा। उसके बाद से ही मान्यता चली आ रही है कि ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष अमावश्या को वट वृक्ष की पूजा करने और सावित्री व्रत की कथा सुनने से पति को अभयदान मिलता है। इसी मान्यता को मानते हुए सुहागिन इस व्रत को करती हैं। पुजा उपरान्त आरती के साथ प्रसाद का वितरण किया गया जलडेगा, पतिअम्बा, ओडगा, परबा, कोनमेरला सहित कई अन्य गांवों में भी सुहागिन महिलाओं ने वट सावित्री पुजा की तथा अपने पति के लंबी उम्र तथा मंगलमय जीवन की कामना की।

95वीं जयंती पर याद किए गए महेश्वर राम बेसरा

## युवा पीढ़ी को स्व. महेश्वर राम बेसरा के जीवन से प्रेरणा लेने की जरूरत : पूर्व विधायक



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** स्व. महेश्वर राम बेसरा समिति बागडांड के द्वारा 5 जून को उनके 95 वें जयंती पर बागडांड में अनेक कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें याद किया गया। सभी अतिथियों को महिला समूह के द्वारा पारंपरिक नृत्य गान करते हुए कार्यक्रम स्थल तक पहुंचा गया। कार्यक्रम की शुरूआत आमंत्रित अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करके एवं स्व महेश्वर राम बेसरा की तस्वीर पर पुष्प अर्पित करते हुए किया गया। कार्यक्रम समिति के अध्यक्ष मोहन प्रधान के द्वारा सभी अतिथियों का परिचय, स्वागत भाषण एवं तौलिया देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथी पूर्व विधायक निर्मल कुमार बेसरा ने कहा कि युवा पीढ़ी को स्व महेश्वर राम बेसरा के जीवन से प्रेरणा लेकर उनके बताए मार्ग पर आगे बढ़ने की जरूरत है। उनकी जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताए कि वे स्कूली शिक्षा ग्रहण के लिए उन्हें पाला मांड़ा नदी को पार करके स्कूल जाना पड़ता था और वर्षा के दिनों में जब नदी भर जाती थी, वे तैर कर नदी पार करते थे, और समय पर स्कूल में उपस्थित होते थे। वे समय के पाबंद थे।

## न्यूज बॉक्स

### कोलेबिरा जंगल में हाईवा और डंफर टकराई,चालक हुआ घायल



**कोलेबिरा।** कोलेबिरा थाना क्षेत्र के कोलेबिरा घाटी फिकपानी के पास गुरुवार की सुबह एक हाईवा और डंफर आपस में टकरा गई। घटना में डंफर 10 फीट नीचे खाई में चली गई, जिससे उसके चालक को कई जगह चोट लगी।जानकारी के अनुसार कंनजोबा माइंस से एक डंफर बोल्डर लेकर पाकरटांड़ की तरफ जा रही थी। इसी क्रम में कोलेबिरा घाटी के फिकपानी के पास सिमडेगा से गुमला की तरफ जा रही हाईवा उससे टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार हुई की डंपर सड़क के नीचे 10 फीट खाई में चली गई। घटना में डंपर के चालक महेंद्र महतो को कई जगह चोट लगी। जबकि हाईवा का ड्राइवर घटना के बाद भाग गया। घटना के बाद घटनास्थल पहुंची पुलिस ने, घायल चालक को इलाज के लिए कोलेबिरा अस्पताल भेजा। इधर पुलिस घटना के संबंध में अग्रतर कार्रवाई कर रही है।

### कुरडेग में धूमधाम से मनाया गया वट सावित्री का पर्व



**कुरडेग।** प्रखंड क्षेत्र में गुरुवार को वट सावित्री व्रत का त्योहार धुमधाम से मनाया गया। हिंदू धर्मावलंबी महिलाओं ने व्रत रखकर सुहाग के कल्याण एवं रक्षा की कामना की। व्रत को लेकर प्रातः से ही महिलाओं का हुजूम प्रखण्ड के विभिन्न बरगद पेड़ के नीचे दिखने लगा था। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच महिलाओं ने पंचोपचार विधि से वट वृक्ष का पूजन किया एवं कच्चा सूत बाँधकर परिक्रमा की लाल-पीली साड़ियों में सजी महिलाओं ने बताया कि वे इस पर्व को लेकर आज व्रत धारण करेंगी। उन्होंने पूजन के उपरांत सदा सुहागिन रहने की मन्नत मांगी। वहीं महिलाओं ने बताया कि पुरातनकाल में सती सावित्री ने इस व्रत को किया था तथा सदा सुहागन रहने की मंगलकामना की थी। तभी से सुहागिन महिलाएं इस व्रत को धारण करती है। व्रत को लेकर सड़को पर रंग बिरंगी परिधानों में सजी महिलाओं की भीड़ देखी गई। वट सावित्री को लेकर प्रखण्ड मुख्यालय से ग्रामीण इलाकों तक महिलाओं में जबरदस्त उत्साह रहा।

### रौतिया समाज की बैठक में सामाजिक एकता पर दिया गया जोर

**बानो।** रौतिया समाज की बानो के बैठक हांटिगहोढे सेमरटोली में की गयी।बैठक की अध्यक्षता अर्जुन साय ने की बैठक में समाज के सामाजिक एकता पर जोर दिया।समाज में हो रहे बुराईयों को दूर करने पर विचार किया गया।समाज में राजनीतिक विषयों पर विचार की गयी। सप्ताह में हर गांव में साप्ताहिक बैठक करने पर विचार की गयी, गांव -गांव में सामाजिक बैठक कर गांव समिति का विस्तार करने पर विचार किया गया मौके पर रौतिया समाज केप्रखंड अध्यक्ष बानो महेश सिंह, जिला अध्यक्ष राजेश सिंह,रामप्रसाद सिंह, हरिश सिंह, बालकिशोर सिंह शिवशरण सिंह, नरेन्दर सिंह, बरजराज सिंह, देवकरण सिंह, जगतपाल सिंह, रामधन सिंह, सहरू सिंह, मालावती देवी, राधिका देवी, भानुमती देवी, बिरेन्दर सिंह, जगेशवर सिंह, विश्राम सिंह, आदि लोग उपस्थित थे।

### सखुआ पेड़ से गिर कर महिला हुई घायल बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर



**बानो।** प्रखण्ड के सोय पंचायत अंतर्गत बरटोली डूमर टोली की हेलन सुरीन पेड़ से गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गई ।घटना के सम्बध में महाबुआंग वार्ड सदस्य संदीप समद ने घटना की जानकारी देते हुए बताया की यह घटना दिनांक 5 जून की है ।शाम के करीब 4 बजे हेलन सुरीन सखुवा पत्ता तोड़ने के लिए पेड़ पर चढ़ी हुई थी, जिसके बाद अनियंत्रित होकर पेड़ से गिर कर गम्भीर रूप से घायल हो गई। घायल हेलन सुरीन को आनन फानन में प्राथमिक उपचार के लिए बानो सामुदायिक स्वास्थ केंद्र भर्ती करवाया गया। उसके बाद उसकी तबियत और बिगड़ने लगी तो प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर कर दिया गया है।

### बोलबा प्रखंड मुख्यालय में सुहागिनों ने किया वट सावित्री की पूजा

**बोलबा।** बोलबा प्रखण्ड मुख्यालय में सुहागिनों ने श्रद्धापूर्वक वट सावित्री की पूजा किया। इस मौके पर प्रातः को प्रखण्ड मुख्यालय की महिलाओं ने उपवास व्रत रखकर अखण्ड सुहाग की कामना करते हए वट वृक्ष के पास बैठकर श्रद्धापूर्वक पूजा-अर्चना किया ।इस मौके प0 पारसमणि दास ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन कराया । सुहागनों ने वटवृक्ष की विधिवत पूजन एवं रक्षा सूत्र बांधकर अखण्ड सुहाग की कामना किया । इस मौके पर हवन - पूजन, आरती, प्रसाद वितरण किया गया । इस मौके पर अंजू खलखो, ममता देवी, आरती देवी, सोनी देवी, आसमां देवी एवं अन्य महिलाएं मौजूद थी।

## सड़क दुर्घटना एएसआई व जवान घायल



**नवीन मेल संवाददाता। बानो** बानो प्रखंड मुख्यालय से कुछ ही दूरी पर पबुड़ा मोड़ के समीप गुरुवार को वैगनआर कार और पिकअप वैन में टक्कर होने से बानो थाना में कार्यरत एक एएसआई शंकर बाखला और जवान हरिपद महतो घायल हो गये ।घटना के सम्बन्ध में मिली जानकारी के अनुसार वैगनआर कार से एएसआई शंकर बखला और जवान हरिपद महतो बानो आयुष हेल्थ सेंटर से दवाई लेकर थाना की ओर जा रहे थे। इसी क्रम में पबुड़ा मोड़ के समीप बानो से कोलेबिरा की ओर जा रही पिकअप वैन ने सीधी टक्कर हो गई ।मिली जानकारी के अनुसार बानो के एक युवक की सिमडेगा के नजदीक सड़क दुर्घटना में घायल हुआ जिसके परिजन बानो से सिमडेगा जा रहे थे तभी पबुड़ा मोड़ में भिड़ंत हो गई ।इधर इस घटना में एएसआई एवं जवान को बानो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां बेहतर इलाज के लिये दोनों को रिम्स रेफर कर दिया गया ।थाना प्रभारी विकास कुमार ने बताया कि पिकअप वैन को जब्त कर लिया गया है पुलिस मामले की जांच कर रही है ।इस दुर्घटना में मुंशी हरिपद महतो का बायां हाथ टूट गया है तथा एएसआई शंकर बाखला को सिर में चोट लगी है ।दुर्घटना की जानकारी मिलने पर बानो इंस्पेक्टर व थाना प्रभारी विकास कुमार ने अस्पताल जा कर घायलों से मिल कर हाल चाल जाना। दोनो घायलों का उचित इलाज के लिए रांची रेफर कर दिया गया।

# जहां ईश्वर की कृपा होती है,वहां सभी कार्य होते हैं संपन्न : एनोस



**नवीन मेल संवाददाता। ठेठईटांगर** जीईएल चर्च कुड़पानी मंडली में गुरुवार को 27वां वार्षिक संस्कार दिवस समरोह का आयोजन किया गया। मौके पर पादरी विभव केरकेट्टा और पादरी दुलार केरकेट्टा की अगुवाई में विशेष अराधनाकी गई। समारोह में मुख्य रुप से पूर्व मंत्री एनोस एक्का उपस्थित थे। मौके पर एनोस एक्का ने कहा कि परपिता परमेश्वर की कृपा से यह कार्यक्रम सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। जहां ईश्वर की कृपा होती है, वहां सभी कार्य संपन्न होते हैं। उन्होंने कहा कि हमें निरंतर ईश्वर की स्तुती करने की आदल डालनी है। साथ ही समाज में आपसी प्रेम, भाईचारा कायम रखनी है। एनोस ने कहा कि समाज के लोगों को संगठित रहना है। समाज को हम सभी को मिलकर आगे ले जाने का प्रयास करना है। समाज में व्याप्त कुरितियों को भी दूर करने के लिए हम में से प्रत्येक जन को आगे आने की जरुरत है। आज युवा वर्ग नशापान का शिकार हो रहे हैं। युवा वर्ग नशापान से दूर होकर समाज के विकास में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। समारोह को युवा जिलाध्यक्ष संदेश एक्का ने भी संबोधित किया। समारोह में पवित्र गिरजा अराधना एवं प्रभु भोज का अनुष्ठान किया गया। उपासना सेवित मनीषा किड़ो के द्वारा किया गया। अंतिम प्रार्थना विभव केरकेट्टा के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में बाबूराम लकड़ा, जोसेफ डुंगडुंग, रसाल खलखो, साहदेव, प्रचारक इनोसेंट डुंगडुंग, लोबन बाः आदि उपस्थित थे।

> समाज में व्याप्त कुरितियों को भी दूर करने के लिए हम में से प्रत्येक जन को आगे आने की जरुरत है। आज युवा वर्ग नशापान का शिकार हो रहे हैं

# जहरीले सांप के काटने से 9 साल की बच्ची की इलाज के क्रम में हुई मौत



**नवीन मेल संवाददाता। पाकरटांड** पाकरटांड थाना क्षेत्र अंतर्गत गोठाईनटांगर गांव में जहरीले सांप के काटने से 9 वर्ष की सपना कुमारी नामक मासूम बच्ची की मौत हो गई। घटना गुरुवार को दिन के 12:00 की है। जानकारी देते हुए पिता जगमोहन सिंह ने बताया कि वह काम करने के लिए गया हुआ था, जबकि उसकी पत्नी धान काटने गई थी ।इसी दौरान उसकी 9 साल की बेटी अपने अन्य सहेलियों के साथ घर के पास पेड़ के नीचे खेल रहे थी। इसी दौरान पेड़ में बने एक लता में हाथ डालने की वजह से उसे सांप ने काटा और इसकी सूचना सहेलियों के द्वारा उसकी बड़ी बहन एवं छोटे भाई को दिया।जिसके बाद बड़ी बहन के द्वारा इसकी सूचना मां-बाप को दिया और मां-बाप तुरंत घर पहुंचे जहां पर देखा कि उसकी तबीयत बिगड़ने लगी थी। तुरंत 108 एंबुलेंस को कॉल किया गया जिसके बाद एंबुलेंस की मदद से उसे सिमडेगा सदर अस्पताल लाया गया।इधर बच्ची को सदर अस्पताल लाने के साथ ही डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया ।बताया गया कि शरीर मे अत्यधिक जहर फैल जाने की वजह से सपना की मौत हो गई। वहीं मामले की जानकारी सिमडेगा पुलिस को दी गई। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची एवं शव को पोस्टमार्टम के लिए अपने कब्जे में लिया समाचार लिखे जाने तक शव का पोस्टमार्टम नहीं हो सका था।इधर बच्ची की असामयिक मृत्यु होने से मां एवं पिता का रो-रो कर बुरा हाल था।

जनता दरबार आयोजित कर उपायुक्त ने सुनी आम जनों की समस्याएं

## शीघ्र समाधान कराने का दिया आश्वासन



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** आम जनमानस के समस्याओं के समाधान और त्वरित निष्पादन को लेकर उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह के द्वारा गुरुवार को जनता दरबार का आयोजन किया।इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने जनता दरबार में आकर अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। इस दौरान उपायुक्त महोदय ने वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी एवं आश्वस्त किया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द समाधान किया जाएगा। उपायुक्त के जनता दरबार में प्रधानमंत्री आवास योजना के द्वितीय किस्त की राशि भुगतान कराने, जाति प्रमाण पत्र निर्गत कराते हुए कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में नामांकन दिलाने, मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत कराते हुए विधवा पेंशन योजना का लाभ मुहैया कराने, हर घर नल जल योजना के तहत पानी की आपूर्ति कराने एवं पथ निर्माण कराने से संबंधित मामले आये। उपायुक्त द्वारा जनता दरबार में शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को सुनने के पश्चात सभी संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करने हेतु अग्रसारित किया।

भाजपा जिलाध्यक्ष ने सभी मतदाताओं व कार्यकर्ताओं का जताया आभार

## आगामी विस चुनाव की तैयारी में जुटें कार्यकर्ता : लक्ष्मण



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने जिले के सिमडेगा एवं कोलेबिरा दोनों विधानसभाओं के मतदाताओं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया है। आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि मतदाताओं ने भारतीय जनता पार्टी को दोनों विधानसभा से 1,20,674 वोट दिया है जो भारतीय जनता पार्टी के प्रति प्रेम समर्पण और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी पर यकीन साथ ही पूर्व केंद्रीय मंत्री सह प्रत्याशी अर्जुन मुंडा के प्रति विश्वास को दर्शाता है। इसीलिए भारतीय जनता पार्टी सिमडेगा जिले के दोनों विधानसभा के मतदाताओं का आभार प्रकट करती है और उन्हें आशा और विश्वास दिलाती है कि भविष्य में जो भी कमियां और खामियां रही हैं, उसे दूर कर विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेगी।साथ ही उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के सभी जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रभारी, शक्तिकेन्द्र संयोजक, सहसंयोजक, बूथ अध्यक्षों आभार प्रकट करते हुए कहा कि सभी कार्यकर्ता बधाई के पात्र हैं कि अपना कीमती समय निकालकर इस कड़ी धूप में भी अपना 100% योगदान कार्यकर्ताओं ने दिया। रिजल्ट भले ही आशा के अनुरूप न रहा हो पर हमलोगों को पूरी मजबूती से आने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाना है और दोनो विधानसभा में अपने विधायक के साथ राज्य में अपनी सरकार बनानी है।साथ ही सिमडेगा विधानसभा के संयोजक विमला प्रधान एवं सहसंयोजक सुशील श्रीवास्तव ने मतदाताओं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया है।

## ग्रामीण शिक्षा व्यवस्था को किया जा रहा है सुदृढ़ : विधायक भूषण बाड़ा



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** केरसई प्रखंड के जीईएल प्रावि कोनजोबा में बने नवनिर्मित विद्यालय भवन का बिशप निस्तार कुजूर और विधायक भूषण बाडा. ने फीता काटकर उद्घाटन किया। मौके पर बिशप निस्तार कुजूर के द्वारा मिस्सा पूजा की गई। साथ ही उन्होंने विद्यालय भवन में आशीष जल का छिड़काव किया। मौके पर विधायक ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित विद्यालयों को हर स्तर पर सुधारा जा रहा है। आज सभी स्कूलों में पर्याप्त मात्रा में शिक्षकों की बहाली की गई है। भवनों की कमी को देखते हुए तेजी के साथ प्राथमिकता के आधार पर भवन का निर्माण किया जा रहा है। आने वाले दिनों में इन सभी स्कूलों में शहरी स्कूलों के तर्ज पर पर्याप्त सुविधाएं बहाल करने का प्रयास किया जाएगा। विधायक ने कहा कि गांव के बच्चों को भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलने का पुरा अधिकार है।

# भाजपा नेता रणधीर कुमार ने दिया इस्तीफा



**नवीन मेल संवाददाता। कोलेबिरा** पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के जिला विभागीय सांसद प्रतिनिधि रहे रणधीर कुमार ने अपने जिला कमेटी एवं प्रखंड कमेटी को अपना इस्तीफा सौंपा है। रणधीर कुमार ने भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक को अपने पद और प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी जिला समिति और प्रखण्ड समिति कोलेबिरा में आरोप लगाया है उन्होंने भाजपा में ठेकेदार, दलाल और स्वार्थी और चापलूस लोगों का पूरी तरह कब्जा हो गया है। कार्यक्रताओं का न कहीं कोई सम्मान है न उनकी जायज बातों को कोई सुनने वाला है। लोकसभा चुनाव में सिमडेगा जिले में उम्मीद के विपरीत खराब प्रदर्शन का कारण भी यही रहा है। उन्होंने इन्हीं कारणों से खुद को बहुत दुखी मन से भाजपा से इस्तीफा दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि जहां आत्मसम्मान की रक्षा न हो और कार्यक्रताओं का सम्मान न हो उस दल में रहना बहुत मुश्किल है। रणधीर कुमार ने लोकसभा में खराब प्रदर्शन का भी नैतिक जिम्मेदारी लिया है।

### ठेठईटांगर पुलिस ने खोया मोबाइल बरामद कर मालिक को किया सुपुर्द

**ठेठईटांगर।** मिली जानकारी के अनुसार ठेठईटांगर पुलिस ने ने खोए हुए मोबाइल को बरामद कर उसके मालिक को सौंप दिया. मालूम हो कि नीतीश बाः ग्राम राईकोना थाना पाकरटांड का मोबाइल पिछले साल 17 4.2024 को अपने घर से टुकुपानी जाने के क्रम में कहीं रास्ते में गिर गया था। उन्होंने मोबाइल गुम होने को लेकर थाना में लिखित गुमशुदा संबंधी मामला दर्ज कराया था इसके बाद ठेठईटांगर पुलिस तत्परता से पहल करते हुए मोबाइल बरामद कर मोबाइल मालिक को सौंप दिया. मोबाइल मिलने से मोबाइल मालिक के चेहरे पर खुशी देखी गई तथा इसके लिए ठेठईटाँगर पुलिस को धन्यवाद दिया।

# सावित्री-सत्यवान की कथा सुनकर सुहागिनों ने की वट वृक्ष की पूजा

**नवीन मेल संवाददाता। आदित्यपुर**
अखंड सौभाग्य की कामना के साथ गुरुवार को सुहागिन महिलाओं ने वट सावित्री की पूजा की। महिलाओं ने पूजा-अर्चना कर सावित्री सत्यवान की व्रत कथा सुनी। व्रती महिलाएं सुबह ही पूजन सामग्री लेकर वट और पीपल वृक्ष का पिसी हल्दी, सिंदूर, अच्छत, फूल, धूप, दीप, नैवेद्य आदि से पूजन किया और 108 परिक्रमा कर भगवान विष्णु से पति की लंबी आयु और परिवार वालों की खुशी की कामना की। ज्योतिषाचार्य पंडित रमेश कुमार शास्त्री ने वट सावित्री पूजा का मुहुर्त 6 जून को प्रात 6 बजकर



57 मिनट से ही है। महिलाएं शाम 5 बजकर 38 मिनट तक पूजन कर सकती है। बताया कि अभिजीत मुहुर्त दिन में 11:36 बजे से दोपहर 12:54 बजे तक था। इस अवधि में पूजा-अर्चना करना विशेष फलदायी होता है।

**यमराज से सत्यवान को वापस लेकर आयी थी सावित्री**
ज्योतिषाचार्य पंडित रमेश कुमार शास्त्री ने बताया कि वट सावित्री पूजा सुहागिन महिलाओं के लिए बहुत ही शुभदायक है। हर साल अखंड सौभाग्य की प्राप्ति और दांपत्य जीवन में शांति, सुखमय, कल्याणमय और घर में सुख, शांति व धन धान्य की समृद्धि के लिए व्रती महिलाएं वट वृक्ष का विधि-विधान से पूजा अर्चना करती हैं। उन्होंने बताया कि वट वृक्ष का पूजन और सावित्री-सत्यवान की कथा का स्मरण करने के विधान के कारण ही यह व्रत वट सावित्री के नाम से प्रसिद्ध हुआ है। उन्होंने सत्यवान-सावित्री की कथा बताते हुए कहा कि सावित्री राजर्षि अश्वपति की एकमात्र संतान थीं। सावित्री ने वनवासी राजा द्युमत्सेन के पुत्र सत्यवान से विवाह किया था। लेकिन जब नारद जी ने उन्हें बताया कि सत्यवान की आयु कम है, तो भी सावित्री ने अपना फैसला नहीं बदला और सत्यवान से शादी कर ली। सावित्री सभी राजमहल के सुख और राजवैभव त्याग कर सत्यवान के साथ उनके परिवार की सेवा करते हुए वन में रहने लगीं। जिस दिन सत्यवान के महाप्राण का दिन था, उस दिन वह लकड़ियां काटने जंगल गये थे।

## घूस लेते रंगे हाथ धरा गया मुखिया

### आवास योजना में ले रहा था 8 हजार रुपए घूस

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
जिले के जमुआ थाना क्षेत्र में गुरुवार को एक मुखिया घूस लेते रंगे हाथ पकड़ा गया है. एंटी करप्शन ब्यूरो की एक टीम ने जमुआ थाना के नजदीक 8 हजार रुपए घूस लेते हुए जमुआ प्रखण्ड के चरघरा पंचायत के मुखिया महावीर दास को दबोचा है। गिरफ्तारी के बाद एसीबी की टीम उसे अपने साथ धनबाद ले गयी। मिली जानकारी के अनुसार घूसखोर मुखिया महावीर दास अबुआ आवास योजना को लेकर खरखो निवासी बालेश्वर राय से घूस की मांग कर रहा था। इसके बाद बालेश्वर राय ने एसीबी से इसकी शिकायत की। शिकायत के बाद एसीबी ने मामले का सत्यापन किया। जिसके बाद टीम प्लान के मुताबिक जमुआ पहुंची और जमुआ थाना के नजदीक बालेश्वर राय की पत्नी के हाथों घूस का रकम लेते हुए मुखिया को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया।



गौरतलब है कि सप्ताह दिन के भीतर जिले में एसीबी की यह दूसरी कार्रवाई है। इसके पूर्व शनिवार को ही जिले के पीरटांड प्रखंड परिसर में 3 हजार रुपए घूस लेते हुए एसीबी की टीम ने पंचायत सचिव मंसूर अली को गिरफ्तार किया था। बहरहाल, जिले में निरंतर एसीबी की कार्रवाई से हड़कंप का माहौल है। वहीं लगातार कार्रवाई के बाद भी घूसखोरी का खेल बदस्तूर जारी है।

## बोकारो स्टील प्लांट में एक भी मजदूर की छंटनी नहीं होने देंगे : ढुल्लू महतो

**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**
धनबाद लोकसभा के नव निर्वाचित सांसद ढुल्लू महतो चुनाव जीतने के बाद पहली बार गुरुवार को बोकारो पहुंचे। यहां उन्होंने सुबह में बोकारो स्टील प्लांट के गेट पर पहुंचकर ड्यूटी जा रहे मजदूरों से मुलाकात की और चुनाव में समर्थन देने के लिए आभार जताया। इसके बाद दिल्ली के लिए रवाना हो गए। ढुल्लू ने कहा कि उन्हें बीएसएल के मजदूरों की समस्याओं की जानकारी है। ठेका मजदूरों के शोषण से भी अवगत हूं। ठेका मजदूरों की मेडिकल जांच पर कहा कि यदि यह जांच मजदूरों को स्वस्थ रखने के ख्याल से हो रही है, तो स्वागत है, लेकिन यदि छंटनी की साजिश है, तो प्रबंधन कान खोलकर सुन



ले, एक भी मजदूर की छंटनी नहीं होने दूंगा। ठेका मजदूरों के साथ भेदभाव व प्रताड़ना बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने मजदूरों के सुख-दुख में हमेशा साथ देने का वादा किया। विस्थापन की समस्या के समाधान का भी आश्वासन दिया। मौके पर जनता मजदूर सभा के अध्यक्ष साधु शरण गोप, प्रेम कुमार, संदीप कुमार, घनश्याम गोप, शंकर महथा, विस्थापित नेता सहदेव साव, उमाशंकर गोप आदि उपस्थित थे।

## खजूर तोड़ने की बात को लेकर भिड़े दो युवक



**नवीन मेल संवाददाता। तिसरी**
थाना क्षेत्र में गुरुवार को खजूर तोड़ने के विवाद में आपस में भिड़े किशोर ने बीच बचाव करने आई एक महिला के सिर में धारदार हथियार से वार कर दिया। घटना में महिला गंभीर रूप से जख्मी हो गयी। इस दौरान महिला को गंभीर हाल में पहले तिसरी स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे गंभीर स्थिति को देखते हुए गिरिडीह सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। मामला गुमगी पंचायत के सिमराडीह गांव का है। जख्मी महिला बासो राम की 40 वर्षीय पत्नी हेमंती देवी है। बताया जाता है कि बुधवार को खजूर तोड़ने को लेकर हेमंती देवी के पुत्र व एक अन्य किशोर के बीच विवाद हुआ था। इस दौरान स्थानीय ग्रामीणों ने बीच-बचाव कर विवाद को शांत करवा दिया था। इसी बीच गुरुवार को दोबारा दोनों के बीच विवाद छिड़ गया। इस दौरान मामला मारपीट तक जा पहुंचा पुत्र को पीटते देख हेमंती देवी उसे बचाने गयी। तभी दूसरे किशोर ने हेमंती देवी पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। घटना में हेमंती के सिर और हाथ में गंभीर चोट आई है। मौके पर स्थानीय ग्रामीणों द्वारा बीच बचाव करते हुए मुखिया प्रतिनिधि महेश यादव के सहयोग से 108 एंबुलेंस सेवा द्वारा घायल महिला को तिसरी स्वास्थ्य केंद्र लाया गया और प्राथमिक उपचार के बाद उसकी स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल गिरिडीह रेफर कर दिया गया। मामले की जानकारी तिसरी पुलिस को भी दी गई है।

## अन्नपूर्णा देवी की जीत पर एनडीए कार्यकर्ताओं ने निकाला विजय जुलूस



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
कोडरमा सीट में भारी मतों से अन्नपूर्णा देवी की जीत होने के बाद पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। जगह-जगह जीत को लेकर जश्न मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में गुरुवार को बिरनी प्रखण्ड के बिराजपुर चौक से पलौंजिया बाजार,बरहमसिया चौक होते हुए एनडीए कार्यकर्ताओं ने गाजे-बाजे के साथ भव्य विजय जुलूस निकाला। कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा मंडल अध्यक्ष राजदेव साव ने किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को गुलाल-अबीर लगाया तथा मिठाइयां बांटी। जुलूस में विहिप जिला मंत्री निरंजन कुमार, प्रखंड मंत्री बालेश्वर साव,सांसद प्रतिनिधि देवनाथ राणा, प्रेमचंद प्रसाद कुशवाहा, कैलाश पासवान, आजसू केंद्रीय सदस्य कंचन राय, आजसू प्रखण्ड उपाध्यक्ष अमित गुप्ता, राजेन्द्र यादव, गोविंद निर्मल साव, छत्रधारी दास, मुखिया दिलीप रविदास, बृजनन्दन वर्मा, पंकज हिंदुस्तानी, मुखिया सत्येंद्र राउत समेत सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## बिरनी के 42 वर्षीय युवक की हार्ट अटैक से मुंबई में हुई मौत

**राष्ट्रीय नवीन मेल संवाददाता**
**बिरनी गिरीडीह**
बिरनी थाना क्षेत्र के राजमनिया गांव के रहने वाला 42 वर्षीय युवक की मौत मुंबई में हुई है। बता दे कि मृतक की पहचान राजमनिया गांव निवासी बांधो साव के पुत्र प्रकाश साव के रूप में हुई है। मृतक प्रकाश साव मुंबई में रोजीरोटी के लिए कार्य करते थे। जिसके बाद हार्ट अटैक से उनकी मौत हो जाती है। मौत की खबर सुनकर राजमनिया गांव में मातम छा गया है। जिसके बाद मृतक प्रकाश साव का शव मुंबई पुलिस के कब्जे में है। इधर मृतक के पत्नी प्रिया देवी ने बिरनी थाना में आवेदन देकर मुंबई से मृतक पति का शव लाने के लिए मुंबई



पुलिस ने स्थानीय थाना से सत्यापन की मांग की है। जिसके बाद पत्नी प्रिया देवी ने बिरनी थाना में लिखित आवेदन देकर मुंबई से मृतक पति का शव लाने के सत्यापन हेतु, बिरनी थाना से गुहार लगाई है।

## बंद खदान में चाल धंसने की सूचना पर पहुंचे अधिकारी, मुहाने को बंद कराया

**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**
सोनारडीह ओपी क्षेत्र अंतर्गत बीसीसीएल की बंद पड़ी कोरीडीह तीन नंबर खदान में गुरुवार को अवैध खनन के दौरान चाल धंसने की खबर जंगल में आग की तरह फैली। कोयला तस्कर बंद खदान का मुहाना खोलकर कोयले की कटाई करवा रहे थे। इसी दौरान चाल धंसने की बात कही जा रही है। सूचना मिलते ही बीसीसीएल के अधिकारी आनन-फानन में मौके पर पहुंचे और सीआईएसएफ व सोनारडीह ओपी पुलिस की मौजूदगी में खोले गए दो मुहानों को डोजर से ओबी डाल कर बंद



करवा दिया।

लेकिन कोयला तस्करों द्वारा मुहाने के बाहर रखे गए अवैध कोयले को न तो बीसीसीएल के अधिकारियों ने अपने कब्जे में लिया, न ही पुलिस व सीआईएसएफ ने कोयला जब्त करने में कोई दिलचस्पी दिखाई। बीसीसीएल अधिकारी, सीआईएसएफ व पुलिस अधिकारी तस्करों पर मेहरबान दिख रहे थे। कार्रवाई के नाम पर सिर्फ आई वाश किया गया। स्थानीय लोगों की मानें तो यहां करीब एक महीने से अवैध मुहाना खोलकर कोयले की कटाई की जा रही है। खदान से कोयला निकालकर रात के अंधेरे में बड़ी गाड़ियों पर लोड कर तस्कर बाहर भेजते हैं। गुरुवार को कोयला कटाई के दौरान अचानक खदान के अंदर चल धंस गई। आनन-फानन में सभी मजदूरों को बाहर निकाल दिया गया। घटना की खबर धीरे-धीरे पूरे इलाके में फैल गई।

## आत्मसमर्पण के पूर्व आरोपियों ने पीड़ित पक्ष को दी धमकी, फिर न्यायालय में किया सरेंडर

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
छोटी यादव हत्याकांड के आरोपी प्रतीक यादव और राहुल यादव ने गुरुवार को कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया. हालांकि समर्पण से पहले आरोपियों ने मृतक छोटी यादव के परिजनों को जेल से बाहर निकलने के बाद और लोगों की भी हत्या करने की धमकी दी है। घटना से मृतक छोटी यादव के परिजन खौफ में हैं। गुरुवार को सदर अस्पताल के समीप मृतक छोटी यादव के परिजनों ने जमकर हंगामा किया। जानकारी मिलने के बाद नगर थाना प्रभारी शैलेश प्रसाद और महिला थाना प्रभारी दीपमाला भी पुलिस जवानों के साथ परिजनों को समझाने पहुंचे। काफी प्रयास




के बाद परिजनों का गुस्सा शांत हुआ। इस दौरान मृतक के भाई का आरोप था कि उसके भाई छोटी यादव की हत्या के बाद हत्याकांड में शामिल आरोपी प्रतीक यादव और राहुल यादव गुरुवार को आत्म समर्पण करने पहुंचे, लेकिन जब दोनों कोर्ट में समर्पण करने लगे उसके पूर्व कोर्ट जाने से पहले दोनों आरोपियों ने पूरे परिवार को धमकी दी और कहा कि अभी तो सिर्फ उनके घर में पिता और भाई छोटी यादव कि हत्या हुई है। जेल से बाहर निकलने के बाद उन्हें भी नहीं छोड़ा जाएगा। उनकी भी हत्या होगी। गौरतलब है कि जमीन विवाद को लेकर सिहोडीह सिरसिया में दो गोतिया के बीच पिछले कई सालों से खूनी झड़प चला आ रहा है। अभी कुछ दिन पहले ही राहुल यादव और प्रतीक यादव समेत उसके भाईयो ने छोटी यादव की हत्या शहर के निखर होटल के समीप दिनदहाड़े चाकू मारकर कर दी थी। घटना के बाद नगर थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

## नीट परीक्षा में सफल कतरास के छात्र सोहेल को यूथ फोर्स ने किया सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**
कतरास के श्यामडीह मोड़ स्थित यूथ फोर्स प्रधान कार्यालय में गुरुवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में जदयू के प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह ने नीट परीक्षा में सफल छात्र श्यामडीह निवासी सोहेल अख्तर को सम्मानित किया। उसे प्रशस्ति पत्र, पुस्तक, अंग वस्त्र और गुलदस्ता देकर सम्मानित किया गया। मौके पर छात्र के माता-पिता भी थे। दीप नारायण सिंह ने कहा कि संस्था पिछले 16 वर्षों से ग्रामीण क्षेत्र के प्रतिभाशाली युवाओं को आगे बढ़ने में सहयोग करती आ रही है। हमें फख्र है कि एक मजदूर के बेटे ने नीट परीक्षा में सफल होकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

## एक नजर

### सुहागिनों ने पति की लंबी आयु के लिए वट सावित्री की पूजा की

**किरीबुरु।** मेघाहातुबुरु और आसपास की सैकड़ों सुहागिन महिलाओं ने वट सावित्री पूजा कर अपने पति की दीर्घआयु की कामना की। इस दौरान मंदिर सहित शहर के अन्य इलाकों पर स्थित वट वृक्षों पर सज संवरकर महिलाएं पूजा करती नजर आयीं। किरीबुरु स्थित सेल के बस स्टैंड परिसर में स्थित वट वृक्ष के पास सबसे ज्यादा भीड़ देखी गयी। अन्य स्थानों पर भी महिलाओं ने सावित्री सत्यवान की व्रत कथा सुना और अपनी पूजा पूरी की। इस दौरान महिलाओं ने वट वृक्ष पर मौली धागा (लंबा कच्चा धागा) बांधा। ऐसी मान्यता है कि जितना लंबा धागा होगा, पति की आयु उतनी लंबी होगी। बता दें कि पूर्व की तुलना में अब वट सावित्री पूजा करने वाली महिलाओं की संख्या में बढ़ी है। पर्व को लेकर फलों के दामों में भारी बढ़ोतरी हुई है।

### माहुरी समाज ने मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**कतरास।** माहुरी वैश्य मंडल कतरास की ओर से गुरुवार को माहुरी समाज भवन में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में 12वीं कॉमर्स के जिला टॉपर व राज्य में तीसरा स्थान प्राप्त करने वाले संकेत गुप्ता समेत 33 मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र व शिल्ड देकर सम्मानित किया गया। मौके पर समाज के अध्यक्ष राजेश गुप्ता, मंत्री राजकुमार गुप्ता, कतरास शाखा अध्यक्ष बबलू गुप्ता, सचिव नीरज कुमार गुप्ता, विनायक गुप्ता, प्रकाश राम गुप्ता, अधिवक्ता अवधेश प्रसाद गुप्ता, बाल गोविंद गुप्ता आदि उपस्थित थे। मंच का संचालन रजनी गुप्ता व रेखा गुप्ता ने किया।

### बीसीएल ब्लॉक टू कार्यालय में चोरी, सुरक्षा गार्ड निलंबित

**धनबाद।** मधुबन वाशरी के समीप स्थित बीसीसीएल ब्लॉक टू कोलियरी कार्यालय के परियोजना पदाधिकारी के कक्ष में बुधवार की रात चोरी हो गई। चोरों ने सेंधमारी कर लाखों रुपए मूल्य की संपत्ति पर हाथ साफ किया। चोरी गए सामान में इनवर्टर, एसी, प्रिंटर मशीन, स्टेबलाइजर सहित अन्य सामिल हैं। गुरुवार को जब अधिकारी व कर्मी कार्यालय पहुंचे तब उन्हें घटना की जानकारी हुई। सूचना पाकर बाघमारा थाना की पुलिस और सीआईएसएफ की टीम घटनास्थल पर पहुंची और छानबीन में जुट गई। पुलिस ने कार्यालय में लगे सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाला। सुरक्षा प्रहरी सूबा हरिजन ने बताया कि सुबह 6 बजे उसे घटना की जानकारी मिली। चोर कार्यालय के पीछे की दीवार में सेंधमारी कर अंदर घुसे। पीओ ने सुरक्षा गार्ड सूबा हरिजन को निलंबित कर दिया है। प्रबंधन की लिखित शिकायत के बाद बाघमारा थाना पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर सुरक्षा गार्ड को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

### चिरकुंडा में 3 दिवसीय शनि जन्मोत्सव का समापन

**चिरकुंडा।** चिरकुंडा सोनारडंगाल स्थित शनि मंदिर में तीन दिवसीय शनि जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। गुरुवार को शनिदेव का तेलाभिषेक, कपड़ाभिषेक के बाद हवन अनुष्ठान हुआ। इस विशेष मौके पर मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। सभी अनुष्ठान मुख्य यजमान अमित गोयल व उनकी पत्नी कविता गोयल ने संपन्न कराए। आयोजन में पुजारी श्याम लाल शर्मा, गणनंद पांडेय, विनोद शर्मा, मुरली तुरी, सुशील कुमार चंद्रवंशी, शिवम शर्मा, गोपाल सिंह, सुरेश सिंह, इंद्रदेव प्रसाद, शशि कुमार, मनोज मालाकार आदि का सहयोग रहा।

## न्यूज बॉक्स

### जंगली सूअर का शिकार करने के आरोप में एक गिरफ्तार



**चांडिल।** दलमा जंगल क्षेत्र के बांधडीह पीएफ में जंगली सूअर का शिकार करने के आरोप में वन विभाग ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्ति नीमडीह थाना क्षेत्र के बांधडीह निवासी डांटू सिंह है। वन विभाग के अधिकारियों ने उसके घर से पका हुआ सूअर का मांस, कच्चा जबड़ा, जीभ व पूंछ बरामद किया है। इस संबंध में दलमा जंगल के चाकुलिया परिसर के प्रभारी वनपाल सिमोन टुडु ने बताया कि दलमा वन्यप्राणी पश्चिमी प्रक्षेत्र, चांडिल अंतर्गत बांधडीह पीएफ में अवैध रुप से जंगली सूअर का शिकार करने के जुर्म में डांटू सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### 9 को मारवाड़ी युवा मंच ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन



**चक्रधरपुर।** मारवाड़ी युवा मंच चक्रधरपुर शाखा की ओर से 9 जून को स्व. सांवरमल की स्मृति में सीकेपी दरबार होटल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। इसे लेकर गुरुवार को सीकेपी दरबार होटल में मंच की ओर से प्रेस वार्ता की गई। इस मौके पर मारवाड़ी युवा मंच चक्रधरपुर शाखा के अध्यक्ष प्रतीक शाह ने कहा कि सामाजिक कार्यों से हमेशा सरोकार रखने वाली शहर की ख्याति प्राप्त संस्था मारवाड़ी युवा मंच एक बार फिर जन कल्याण के लिए 9 जून को रक्तदान शिविर आयोजित कर रहा है। उन्होंने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई महादान नहीं है। इसलिए शिविर में लोग बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर सहभागी बनें। रक्तदान शिविर सुबह 9 बजे शुरू होगा। इस मौके पर मंच के सचिव मयंक केडिया, उपाध्यक्ष विपुल अग्रवाल, उपाध्यक्ष विजय कुमार शर्मा, कोषाध्यक्ष आकाश काबरा, सह कोषाध्यक्ष जतीन शाह, सह सचिव शिवम अग्रवाल, पीयूष अग्रवाल, जन सम्पर्क मंत्री सिद्धार्थ केजरीवाल, ऋषभ राज, झुनझुनवाला, रक्तदान संयोजक कमल खेतान, सह रक्तदान संयोजक ऋषभ मेहता, अमृतधारा संयोजक दीपक अग्रवाल, अभिषेक केजरीवाल, चैतन्य केजरीवाल, समाज विकास संयोजक नितेश भगेरिया, सलाहकार समिति के अवध खीरवाल, नरेश केडिया, संतोष अग्रवाल, सचिन केजरीवाल, महेन्द्र अग्रवाल सहित अन्य मौजूद थे।

### अमर सुहाग की कामना के साथ सुहागिनों ने की वट सावित्री की पूजा



**चांडिल।** सुहागिन महिलाओं ने आज गुरुवार को अमर सुहाग की कामना के साथ वट सावित्री की पूजा की। पारंपरिक सोलह श्रृंगार के साथ सुहागिन महिलाएं पूजन सामग्री लेकर वट वृक्ष के नीचे पहुंचीं और विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इसके बाद सावित्री सत्यवान की व्रत कथा सुनकर पति और पूरे परिवार के खुशहाल जीवन की कामना की। इसके बाद सुहागिन महिलाओं ने एक-दूसरे को सुहाग का सामान भेंट किया। फिर सुहागिन महिलाओं ने अपने पति के पैर धोये और उन्हें प्रसाद देकर अपना व्रत तोड़ा वट वृक्ष की परिक्रमा कर बांधा कलावा चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के चारों प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न स्थानों में आज महिलाओं वट वृक्ष के नीचे पूजा-अर्चना कर अपने पति के दीर्घायु होने और परिवार के सुख-समृद्धि के लिए कामना की। सुहागिन महिलाओं ने निर्जला व्रत रखकर सिंदूर, रौली, फूल, धूप, दीप, अक्षत, कुमकुम, रक्षा सूत्र, मिठाई, चना, फल, बांस का पंखा, नया वस्त्र आदि के साथ वट वृक्ष के नीचे सावित्री की पूजा की। पूजा-अर्चना करने के बाद सुहागिन महिलाओं ने वट वृक्ष की परिक्रमा की। इसके साथ ही महिलाओं ने वट वृक्ष पर कलावा बांधकर अमर सुहाग के साथ सुखद दांपत्य जीवन और पूरे परिवार की खुशहाली की कामना की। माना जाता है कि सुहागिन महिलाओं के वट सावित्री की पूजा करने से वैवाहिक जीवन में चल रही समस्याओं दूर होती है।

### नवागढ़ में सुहागिनों ने वट सावित्री पूजा कर मांगी पति की लंबी आयु

**कतरास।** कतरास कोयलांचल में ज्येष्ठ कृष्ण अमावस्या तिथि पर गुरुवार को वट सावित्री की धूम रही। सुहागिन महिलाओं ने नावागढ़ मोड़ स्थित शिव मंदिर पहुंचकर परिसर स्थित वट वृक्ष की पूजा की और पति की दीर्घायु व सुखद वैवाहिक जीवन का आशीर्वाद मांगा। नावागढ़ शिवालय के पुजारी आचार्य कैलाश पांडे ने सभी सुहागिन महिलाओं को धृति योग के साथ शिववास योग में संकल्प कराकर कच्चा धागा लेकर वटवृक्ष की सात बार परिक्रमा विधि-विधान से कराई। पूजन में क्षेत्र की बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया

### चिरकुंडा में कचरा का उठाव बंद होने से वार्डों में फैली गंदगी

**चिरकुंडा।** चिरकुंडा नगर परिषद क्षेत्र में साफ-सफाई का काम देख रही निजी एजेंसी पायनियर के सफाई कर्मियों ने छंटनी व वाहन में कम डीजल देने के विरोध में गुरुवार से कचरा का उठाव बंद कर दिया। इसके चलते वार्डों में कचरे का अंबार लग गया है। इससे लोगों की परेशानी बढ़ गई है। सफाई कर्मियों व वाहन चालकों ने बताया कि कंपनी के पदाधिकारी कुछ कर्मियों की छंटनी की तैयारी में है। वहीं, कचरा वाहनों में डीजल कम देने का आरोप लगाते हुए चालकों ने वाहनों को नगर परिषद कार्यालय के सामने लाकर खड़ा कर दिया। सिटी मैनेजर मुकेश निरंजन व पायनियर कंपनी के मदन ने कर्मियों को काफी समझाया। उन्हें आश्वत किया कि किसी सफाई कर्मी की छंटनी नहीं होगी। साथ कचरा वाहनों में पर्याप्त डीजल दिया जाएगा। इसके बाद कर्मी मान गए। सिटी मैनेजर ने बताया कि शुक्रवार से क्षेत्र में कचरा का उठाव सुचारू रूप से होगा।


**कार्यालय नगर पंचायत, खूँटी**

ज्ञापांक.............. दिनांक..............

**आम सूचना**

विश्व पर्यावरण दिवस, पर्यावरण पखवाड़ा के तहत् नगर पंचायत, खूँटी के द्वारा वृक्षारोपण का कार्य किया जा रहा है। आप सभी पर्यावरण प्रेमी बुद्धिजीवी नागरिकों से अनुरोध है कि अपने भु-खंड में वृक्षारोपण हेतु इच्छुक व्यक्ति कार्यालय नगर पंचायत में सम्पर्क करें। नि:शुल्क आपके भु-खंड में वृक्षारोपण किया जाएगा।

PR 325320 (Urban Development) 24-25 (D)

प्रशासक,
नगर पंचायत, खूँटी।

# स्थानीय मुद्दों से मोदी की अंतरराष्ट्रीय छवि तक प्रभावित

***प्रधानमंत्री*** नरेंद्र मोदी का पहला दशक काफी बड़े और कड़े फैसलों वाला रहा और उनके निर्णयों और नेतृत्व की धमक देश में ही नहीं पूरी दुनिया में रही जिसके चलते वह समूचे विश्व में सबसे लोकप्रिय राजनेता के रूप में उभरे। लेकिन 2024 के लोकसभा चुनाव परिणाम उनके लिए आश्चर्य लेकर आये जब उनकी पार्टी भाजपा ने लोकसभा में अपना बहुमत खो दिया और सरकार बनाने के लिए दूसरे दलों पर निर्भर हो गयी। इन चुनाव परिणामों ने मोदी की अजेय रहने वाले नेता की छवि पर बहुत बड़ा असर डाला है जिसकी गूंज राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सुनाई दे रही है। देखा जाये तो भारत में तो विपक्ष मोदी को राजनीतिक रूप से नुकसान पहुँचाना चाहता ही था साथ ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी कई ऐसी शक्तियां थीं जोकि मोदी की ग्लोबल लीडर के रूप में पुख्ता होती छवि को नुकसान पहुँचाना चाहती थीं। कह सकते हैं कि भारत में विपक्ष को और विदेशों में भारत विरोधी शक्तियों को कहीं ना कहीं अपने मिशन में थोड़ी-बहुत कामयाबी मिल गयी है। लेकिन यह भी सत्य और एक तथ्य है कि मोदी की कार्यशैली मक्खन पर नहीं अपितु पत्थर पर लकीर खींचने की है इसलिए वह तीसरे कार्यकाल में अपने कामकाज से विरोधियों को तगड़ा जवाब अवश्य ही देंगे। भाजपा के संकल्प पत्र में किये गये वादों की, सब कुछ 'मोदी की गारंटी' के ही इर्दगिर्द केंद्रित था इसलिए कहा जा सकता है कि मोदी ब्रांड की छवि पर सीधा असर पड़ा है। इसलिए अब समय आ गया है जब भाजपा को सिर्फ मोदी नाम के सहारे रहने की बजाय और भी पहलुओं पर काम करना पड़ेगा। जब से मोदी केंद्र की राजनीति में आये हैं तब से यही देखने को मिलता है कि पंचायत से लेकर संसद तक के चुनाव पर भाजपा सिर्फ मोदी नाम के सहारे ही रहती है। भाजपा ने चुनाव में 'मोदी की गारंटी' के अलावा 'विकास भी और विरासत भी' का नारा दिया था और करोड़ों लोगों के गरीबी रेखा से बाहर निकलने तथा भारत के सांस्कृतिक गौरव की बहाली की दिशा में उठाये गये कदमों का हवाला दिया था फिर भी वह स्पष्ट बहुमत से बहुत दूर रह गयी। भाजपा की सीट घटने से सिर्फ पार्टी के ही नेता हैरान और परेशान नहीं हैं बल्कि कई विदेशी नेता भी इस बात से हैरान हैं कि दिन-रात अपने देश के लिए काम करते रहने वाले प्रधानमंत्री को चुनावों में जनता ने क्यों सजा दे दी है। आप दुनिया भर की समाचार वेबसाइटों को देखेंगे तो सभी ने मोदी की सीटें घटने पर हैरानी जताई है। इन चुनाव परिणामों ने मोदी के विदेशों में रुतबे को निश्चित रूप से प्रभावित किया है। दरअसल, जिस तरह का माहौल बनाया गया था उसमें ना तो देश में और ना ही दुनिया में किसी को इस तरह के चुनाव परिणामों की अपेक्षा थी। यही कारण है कि भाजपा तो अपने चुनावी प्रदर्शन पर मंथन कर ही रही है दुनिया के भी कई बड़े नेता भारत के चुनाव परिणामों को लेकर चर्चा कर रहे हैं और इसके कारणों की समीक्षा कर रहे हैं। 2024 में दुनिया के अधिकांश देशों में चुनाव होने हैं। कई छोटे-बड़े देशों में जून महीने की शुरूआत तक चुनाव हो चुके हैं और अमेरिका सहित कई अन्य देशों में चुनाव इस साल के अंत से पहले होने हैं। एक खास बात यह है कि अब तक जितने देशों में चुनाव हुए हैं उनमें से ज्यादातर में सरकारें वापस सत्ता में नहीं लौटी हैं लेकिन मोदी दस साल राज करने के बाद भी तीसरे कार्यकाल के लिए सत्ता में लौट आये हैं। भले उनकी सीटों की संख्या कम हो गयी है लेकिन काम करने के लिए उनके पास स्पष्ट जनादेश है। मोदी ने जब 2014 में भारत सरकार की कमान संभाली थी तबसे दुनिया के तमाम देशों के राष्ट्राध्यक्ष बदल चुके हैं लेकिन मोदी सत्ता में कायम हैं जिसका सीधा मतलब यही है कि जनता को उनके नेतृत्व और उनकी नीतियों में विश्वास है। यह विश्वास ही तो है कि विपक्ष के घोषणापत्र में की गयी फ्री की तमाम सौगातों की बजाय जनता ने मोदी के वादों को तवज्जो दी है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूसरे कार्यकाल की आखिरी कैबिनेट बैठक की बात करें तो उसमें उन्होंने साफ कहा है कि हार-जीत राजनीति का हिस्सा है और नंबरगेम चलता रहता है। उन्होंने कहा है कि लेकिन इस सबका असर देश के विकास पर नहीं पड़ना चाहिए। वैसे देखा जाये तो लोकतंत्र में नंबरगेम ही मायने रखता है लेकिन मोदी के लिए इसका खास महत्व नहीं है।

इन दिनों

# आहार-व्यवहार और विचार संतुलन से ही बचेगा पर्यावरण



अरुण कुमार दीक्षित



***पूरे*** विश्व की जलवायु में परिवर्तन हो रहा है। विश्व के देश इसे लेकर चिंतित हैं। ग्लेशियर पिघल रहे हैं। नदियों में जल की मात्रा घट रही है। अनेक नदियां विलुप्त हो रही हैं। समुद्र का जलस्तर बढ़ रहा है। वैज्ञानिकों का कहना है कि जलस्तर बढ़ने के कारण कई देशों में जल प्रलय के हालात बन सकते हैं। धरती गर्म हो रही है। तापमान बढ़ रहा है। इसी बढ़े तापमान को ग्लोबल वार्मिंग कहा जा रहा है। विश्व भर में गैसों की चर्चा में उनके उत्सर्जन में कमी लाने के लिए दुनिया के देशों में सम्मेलनों के निष्कर्ष रिपोर्टों से लक्ष्य तय कर रहे हैं। कई सम्मेलनों, राष्ट्राध्यक्षों, विदेश मंत्रियों के वक्तव्यों से पर्यावरणीय समस्याएं हल नहीं हो पा रही हैं। पर्यावरण को लेकर पूरी दुनिया के वैज्ञानिक चिंता जता रहे हैं। मगर चिंता के आधार पर कोई देश सकारात्मक कार्रवाई करने को तैयार नहीं है। दूसरा विषय यह भी है, कि राजनीति और पत्रकारिता से जुड़े लोग पर्यावरण को मात्र विकास से जोड़कर देखते हैं। पर्यावरण में क्या प्रयास सही है जो करने योग्य है? अथवा क्या नहीं करने से पर्यावरण ठीक रहेगा? इसकी सटीक जानकारी ही नहीं है। राजनीतिक क्षेत्र से आने वाले लोगों को क्या चिंता पड़ी है कि यह जानें-पर्यावरण क्या है। कैसे पर्यावरण शुद्ध या अशुद्ध होता है। उनके सहायकों और अधिकारियों द्वारा कुछ इधर-उधर की सामग्री जुटाकर भाषण के लिए उपलब्ध कराई जाती है। भाषण से पर्यावरण कैसे ठीक होगा। भाषण से बैठक या रैली ठीक या खराब हो सकती है। पर्यावरणीय नफा-नुकसान राजनीति में बेमतलब है। पर्यावरण दिवस विश्व के 143 देश में मनाया गया। अंग्रेजी भाषा में पर्यावरण शब्द की उत्पत्ति फ्रांसीसी शब्द एनवायरमेंट से हुई है। पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 में भारत की संसद ने अधिनियमित किया था इसका मुख्य उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन के निर्णय को लागू करना था। 5 जून 1973 को पर्यावरण संरक्षण के लिए विश्व स्तर पर राजनीतिक के साथ सामाजिक जागरूकता लाने हेतु इस दिवस की घोषणा की गई थी। 1992 में ब्राजील के रियो डी जेनीरियो में पृथ्वी सम्मेलन हुआ। विश्व के 174 देशों ने भागीदारी की दूसरा सम्मेलन जोहान्सबर्ग में हुआ था। भारतीय संविधान में राज्य के नीति निदेशक सिद्धांतों 48 अ जोड़ा गया और कहा गया कि राज्य के पर्यावरण और वनों वन्य जीवन की सुरक्षा के विकास के उपाय करेगा। साथ ही संविधान के मौलिक कर्तव्यों के आधार पर अनुच्छेद 51 ए जी में कहा गया कि वनों जिलों नदियों और वन्य जीवन की सुरक्षा विकास और सभी जीवों के प्रति सहानुभूति हर एक नागरिकता कर्तव्य होगा। नीति निर्देशक सिद्धांतों की कार्यवाही सरकारी भाग है। भारतीय अवधारणा है कि एक दैवीय तत्व होता है। उसे हम सकारात्मक कहते हैं। वहीं दूसरा आसुरी तत्व होता है, जिसे हम नकारात्मक कहते हैं। जहां आसुरी शक्तियां हैं, वहां हमें सुरक्षा चाहिए। सुरक्षा कवच ही पर्यावरण है। इसे हम पर्यावरण कहते हैं। दुनिया के प्राचीनतम ग्रंथ ऋग्वेद में पर्यावरण को परिधि, आवरण, परिभू आदि नामों से कहा गया है। नारदीय सूक्त में है कि सृष्टि के पूर्व न सत था, न असत था, न लोक था, न आकाश, न उससे परे कुछ था, तब किसने हमें ढंक रखा था। आवरण क्या जल था? पर्यावरण में केवल पेड़-पौधे और वनस्पतियां ही आवश्यक नहीं है। हमारे विचार स्वच्छ हों। हमारा आहार ठीक हो। हमारा व्यवहार ठीक हो। हम अच्छा संगीत सुनें। भयंकर आवाज वाले आधुनिक डीजे व्याकुलता पैदा करते हैं। इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, औद्योगिक कारखानों का शोरगुल, उनसे निकलता घातक केमिकल, वाहनों की ध्वनि, धुआं, उनमें जलता लाखों-करोड़ों लीटर डीजल-पेट्रोल हमारे मन मस्तिष्क को ही कमजोर नहीं करता, अनेक जीवन निगल लेता है। यह आकाश में जाकर विचलन पैदा करता है। परम ऊर्जा को विनाश की ओर ले जाता है। परमाणु परीक्षण के विकिरण घातक हैं। यह सामान्य जन नहीं जानते। पहाड़ों का रहना कितना आवश्यक है, यह इंजीनियर नहीं जानते। जीव-जंतु घबराए हुए हैं। पहाड़ कांप रहे हैं। नदियां लगता है कि विदाई की ओर हैं । अब उनका कल-कल निनाद घट रहा है। आकाश से वायु पैदा होती है। वायु हमारे पर्यावरण की प्राण ऊर्जा है। इसलिए इसे प्राण वायु कहते हैं। इसी से जीवन है। श्वांस प्रतिश्वांस यही है। जिस तरह पृथ्वी और आकाश के बीच वायु का संचरण होता है, ठीक उसी तरह हमारे शरीर के भीतर भी प्राण ऊर्जा है। शरीर विज्ञानी इसे ही ऑक्सीजन कहते हैं। जब शरीर में प्राण वायु घटने लगती है, व्यक्ति थोड़ा मृत्यु की ओर बढ़ने लगता है। प्राण वायु समाप्त होते ही मृत्यु घटित हो जाती है। पृथ्वी और आकाश के बीच की प्राणवायु प्रदूषित हुई है। ग्रहों के बीच अंतरिक्ष से उत्पन्न होने वाला अनहद नाद डगमगा रहा है। लगता है मनुष्य की अभीप्साओं के कारण धरती की गंगा दुखी हैं। उदास है। प्रदूषित है। कचरा युक्त है। सौंदर्य विहीन होने की ओर अग्रसर है। इस तरह आकाश में स्थित आकाशगंगा भी व्यथित और उदास है। कारण दुनिया भर में प्रकृति के विरुद्ध कार्रवाई जारी है। वनों को काटा जा रहा है। पहाड़ों को डायनामाइट से तोड़ने की दशकों पुरानी तकनीक जारी है। मछलियों और जलीय जीवों के जीवित रहने का अधिकार आधुनिक विज्ञान और मनुष्य छीन रहे हैं। कछुए खाए जा रहे हैं। गौवंश अपने जीवन को बचाने के लिए में संघर्षरत हैं। बैल विदाई की ओर हैं। कीट-पतंगे आधुनिक कीटनाशकों से निर्वाण को प्राप्त हो रहे हैं। गिद्ध अब दिखें तो शोध का विषय हो गए हैं कि क्यों दिखाई पड़े। आंगन की गौरैया परम तत्व से मिलकर विलीन होने वाली है। वह अब आंगन में स्नान करने और अपने गीत सुनाने नहीं आती। कोयल,पपीहा, कौवा के लिए अब देश हुआ विराना की स्थिति है सभी पक्षी उदास हैं। अब मोर मयूर भी कम हो रहे हैं उनके प्रति आदर भाव घट रहा है वे अब सावन में भी कम दर्शन देते हैं। मौलिक कर्तव्य का हिस्सा समाज की जिम्मेदारी में आता है। सरकार और नागरिक दोनों ने पर्यावरण जैसे गंभीर विषय से अपने को मजबूती से सम्बद्ध नहीं किया। विकास की बात पर जनता आकर्षित होती हैं। विचार नहीं करते कि हमारी प्राकृतिक संपदा, नदियां पहाड़ नैसर्गिक वन-वनस्पतियां नष्ट होने के नुकसान क्या है। नदियों पर बने बड़े बांधों पुलों का निर्माण हमें लाभ कम, नुकसान अधिक देता है। जिनके लिए बांध-पुल बनाते हैं उन्हें ही विस्थापित होना खतरनाक होता है। विस्थापित जनों की संस्कृति नष्ट हो जाती है। भूगोल बदल जाता है। जीवनदायी वनस्पतियां नष्ट हो जाती हैं। हमें यह विचार करना होगा कि ध्वंसात्मक विकास भारी आपदाओं की ओर धकेल रहा है। बाढ़ सूखा भूमि का बंजर होना, रेगिस्तान बन जाना, पहाड़ों का गिरना, बादलों का फटना, बादल फटने के साथ नगरों का बह जाना, जन-धन की हानि भी बड़े पैमाने पर होती है। पानी की कमी लगातार हो रही है। भारत के कई बड़े नगरों में पानी का संकट है। अब कम गहराई वाले सिंचाई के बोरिंग नल फेल हो रहे हैं। ऐसे में पर्यावरण दिवस मनाकर छोड़ देना आने वाला समय में हम सबके लिए घातक ही सिद्ध होगा।

**(लेखक, हिन्दुस्थान समाचार से संबद्ध हैं।)**

> **विश्व भर में गैसों की चर्चा में उनके उत्सर्जन में कमी लाने के लिए दुनिया के देशों में सम्मेलनों के निष्कर्ष रिपोर्टों से लक्ष्य तय कर रहे हैं। कई सम्मेलनों, राष्ट्राध्यक्षों, विदेश मंत्रियों के वक्तव्यों से पर्यावरणीय समस्याएं हल नहीं हो पा रही हैं। पर्यावरण को लेकर पूरी दुनिया के वैज्ञानिक चिंता जता रहे हैं। मगर चिंता के आधार पर कोई देश सकारात्मक कार्रवाई करने को तैयार नहीं है।**

## आपकी बात

### मैं पर्यावरण हूं

**मैं पर्यावरण हूं**



जितेश बाखला

कुछ मानव की
सुनता हूं।
कुछ मानव को
सुनाता हूं।
मैं पर्यावरण हूं।
प्रकृति और मानव
निर्मित परिवेश हूं।
भौतिक, रसायनिक और जैविक
घटकों से बना हूं।
औद्योगीकरण, शहरीकरण और
जनसंख्या वृद्धि
को चुनौतियां
के रूप में लेता
हूं।
मैं पर्यावरण हूं।
मानव को मेरा
संरक्षण और
संवर्धन करना
चाहिए ,
रोटी, कपड़ा
और आवास
के लिए,
शुद्ध हवा,
पानी और आकाश के लिए,
खुशहाल जीवन और
जैवविविधता के लिए।
ग्लोबल वार्मिंग, जलवायु
परिवर्तन से बचने के लिए।
जीवन की निरंतरता और
विकास के लिए।
भावी पीढ़ी की सुरक्षा और
खुशहाली के लिए।
मैं पर्यावरण हूं।
मुझे मानव से चाहिए,
सह अस्तित्व का वचन ,
प्रदूषण मुक्त पारिस्थितिकी तंत्र,
पर्यावरण हितैषी व्यवहार।
मैं पर्यावरण हूं।
सह अस्तित्व में विश्वास करता
हूं।
जियो और जीने दो पर भरोसा
रखता हूं।
मानव सहित हर जीव की
खुशहाली की कामना करता
हूं।
मैं पर्यावरण हूं।

> **ग्लोबल वार्मिंग, जलवायु परिवर्तन से बचने के लिए। जीवन की निरंतरता और विकास के लिए। भावी पीढ़ी की सुरक्षा और खुशहाली के लिए। मैं पर्यावरण हूं।**

राजनीति

# अब भी मोदी सबसे , बड़े एवं वर्चस्वी नेता हैं



ललित गर्ग

***अठाहरवीं*** लोकसभा चुनाव के नतीजे भले ही अपने अंदर कई संदेशों को समेटे हुए हैं, भले ही भारतीय जनता पार्टी को पूर्ण बहुमत नहीं मिला हो, भले ही इंडिया गठबंधन एक चुनौती के रूप में खड़ा हुआ हो, फिर भी तीसरी बार नरेन्द्र मोदी भारत के प्रधानमंत्री बनते हुए नये भारत एवं सशक्त भारत को निर्मित करने के लिये वे पहले दो कार्यकाल से अधिक शक्ति, संकल्प एवं जिजीविषा के साथ आगे बढ़ रहे हैं। सीटों के लिहाज से भाजपा को भले ही नुकसान हुआ, लेकिन लगातार तीसरी बार वह सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी। ओडिशा और तेलंगाना में पार्टी ने अपने शानदार प्रदर्शन से सबको चौंकाया है। ओडिशा में लोकसभा ही नहीं, विधानसभा में भी पार्टी ने बीजू जनता दल का 24 साल से चला आ रहा वर्चस्व तोड़ा। अरुणाचल प्रदेश की 60 सदस्यीय विधानसभा चुनाव में 54 प्रतिशत मत और 46 सीटों के प्रचंड बहुमत के बल पर भाजपा सरकार बनाने में सफल हुई है। वहीं, गुजरात, छतीसगढ़ और मध्य प्रदेश भाजपा के गढ़ बने हुए हैं, जबकि देश की राजनीति में अब भी मोदी सबसे बड़े एवं वर्चस्वी नेता है। वे अब भी अपने चौंकाने वाले एवं आश्चर्य में डालने वाले विलक्षण एवं अनूठे फैसलों से राष्ट्र को विकास की नई उड़ान देते रहेंगे। भाजपा को कम सीटें मिले कारणों की समीक्षा एवं मंथन करते हुए अपनी हार के कारणों को सहजता एवं उदारता से स्वीकारना चाहिए एवं जिन गलतियों के कारण कम सीटें मिली, उन्हें दूर करना चाहिए। इस बार के चुनाव को नियोजित एवं प्रभावी तरीके से सम्पन्न करने में चुनाव आयोग की भूमिका सराहनीय रही। भले ही इडिया गठबंधन ने ई.वी.एम. और चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर प्रश्नचिन्ह लगाकर देश एवं लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को कलंकित किया था। लेकिन चुनाव परिणाम ने न केवल इस प्रकार के भ्रामक, गुमराह करने वाली बातों एवं मिथकों को तोड़ दिया, बल्कि इसने भारत के जीवंत, बहुलतावादी, पंथनिरपेक्षी और स्वस्थ लोकतांत्रिक छवि को पुनर्स्थापित किया है। प्रधानमंत्री मोदी का अंधविरोध करने वाला वाम-जिहादी-सम्प्रदायवादी राजनीतिक समूह अपने इस वाहियात प्रलाप एवं राष्ट्र-विरोधी षड़यंत्र में कोई कमी नहीं छोड़ी। बावजूद इसके इंडिया गठबंधन के घटक दलों के लिये चुनाव परिणाम अनेक अर्थों में संतोषजनक रहे हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

> **सीटों के लिहाज से भाजपा को भले ही नुकसान हुआ, लेकिन लगातार तीसरी बार वह सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी। ओडिशा और तेलंगाना में पार्टी ने अपने शानदार प्रदर्शन से सबको चौंकाया है।**

## फेसबुक वॉल से




## X - से




अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

# इंडी गठबंधन : यह जीत नहीं हार है



सुरेश हिंदुस्तानी

***देश*** में हुए लोकसभा चुनाव के परिणाम आ चुके हैं। ये चुनाव परिणाम कई मायनों में महत्वपूर्ण सन्देश देने वाले कहे जा सकते हैं। इसमें पहली बात यह है कि भारतीय जनता पार्टी ने चार सौ पार का नारा दिया, उसने एक बार फिर से इंडिया शाइनिंग वाले 2004 के चुनाव की याद याद दिला दी। यह संतोष की बात कही जा सकती है कि राजग को सरकार बनाने लायक बहुमत प्राप्त हो गया है। इस चुनाव परिणाम को भाजपा के लिए एक बड़े सबक के रूप में देखा जा रहा है, जबकि अपने राजनीतिक अस्तित्व को बचाने के लिए पिछले दस वर्षों से संघर्ष करने वाले विपक्ष को कायाकल्प करने वाली संजीवनी मिलने के रूप में देखा जा रहा है। बावजूद इसके चुनाव नतीजों को इंडी गठबंधन के लिए हार ही कहा जाएगा। भाजपा वाले गठबंधन ने भले ही बहुमत का आंकड़ा प्राप्त कर लिया है लेकिन खुद भाजपा के नेता इसे जीत के रूप में प्रचारित करने का साहस नहीं जुटा पा रहे है। इसके विपरीत इंडी गठबंधन तो ताल ठोकते हुए इसे भाजपा की हार बता रहा है। यह सही है कि चुनाव में राष्ट्रीय जनतान्त्रिक गठबंधन को अपेक्षित सफलता नहीं मिली, लेकिन सरकार बनाने लायक सीट की संख्या उसके पास है। इसलिए इसमें कोई संदेह नहीं कि भाजपा के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार सरकार बनने जा रही है। इसलिए इस जीत को कई मायनों में ऐतिहासिक ही माना जाएगा। आज नरेन्द्र मोदी उस कतार में शामिल हो गए हैं, जो उन्हें औरों से अलग बनाते हैं। भाजपा को सबसे बड़ा झटका उत्तर प्रदेश ने दिया है। यहां दो लड़कों की जोड़ी ने भाजपा की उड़ान की गति को बहुत हद तक रोकने में सफलता प्राप्त की है। हम जानते हैं कि जिस प्रकार से समाचार चैनलों ने स्पष्ट रूप से भाजपा की बहुमत वाली सरकार बनाने का पूर्वानुमान दिखाया था, वह परिणाम से मेल रखने वाला नहीं रहा। देश के विपक्षी दलों ने यह आरोप लगाकर इस एग्जिट पोल को पूरी तरह से खारिज कर दिया। कांग्रेस की ओर से यह दावा भी किया गया था कि इंडी गठबंधन को 290 सीटें मिलेंगी और बहुमत की सरकार बनेगी। सबको यही लग रहा था कि कांग्रेस के दावे में दम नहीं है, लेकिन चुनाव के परिणाम ने यह जाहिर कर दिया कि उनके दावे में दम था। दावे में जो सीटों की संख्या बताई गई थी इंडी गठबंधन उस आंकडे से बहुत पीछे रह गया, लेकिन इंडी गठबंधन के कई उम्मीदवार बहुत कम अंतर से पराजित हुए हैं, इसे भी अप्रत्याशित बढ़त के रूप में ही देखा जा रहा है। इंडी गठबंधन के लिए सबसे ज्यादा सुकून देने वाली बात यह भाजपा गठबंधन 300 के पार भी नहीं जा सका। भाजपा के लिए चिंतन का मुद्दा यह है कि उसके मूल कार्यकर्ता इस चुनाव से दूर रहे। भाजपा नेतृत्व ने जितना भरोसा बाहर से आए नेताओं पर किया, उतना अपने पुराने कार्यकर्ताओं पर नहीं किया। बाहर से आए नेता केवल दिखावा करते रहे और भाजपा के पुराने कार्यकर्ताओं की अनदेखी की गई। जिसके कारण भाजपा का समर्थक मतदाता मतदान केंद्र तक पहुंच ही नहीं सका। यह भी भाजपा के लिए एक बड़ा अवरोधक बनता दिखाई दिया, जबकि इंडी गठबंधन के नेता यह योजना बनाकर मैदान में थे कि अधिक मतदान कराने का प्रयास किया जाए।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

बोधि वृक्ष

# रांची : बोडेया में 356 साल पुराना कृष्ण मंदिर

***इस*** मंदिर की कई मान्यताएं हैं। ऐसी मान्यता है कि इस मंदिर के नवविवाहित जोड़ा प्रभु से आशीर्वाद लेने पहुंचते हैं। उसी दिन नवविवाहित वधू गर्भ ग्रह में प्रवेश करती है। इसके बाद कभी भी उन्हें गर्भगृह में प्रवेश की इजाजत नहीं होती है।

**जन्माष्टमी के अलावे कई मौकों पर होता है भव्य आयोजन :** इस मंदिर में जन्माष्टमी के मौके पर कई भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। जन्माष्टमी के दिन भारी संख्या में लोग भगवान की दर्शन करने आते है। साथ ही इस दिन भजन- कीर्तिन किया जाता है। जन्माष्टमी के अलावा रास पूर्णिमा के अवसर पर भी विशेष कार्यक्रम का आयोजन होता है। होली पर्व के दिन ही राधा कृष्ण को मंदिर से बाहर निकाल कर चंदन स्नान कराया जाता है। जिसके पश्चात लोग



प्रभु के चरण पर अबीर गुलाल चढ़ाकर होली महोत्सव मनाते हैं।

**लक्ष्मी नारायण तिवारी ने 1665 में कराया था निर्माण :** बताया जाता है कि इस मंदिर के निर्माण के पीछे एक अद्भुत कहानी है।

(क्रमशः)

टेक वर्ल्ड

# स्कैमर्स के निशाने पर हैं बुजुर्ग!



- अगर फोन कॉल के जरिए कोई करीबी बनकर ग्रैंडपैरेंट से मदद मांगता है तो भी आपको सतर्क होने की जरूरत है।

-किसी भी तरह की आर्थिक मदद की मांग एक छलावा हो सकती है।

-ऐसी स्थिति में अक्सर स्कैमर्स बुजर्गों को स्थिति को भांपने का मौका नहीं देते हैं। मगर जरा सा ध्यान देने से बड़े स्कैम से बचा जा सकता है।

-अगर फोन पर कोई अनजान नंबर से कॉल आए, साथ ही फोन स्क्रीन पर किसी तरह का अलग कोड मिलें तो आपको सावधान होने की जरूरत है, ये एक तरह का स्कैम हो सकता है।

-इस तरह के स्कैम से बचने के लिए बुजुर्गों को किसी के साथ भी अपनी पर्सनल जानकारी जैसे बैंकिंग डिटेल को साझा नहीं करना चाहिए।

(समाप्त)

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# एनसीआर में दो दिन के लिए गर्मी से राहत

## 9 जून के बाद फिर से पारा होगा 45 डिग्री के पार

एजेंसी

**नोएडा।** एनसीआर में रहने वालों को भीषण गर्मी से फिलहाल दो दिनों के लिए राहत मिलती दिखाई दे रही है। बुधवार रात कई जगहों पर हुई हल्की बारिश और तेज हवाओं ने मौसम का रुख बदल दिया है। फिलहाल सुबह तेज धूप के बजाय लोगों को थोड़ी राहत मिली है। मौसम विभाग की मानें तो आने वाले 9 जून तक फिलहाल मौसम ऐसे ही बना रहेगा। आसमान में बादल छाए रहेंगे। तेज हवाओं के साथ हल्की बरसात हो सकती है, लेकिन 10 जून को फिर से भीषण गर्मी का सामना एनसीआर के लोगों को करना पड़ेगा। पारा 45 डिग्री के पार जा सकता है।

मौसम विभाग की मानें तो उसने अपनी वेबसाइट पर जो आंकड़े जारी किए हैं, उनके मुताबिक 6 जून को पारा 42 डिग्री के आसपास बना रहेगा और आसमान में बादल छाए रहेंगे। तेज हवाओं के साथ हल्की बरसात हो सकती है। 7 जून को पारा 43 डिग्री के आसपास रहेगा और आसमान में हल्के बादल छाए रहेंगे। 8 जून को पारा 43 डिग्री के आसपास रहेगा और गर्म हवाओं का चलना शुरू हो जाएगा। ठीक ऐसे ही 9 जून को भी पारा 1 डिग्री बढ़कर 44 के पास पहुंच जाएगा और गर्म हवाओं का चलना शुरू हो जाएगा। मौसम विभाग के मुताबिक, 10 जून से पारा 45 डिग्री के पार जाना शुरू हो जाएगा और आसमान में बादल छाने और तेज हवा या बारिश होने की संभावना नहीं है। माना जा रहा है कि उसके बाद एक बार फिर भीषण गर्मी का सामना एनसीआर के लोगों को करना पड़ सकता है। एनसीआर के लोगों को इस समय गर्मी और बिजली कटौती की दोहरी मार झेलनी पड़ रही है। नोएडा और ग्रेटर नोएडा की कई हाई राइज सोसायटी में लोग बिजली न आने से परेशान होकर सड़कों पर उतरकर इसके खिलाफ प्रदर्शन भी कर रहे हैं। वहीं अगर दिल्ली की बात करें तो बीते कई सालों का रिकॉर्ड दिल्ली में टूट चुका है और बिजली की मांग 8000 मेगावाट की मांग को पार कर चुकी है।



### बढ़ती गर्मी में आग की घटनाओं को लेकर स्वास्थ्य मंत्रालय सख्त

**राज्यों को निर्देशों का पालन करने की सलाह**

**नई दिल्ली ।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के डीजीएचएस डॉ. अतुल गोयल ने देश भर में हीट वेव की स्थिति, आग और विद्युत सुरक्षा उपायों की तैयारियों का आकलन करने के लिए राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों के साथ गुरुवार को ऑनलाइन बैठक की। इसमें केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने गर्मी के मौसम में अस्पतालों में आग को रोकने के उपायों और हीटवेव तैयारियों की समीक्षा की। बढ़ती गर्मी में आग लगने की बढ़ती घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए स्वास्थ्य मंत्रालय ने सभी राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों को सख्त कदम उठाने के निर्देश जारी किए। वहीं, रूम, ओआरएस कॉर्नर सुनिश्चित करने और आईएचआईपी के माध्यम से निगरानी को मजबूत करने के लिए लगातार समीक्षा करने का आग्रह किया गया।

# मुंबई के पवई में अवैध झुग्गियों को खाली कराने गई टीम पर पथराव

## पांच पुलिसकर्मी घायल



**मुंबई।** मुंबई के पवई में हीरानंदानी से सटे जय भीम नगर झुग्गी बस्ती में अवैध कब्जे वाली झोपड़ियों को खाली कराने गए पुलिसकर्मियों पर पथराव हुई है। नगर पालिका और पुलिस की टीम जैसे ही झुग्गियों को खाली कराने पहुंची बस्ती के लोगों ने उन पर पत्थर बरसाने शुरू कर दिए। पथराव की इस घटना में पांच पुलिसकर्मियों के घायल होने की खबर सामने आ रही है। बस्ती में पवई जय भीम नगर स्लम बचाओ आंदोलन तेज हो गया है।

## आज का राशिफल

**मेष** — दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने में सफल होंगे। व्यापार में स्थिति ठीक रहेगी। माता पक्ष से विशेष लाभ।

**वृषभ** — संतोष से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा।

**मिथुन** — मनोरथ सिद्ध होंगे, पूरे मनोयोग से काम में लगे रहें। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा।

**कर्क** — स्वास्थ्य में ताजगी बनने से नई ऊर्जा का संचार होगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा।

**सिंह** — सुनियोजित तरीके से कार्य आरम्भ करें, सफल होंगे। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी।

**कन्या** — अध्ययन-अध्यापन में समय गुजरेगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी।

**तुला** — महत्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। रूकावटें आएंगी। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। कार्य भार बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। वैचारिक उत्तेजना पर नियंत्रण रखें।

**वृश्चिक** — परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। खान-पान में सावधानी रखें। अच्छे समय का इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। नैतिक दायरे में रहें।

**धनु** — सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। राजकीय कार्यों से लाभ।

**मकर** — अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। साक्षात्कार के लिए दिन शुभ रहेगा।

**कुम्भ** — कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। निकट जनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। बुरी संगति से बचें। सुविधाओं में शनैः-शनैः बाधा आएगी। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे।

**मीन** — पूर्व में किये कार्यों से लाभ मिलेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। शांतिपूर्वक कार्य करें।

# खाली पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया तेज करें : योगी

एजेंसी



**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव समाप्त होने के बाद उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को शासन स्तर के सभी अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव स्तर के अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि खाली पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया तेज करें, जहां खाली पद हैं, आयोगों को भेजें। मुख्यमंत्री ने कहा कि अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव गण अपने विभाग के शीर्ष अधिकारी हैं। विभाग से जुड़ी हर एक व्यवस्था, हर एक परियोजना, प्रत्येक प्रकरण के लिए आपकी जवाबदेही है। समयबद्धता, गुणवत्ता सुनिश्चित करना आपकी जिम्मेदारी है। विभागीय मंत्रीगणों के साथ बेहतर संवाद-समन्वय बनाये रखें। जनहित के प्रकरणों को अनावश्यक लंबित न रखें।

उन्होंने कहा कि जिस विभाग में खाली पद हैं, वहां से तत्काल चयन आयोगों को सूचना भेजा जाए। नियुक्ति प्रक्रिया में सरलता के लिए ई-अधियाचन की व्यवस्था लागू की गई है, उसका उपयोग करें। नियुक्ति के लिए अधियाचन भेजने से पूर्व नियमावली का सूक्ष्मता से परीक्षण कर लिया जाए। चयन आयोगों से संपर्क बनाएं, त्रुटिपूर्ण अधियाचन न भेजें। चयन प्रक्रिया की समय-सीमा तय करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही समाप्त होने वाली है। सभी विभागों द्वारा वर्तमान बजट में प्राविधान की गई धनराशि का यथोचित खर्च किया जाना सुनिश्चित किया जाए। समय से आवंटन और समय से खर्च होना चाहिए। वित्त विभाग द्वारा इसकी विभागवार समीक्षा की जाए।

उन्होंने कहा कि जीएसटी संग्रह के प्रयासों को तेज करने की जरूरत है। फील्ड में तैनात अधिकारियों को टारगेट दें। इनके परफॉर्मेंस को ही इनकी पदोन्नति, पदस्थापना का आधार बनाया जाना चाहिए। तकनीक का प्रयोग बढ़ाएं। कर चोरी किसी भी दशा में न हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि तेज गर्मी/लू का मौसम चल रहा है। ऐसे में पूरे प्रदेश में गांव हो या शहर, कहीं भी अनावश्यक बिजली कटौती नहीं होनी चाहिए। बिजली तभी कटे, जब बहुत जरूरी हो। ट्रांसफार्मर जलने/तार गिरने, ट्रिपिंग जैसी समस्याओं का बिना विलंब निस्तारण किया जाए।

योगी ने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध को कड़ाई से लागू करें। सेफ सिटी परियोजना से जुड़े कार्यों को समय से पूरा कराएं। नगरों में कहीं भी पेयजल का संकट न होने पाए। स्ट्रीट डॉग की समस्या का स्थायी समाधान तलाशें।

**सुप्रीम कोर्ट का आदेश : दिल्ली को मिलेगी राहत**

# हिप्र देगा 137 क्यूसेक पानी

एजेंसी



**नई दिल्ली।** दिल्ली में जारी अभूतपूर्व गर्मी और पानी की किल्लत के बीच सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के निवासियों के लिए राहत भरी खबर दी है। सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया है कि हिमाचल प्रदेश दिल्ली को 137 क्यूसेक पानी उपलब्ध कराएगा। साथ ही, हरियाणा को निर्देशित किया गया है कि वह इस पानी को बिना किसी रोक-टोक के दिल्ली के वजीराबाद तक पहुंचने का रास्ता दे। हालांकि, हरियाणा सरकार ने इस पर आपत्ति जताई थी। उसका कहना था कि हिमाचल प्रदेश द्वारा छोड़ा गया पानी दिल्ली तक पहुंचाने की कोई व्यवस्था नहीं है और यह संभव नहीं है कि छोड़े गए पानी को हरियाणा और दिल्ली के लिए अलग-अलग किया जा सके। सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा की दलीलों को खारिज करते हुए कहा कि जब हिमाचल प्रदेश दिल्ली को पानी दे रहा है, तो हरियाणा को इसमें क्या दिक्कत है। अदालत ने स्पष्ट किया कि इस मुद्दे पर राजनीति बंद की जाए और दिल्ली में पानी के गंभीर संकट को दूर करने पर ध्यान दिया जाए। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी निर्देश दिया कि हिमाचल प्रदेश शुक्रवार से दिल्ली के लिए 137 क्यूसेक पानी छोड़ना शुरू करेगा। अदालत सोमवार को इस मामले की फिर से सुनवाई करेगी और स्थिति का जायजा लेगी। इस फैसले से दिल्ली वासियों को बड़ी राहत मिली है और उम्मीद है कि आने वाले दिनों में पानी की किल्लत में सुधार होगा।

**केरल में वाम दलों के प्रदर्शन पर सीपीआई ने कहा**

# नेतृत्व में बदलाव का समय आ गया है



एजेंसी

**तिरुवनंतपुरम।** भाकपा नेता सी. दिवाकरन ने लोकसभा चुनाव में पिनाराई विजयन के नेतृत्व वाले वाम मोर्चे की हार के बाद कहा है कि अब नेतृत्व में बदलाव का समय आ गया है। केरल में 20 लोकसभा सीटों में से वामपंथी दल केवल एक ही सीट जीत पाई। वहीं माकपा ने जिन चार सीटों पर चुनाव लड़ा था, उनमें से उनके हाथ कुछ भी नहीं लगा। किसी का नाम लिए बगैर पूर्व राज्य मंत्री और दो बार विधायक रह चुके दिवाकरन ने कहा कि बदलाव होना चाहिए और वामपंथी इस तरह आगे नहीं बढ़ सकते। दिवाकरन ने कहा, बदलाव बड़े पैमाने पर होने चाहिए, साथ ही युवाओं के लिए रास्ता साफ होना चाहिए।" 2019 के लोकसभा चुनावों में दिवाकरन कांग्रेस के शशि थरूर के खिलाफ मैदान में उतरे थे और 99,000 से ज्यादा वोटों से हार गए थे। उन्हें तब जितने वोट मिले, वे 2024 के चुनाव में उनके पार्टी सहयोगी पनियन रवींद्रन को मिले वोटों से ज्यादा थे। दिवाकरन के वार के बाद, केरल में वाम सहयोगी वरिष्ठ नेता वर्गीस जॉर्ज ने कहा कि वाम लोकतांत्रिक मोर्चा द्वारा आत्मनिरीक्षण का समय आ गया है। जॉर्ज ने कहा, वाम दलों के वोट शेयर में करीब 10 प्रतिशत की गिरावट आई है और यह एक बड़ा मुद्दा है और इस पर गंभीर चर्चा होनी चाहिए।

# मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कार्ति चिदंबरम को मिली जमानत



**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने गुरुवार को कांग्रेस नेता कार्ति चिदंबरम को कथित चीनी वीजा घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जमानत दे दी। कार्ति चिदंबरम राउज एवेन्यू कोर्ट की जज कावेरी बावेजा के समक्ष पेश हुए। अदालत ने इससे पहले मामले में चिदंबरम और उनके पूर्व चार्टर्ड अकाउंटेंट एस. भास्कररमन के खिलाफ ईडी के आरोपपत्र पर संज्ञान लिया था। जज ने उन्हें एक लाख रुपये के निजी मुचलके और इतनी ही राशि पर जमानत दी। अप्रैल में अदालत ने इसी मामले में तीन आरोपियों को अंतरिम जमानत दी थी। इस मामले में चिदंबरम के अलावा एडवांटेज स्ट्रैटेजिक कंसल्टिंग प्राइवेट लिमिटेड, तलवंडी साबो पावर लिमिटेड और अन्य को आरोपी बनाया गया है।

# बिहार विधान परिषद के बदलेंगे सभापति कई विधानसभा क्षेत्रों में उप चुनाव तय

एजेंसी



**पटना।** लोकसभा चुनाव के परिणाम के बाद बिहार विधान परिषद के सभापति का बदलना तय माना जा रहा है। इसके अलावा कई विधायकों और दो राज्यसभा सांसदों के लोकसभा चुनाव जीतने के बाद इन सीटों पर उपचुनाव होने की भी पूरी संभावना है। दरअसल, विधान परिषद के सभापति देवेश चंद्र ठाकुर सीतामढ़ी लोकसभा क्षेत्र से चुनाव जीत गए हैं। वह तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से 2020 में विधान पार्षद बने थे। इसके बाद वह विधान परिषद के सभापति बन गए। अब इनके लोकसभा सदस्य निर्वाचित होने के बाद विधान परिषद को जहां नया सभापति मिलना तय है, वहीं तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में उप चुनाव की संभावना भी बढ़ गई है। इस बार दो राज्यसभा सदस्य भी लोकसभा चुनाव जीत गए हैं। राज्यसभा सदस्य मीसा भारती पाटलिपुत्र से चुनाव जीत गई हैं, जबकि राज्यसभा सदस्य विवेक ठाकुर ने नवादा से परचम लहराया है। उनके इस्तीफा देने की स्थिति में राज्यसभा की सीट खाली हो जाएगी। रिक्त हुई सीटों पर भी उप चुनाव तय माना जा रहा है। राज्यसभा में मीसा भारती का कार्यकाल 2028 तक है जबकि भाजपा के विवेक ठाकुर का दो साल का कार्यकाल शेष है। इसी तरह, कई विधायकों के इस चुनाव में लोकसभा जाने का भी सपना पूरा हो गया। रामगढ़ के राजद विधायक सुधाकर सिंह बक्सर से लोकसभा का चुनाव जीते हैं जबकि बेलागंज के राजद विधायक सुरेन्द्र प्रसाद यादव ने जहानाबाद से लोकसभा चुनाव जीतकर निचले सदन में पहुंचने की अपनी हसरत पूरी की है। इधर, हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के संरक्षक और पूर्व उपमुख्यमंत्री जीतन राम मांझी भी गया लोकसभा क्षेत्र से चुनाव जीत गए हैं। वह फिलहाल इमामगंज के विधायक हैं। इसी तरह तरारी के विधायक सुदामा प्रसाद आरा से लोकसभा का चुनाव जीत चुके हैं। ऐसे में तय है कि रामगढ़, बेलागंज, इमामगंज और तरारी में उप चुनाव होगा। बिहार में अगले साल विधानसभा चुनाव होना है।

**बंगाल राशन घोटाला मामला**

# अभिनेत्री रितुपर्णा सेनगुप्ता को ईडी ने फिर भेजा समन



**कोलकाता।** प्रवर्तन निदेशालय ने गुरुवार को पश्चिम बंगाल में राशन घोटाला मामले में पूछताछ के लिए लोकप्रिय अभिनेत्री रितुपर्णा सेनगुप्ता को एक नया समन भेजा है। नए समन में सेनगुप्ता को अगले हफ्ते कोलकाता के साल्ट लेक स्थित ईडी दफ्तर में आने को कहा गया है। उन्हें बुधवार को ईडी की पूछताछ में उपस्थित होना था। लेकिन इसके बदले उन्होंने केंद्रीय एजेंसी को एक लेटर भेजा जिसमें उन्होंने कहा कि वो देश से बाहर हैं, इसलिए व्यक्तिगत रूप से पेश नहीं हो सकते।

**आपरेशन ब्लू स्टार | 40वीं बरसी पर अकाल तख्त का संदेश**

# सिखों को राजनीतिक रूप से होना होगा मजबूत

एजेंसी

**चंडीगढ़।** आपरेशन ब्लू स्टार की 40वीं बरसी पर गुरुवार को अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार ज्ञानी रघुबीर सिंह ने कौम के नाम संदेश जारी किया। इसमें कहा गया है कि सिखों के मामलों पर दिल्ली की तरफ हाथ फैलाने की बजाए, धर्म को लेकर चलने वाली राजनीति को दोबारा खड़ा किया जाए। कौम खुद को राजनीतिक रूप से मजबूत करे। इस अवसर पर आयोजित शहीदी समागम में सांसद सरबजीत सिंह खालसा, पूर्व सांसद सिमरनजीत सिंह मान, संत बलजीत सिंह दादूवाल, मुतवाजी जत्थेदार ध्यान सिंह मंड, भाई जरनैल सिंह सखीरा, अमरबीर सिंह ढोट आदि मौजूद रहे।




### इंदिरा गांधी के हत्यारे का सांसद बेटा सम्मानित

पंजाब में आपरेशन ब्लू स्टार की बरसी पर गुरुवार को अमृतसर में हालात तनावपूर्ण हैं। कई गरमपंथी सिख संगठनों ने अमृतसर बंद का ऐलान किया है। इस बीच दरबार साहिब परिसर में अखंड पाठ साहिब के भोग डाले गए। हेड ग्रंथी ने अरदास करवाई। पंजाब में आपरेशन ब्लू स्टार की बरसी पर इंदिरा गांधी के हत्यारे के सांसद पुत्र को सम्मानित किया गया। इन कार्यक्रमों के बीच खडूर साहिब से सांसद कट्टरपंथी अमृतपाल सिंह की मां बलविंदर कौर और फरीदकोट से सांसद चुने गए सरबजीत सिंह खालसा दरबार साहिब पहुंचे। बड़ी संख्या में मौजूद नौजवानों ने भिंडरावाले के पोस्टर और तलवारें लहराते हुए उनका स्वागत किया। यहां करीब एक घंटे तक खालिस्तानी समर्थकों ने नारे लगाते हुए खालिस्तान की मांग की।

संदेश में कहा गया है कि अगस्त 1982 में सिखों को धर्म युद्ध मोर्चा के लिए मजबूर होना पड़ा। इसको कुचलने के लिए देश में आपातकाल के समय अकाली दल की तरफ से किए गए विरोध का बदला सिख कौम से लेने के लिए तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 1984 में 1 से 6 जून तक हरिमंदिर साहिब दरबार साहिब में भारतीय सेना की मदद से हमला करवाया। निहत्थे सिखों को निशाना बनाया गया। अकाल तख्त साहिब को खंडित किया गया। दमदमी टकसाल के 14वें मुखी जरनैल सिंह भिंडरावाला के नेतृत्व फौज का मुकाबला करते हुए शहादत पाई। यह सैन्य हमला सिख कौम के लिए तीसरा घल्लूघारा था। संदेश में आरोप लगाया गया है कि कौम के इंसाफ के लिए लड़ने वाले बंदी सिखों को दशकों पहले सजाएं पूरी होने के बावजूद जेलों से रिहा नहीं किया जा रहा है।

# मध्य प्रदेश से मोदी की टीम के लिए कई दावेदार



एजेंसी

**भोपाल।** लोकसभा चुनाव संपन्न हो चुके हैं और एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए की बहुमत वाली सरकार बननी तय दिख रही है। मोदी की संभावित टीम में मध्य प्रदेश के किन नेताओं को जगह मिलेगी, इस पर कयासबाजी जोरों पर है क्योंकि दावेदारों की सूची बहुत लंबी है। राज्य की जनता ने लोकसभा चुनाव में भाजपा का पूरा साथ दिया। यही कारण है कि सभी 29 सीटों पर पार्टी के उम्मीदवारों को जीत मिली है। इस बार सांसद बनने वालों में करीब आधा दर्जन ऐसे नेता हैं जो मंत्री पद का दावा ठोकते नजर आ रहे हैं। सबसे बड़ा दावा पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का बनता है। वह छठी बार सांसद बने हैं। इससे पहले तीन बार राज्य के मुख्यमंत्री भी रह चुके हैं। संगठन में भी वह बड़ी जिम्मेदारी का निर्वहन कर चुके हैं। दूसरे बड़े दावेदार गुना से सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया हैं। वह भाजपा से पहली बार लोकसभा के सांसद निर्वाचित हुए हैं। वैसे लोकसभा उम्मीदवार के तौर पर यह उनकी पांचवीं जीत है। वर्ष 2019 में वह कांग्रेस उम्मीदवार के तौर पर चुनाव हार गये थे।



## एक नजर

### पाकिस्तान की शिकायत के बाद आईसीसी ने उठाया कदम



**इस्लामाबाद।** आईसीसी ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड की शिकायत के बाद पाकिस्तान टीम का न्यूयॉर्क में होटल बदल दिया है। पीसीबी ने शिकायत की थी कि टी20 विश्व कप के दौरान होटल से स्टेडियम जाने में 90 मिनट का समय लगता है। पीसीबी के एक सूत्र ने बताया कि अध्यक्ष मोहसिन नकवी के दखल के बाद पाकिस्तान टीम को दूसरे होटल में भेज दिया गया जो मैदान से सिर्फ पांच मिनट की दूरी पर है। पाकिस्तान को रविवार को न्यूयॉर्क में भारत से खेलना है और 11 जून को कनाडा से सामना होगा। भारतीय टीम को तीन ग्रुप मैच न्यूयॉर्क में खेलने हैं और उसका टीम होटल मैदान से दस मिनट की दूरी पर है। भारत ने आयरलैंड के खिलाफ पहला मैच जीत लिया है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले मैच में 77 रन पर आउट हुई श्रीलंकाई टीम होटल से स्टेडियम की दूरी को लेकर पहले ही चिंता जता चुकी है।

### युगांडा ने पापुआ न्यू गिनी को 3 विकेट से हराया

**प्रॉविडेंस ।** गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद रियाजत अली शाह (33) रनों की धैर्यपूर्ण पारी के दम पर युगांडा ने टी-20 विश्वकप के नौवें मुकाबले में पापुआ न्यू गिनी को तीन विकेट से हराकर टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज की है। गुयाना के प्रोविडेंस स्टेडियम में युगांडा ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। युगांडा के गेंदबाजों ने कप्तान ब्रायन मसाबा के फैसले को सही साबित करते हुए पापुआ न्यू गिनी के किसी भी बल्लेबाज को टिकने नहीं दिया। पापुआ न्यू गिनी के बल्लेबाज एक के बाद एक लगातार अंतराल पर पवेलियन लौट गए। कप्तान असद वाला (एक), टोनी ऊरा (शून्य), सेसे बाऊ (5), लेगा सियाका (12), हिरी हिरी (15), चार्ल्स अमिनी (5), किप्लिन डोरिगा (12), चैड सोपर (4), नॉर्मन वानुआ (5) आलेई नाओ (5) रन बनाकर आउट हुए।


# रोहित शर्मा असमान उछाल वाली ड्रॉप इन पिच से हैरान

**एजेंसी। न्यूयॉर्क**



भारतीय कप्तान रोहित शर्मा नासाउ काउंटी मैदान की असमान उछाल वाली ड्रॉप इन' पिच से ज्यादा खुश नजर नहीं आए लेकिन तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को खुशी है कि पाकिस्तान के खिलाफ रविवार को होने वाले टी20 विश्व कप के अहम मुकाबले से पहले पिच तेज गेंदबाजों की मदद कर रही है। आयरलैंड के खिलाफ पहले मैच में रोहित ने 37 गेंद में 52 रन बनाए लेकिन गुजरात टाइटंस के तेज गेंदबाज जोश लिटिल की शॉर्टपिच गेंद पर पूल शॉट खेलने के प्रयास में वह चूके और गेंद उनकी दाहिनी बाजू के ऊपरी हिस्से में जा लगी। उन्हें मैदान छोड़कर भी जाना पड़ा। चोट के बारे में उन्होंने कहा, यह मामूली सा घाव है। मैने टॉस के समय भी कहा था कि पता नहीं ये पिच कैसी होगी।' उन्होंने कहा, ह्यनया मैदान, नया वेन्यू और हम देखना चाहते थे कि यहां खेलकर कैसा लगता है। मुझे लगता है कि पिच अभी जमी नहीं है और गेंदबाजों की काफी मदद कर रही थी। ऐसे में अपने बेसिक्स पर डटे रहना और टेस्ट मैच गेंदबाजी को याद रखना जरूरी था।' वहीं तीन ओवर में छह रन देकर दो विकेट लेने वाले बुमराह ने कहा, इससे गेंदबाजों को मदद मिल रही है तो मुझे कोई शिकायत नहीं है। इस प्रारूप में हालात के अनुरूप ढलना पड़ता है।' उन्होंने कहा, ह्यअपनी रणनीति पर डटे रहने से मुझे मदद मिली। इन हालात में तैयारी पुख्ता रखनी जरूरी होती है और मैं प्रदर्शन से खुश हूं।' भारत के लिए अर्शदीप सिंह ने चार ओवर में 35 रन देकर दो विकेट लिए जबकि हार्दिक पांड्या ने 27 रन देकर तीन विकेट चटकाए।

# डेविड वार्नर टी 20 में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बने



**ब्रिजटाउन (बारबाडोस)।** सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर पूर्व कप्तान आरोन फिंच को पीछे छोड़कर टी20 में ऑस्ट्रेलिया के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। अपना आखिरी टी20 विश्व कप खेल रहे वार्नर ने गुरुवार को केंसिंग्टन ओवल में ओमान के खिलाफ अपने पहले मैच में (आईएसटी के अनुसार) यह उपलब्धि हासिल की। उन्होंने 51 गेंदों पर छह चौकों और एक छक्के की मदद से 56 रनों की पारी खेली और अपने पूर्व बल्लेबाजी साथी से आगे निकल गए। ऑस्ट्रेलिया के लिए 104 मैचों में वार्नर ने 33.92 की औसत से 3,155 रन बनाए हैं। उन्होंने टी20 में अब तक 27 अर्धशतक और एक शतक भी लगाया है। दूसरी ओर फिंच ने 103 मैचों में 19 अर्द्धशतक और दो शतकों की मदद से 3120 रन बनाए हैं। ओमान के खिलाफ अपनी शानदार पारी में उन्होंने मार्कस स्टोइनिस के साथ 102 रनों की साझेदारी भी की जिन्होंने 36 गेंदों पर छह छक्कों और दो चौकों की मदद से 67* रनों की तेज पारी खेली और टीम को 20 ओवरों में 164/5 तक पहुंचाया। स्टोइनिस के क्रीज पर आने से पहले ऑस्ट्रेलिया लगातार गेंदों पर कप्तान मिशेल मार्श (14) और ग्लेन मैक्सवेल (0) के विकेट गंवाने के बाद 8.3 ओवरों में 50/3 रन बनाकर जूझ रहा था।

# लय हासिल करना महत्वपूर्ण : हार्दिक पंड्या



**एजेंसी। न्यूयॉर्क**

भारत के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या ने कहा कि जसप्रीत बुमराह की अगुवाई वाले गेंदबाजी आक्रमण में काफी अनुभव और ईमानदारी है तथा उन्हें विश्वास है कि टी20 विश्व कप 2024 में वे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे। भारत ने बुधवार को आयरलैंड को 8 विकेट से हराकर विश्व कप में अपने अभियान का शानदार आगाज किया। हार्दिक ने कहा कि हमें आज बताया गया कि हमारी टीम के पास कुल 892 टी20 मैच खेलने का अनुभव है जो बहुत अधिक है। उन्होंने कहा कि इस तरह से हमारे पास काफी अनुभव है विशेष कर गेंदबाजी में जिसमें हमारे पास जसप्रीत बुमराह जैसा गेंदबाज है जो अभी नंबर एक गेंदबाज है। हमारे पास मोहम्मद सिराज है जिसने हाल के बरसों में शानदार प्रदर्शन किया है।

हार्दिक ने कहा कि हमारे पास अर्शदीप सिंह है जो पिछले दो विश्व कप में खेल चुका है और उसने शानदार प्रदर्शन किया है तथा उनके खेल में लगातार सुधार होता जा रहा है। इस ऑलराउंडर ने कहा कि हमारे गेंदबाजी कोर ग्रुप में काफी अनुभव और काफी ईमानदारी है। हमें आज (बुधवार) विकेट से भी काफी मदद मिली। हार्दिक ने कहा कि टीम टूर्नामेंट की सकारात्मक शुरूआत करके काफी खुश है। उन्होंने कहा कि हमने जिस तरह से शुरूआत की है उससे हम बहुत खुश हैं। लय हासिल करना बेहद महत्वपूर्ण है क्योंकि एक बार टूर्नामेंट शुरू होने के बाद यह आगे बनी रहती है। हार्दिक ने कहा कि जब आप कड़ी मेहनत करते हैं और आपको उसके कारण सफलता मिलती है तो बहुत अच्छा लगता है।

इसके अलावा यहां खेलना भी काफी रोमांचक है। मैच के बाद टीम के बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ ने कहा कि हार्दिक मैच में चार ओवर करने के लिए तैयार था तथा लगातार चोटों से परेशान रहे इस 30 वर्षीय ऑलराउंडर ने कहा कि वह अपने काम पर ध्यान दे रहे हैं। हार्दिक ने कहा कि जो लोग कड़ी मेहनत करते हैं उनके लिए सब कुछ अनुकूल हो जाता है। खुद पर भरोसा रखना और अपनी क्षमता की पहचान करना महत्वपूर्ण है क्योंकि आप जानते हैं कि 30 वर्ष के हार्दिक का काम 60 वर्ष के हार्दिक से कहीं ज्यादा आसान है।

# इंडिया ने आयरलैंड को आठ विकेट से हराया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

टीम इंडिया ने न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में टी20 विश्व कप 2024 के तहत अपने पहले ही मुकाबले में आयरलैंड को 8 विकेट से हरा दिया। भारतीय टीम ने पहले गेंदबाजी चुनी थी। भारतीय गेंदबाज शानदार रहे। अर्शदीप-बुमराह ने जहां 2-2 विकेट निकाले तो भारतीय उपकप्तान हार्दिक पांड्या ने 27 रन देकर तीन विकेट लिए। मोहम्मद सिराज और अक्षर पटेल भी 1-1 विकेट लेने में सफल रहे। इस तरह आयरलैंड की टीम 96 रन पर ही सिमट गई। जवाब में खेलने उतरी टीम इंडिया ने भले ही विराट कोहली का विकेट जल्दी गंवा लिया लेकिन रोहित शर्मा (52) और ऋषभ पंत (36) क्रीज पर जम गए और टीम को जीत की दहलीज तक ले गए।

### सिराज ने जीता 'फील्डर ऑफ द मैच' का मैडल



न्यूयॉर्क। आयरलैंड के खिलाफ न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में टी20 विश्व कप के पहले मैच में जीत दर्ज करने के बाद भारत के स्टार तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को 'फील्डर ऑफ द मैच' का पदक मिला। भारत ने टी20 विश्व कप अभियान की शुरूआत करते हुए आयरलैंड को 8 विकेट से हराया। हार्दिक पांड्या और जसप्रीत बुमराह ने आयरलैंड के बल्लेबाजी क्रम को तहस-नहस कर दिया, जिसके कारण सिराज को अपने पूरे चार ओवर गेंदबाजी करने की जरूरत नहीं पड़ी। हार्दिक ने तीन विकेट लिए जबकि बुमराह ने अपने तीन ओवर के प्रदर्शन के दौरान दो विकेट लिए।भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने गुरुवार को एक वीडियो में विजेता की घोषणा करने के लिए एक्स का सहारा लिया। वीडियो में युवा भारतीय प्रशंसक को मेन इन ब्लू खिलाड़ियों से मिलते हुए देखा गया और उन्होंने सिराज को 'फील्डर ऑफ द मैच' का पदक दिया जिसे सिराज ने बहुत ही प्यारे अंदाज में समर्थक के साथ गले लगाकर स्वीकार किया।

# एंड्रीवा 27 वर्षों में सबसे युवा ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनलिस्ट बनीं

**एजेंसी। पेरिस**

युवा प्रतिभाशाली खिलाड़ी मीरा एंड्रीवा ने ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन आर्यना सबालेंका को बुधवार को अपसेट करते हुए फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश कर इतिहास रच दिया। वह पिछले लगभग तीन दशक में 17 साल की उम्र में सबसे युवा ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनलिस्ट बन गयीं।

एंड्रीवा ने क्वार्टरफाइनल में पहला सेट हारने के बाद शानदार वापसी करते हुए 6-7(5), 6-4, 6-4 से जीत हासिल की। उनका सेमीफाइनल में इटली की जैस्मिन पाओलिनी से मुकाबला होगा जो पहली बार ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल में पहुंची हैं।

एंड्रीवा ने दो घंटे 29 मिनट तक चले मुकाबले में सबालेंका के पूरी तरह फिट नहीं होने का फायदा उठाया। सबालेंका ने पहले सेट में मेडिकल टाइमआउट लिया और मैच में बाद में भी उन्हें इसकी जरूरत पड़ी।

एंड्रीवा ने अंततः तीन करियर भिड़ंत में पहली बार विश्व नंबर 2 सबालेंका को हराया। एंड्रीवा पूर्व नंबर 1 मार्टिना हिंगिस के बाद ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल में पहुंचने वाली सबसे कम उम्र की महिला हैं, जो 1997 में रौलां गैरो और यूएस ओपन दोनों के सेमीफाइनल में पहुंचने पर 16 साल की थीं।

इस साल एंड्रीवा का सामना करने से पहले सबालेंका ने किसी ग्रैंड स्लैम मैच में एक भी सेट नहीं हारा था। वह 11 मैचों में 22 सेटों में से केवल दो में चार से अधिक गेम हारी थीं।

लेकिन 1999 में विंबलडन के पहले दौर में 16 वर्षीय जेलेना डॉकिक के हिंगिस को हराने के बाद किसी ग्रैंड स्लैम इवेंट में विश्व नंबर 1 या नंबर 2 को हराने वाली एंड्रीवा सबसे कम उम्र की खिलाड़ी बन गईं। एंड्रीवा 16 साल की मोनिका सेलेस के पेरिस के 1990 के फाइनल में स्टेफनी ग्राफ को हराने के बाद फ्रेंच ओपन में ऐसा करने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी बन गयी हैं।

सबालेंका ने पहले सेट के दूसरे गेम में एंड्रीवा की सर्विस तोड़कर शुरूआत की, लेकिन किशोरी ने तुरंत सर्विस तोड़कर स्कोर 1-2 कर दिया। हालाँकि, सबालेंका ने तीसरे गेम में दूसरी बार सर्विस ब्रेक कर-के स्कोर 3-1 कर दिया, लेकिन एंड्रीवा ने फिर से वापसी करते हुए स्कोर 2-3 कर दिया। उन्होंने अपनी सर्विस बरकरार रखते हुए स्कोर 3-3 कर लिया। हालाँकि, सबालेंका ने लगातार तीन विनर लगाते हुए टाई-ब्रेकर 7-5 से जीत लिया।

दूसरे सेट में, दोनों खिलाड़ियों ने फिर से कुछ मौकों पर ब्रेक का आदान-प्रदान किया।



**एंड्रीवा ने क्वार्टरफाइनल में पहला सेट हारने के बाद की शानदार वापसी**

# स्टॉयनिस का हरफनमौला प्रदर्शन ऑस्ट्रेलिया ने ओमान को 39 रन से हराया

**एजेंसी। ब्रिजटाउन**

डेविड वॉर्नर (56), मार्कस स्टॉयनिस नाबाद (67) और उसके बाद 19 रन पर तीन विकेट के हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने टी-20 विश्वकप के दसवें मुकाबले में ओमान को 39 रनों से हरा दिया है। 165 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ओमान की शुरूआत बेहद खराब रही। एक समय उसने 57 के स्कोर तक अपने छह विकेट गवां दिए थे और ऐसा लग रहा था कि ओमान की टीम जल्द ही सिमट जाएगी। ऐसे समय में अयान खान और मेहरान ओमान ने पारी को संभालने का प्रयास किया। अयान खान ने सर्वाधिक 36 रन बनाए। इसके बाद मेहरान खान ने 27 रनों की संघर्षपूर्ण पारी खोली। कप्तान आकिब इल्यास (18) और शकील अहमद (11) रन बनाकर आउट हुए। टीम के सात बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। ओमान की टीम 20 ओवर में 9 विकेट 125 रन बना सकी और 39 रनों से मुकाबला हार गई। ऑस्ट्रेलिया की ओर से मार्कर्स स्टोइनिस ने तीन ओवर में 19 रन देकर तीन विकेट लिए। मिचेल स्टार्क, नेथन एलिस और ऐडम जम्पा ने दो-दो बल्लेबाजों को आउट किया। इससे पहले बारबाडोस के केंसिंग्टन ओवल में ओमान ने बुधवार को टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरूआत अच्छी नहीं रही और उसने तीसरे ही ओवर में ट्रैविस हेड (12) का विकेट गवां दिया। ट्रेविस को बिलाल खान ने खालिद केल के हाथों कैच आउट कराया।



## व्यापार/लाइफ व साइंस

# पहली तिमाही में 506 करोड़ लाभ के लक्ष्य के करीब पहुंची यमुना अथॉरिटी

**एजेंसी। ग्रेटर नोएडा**




इस समय यमुना अथॉरिटी उत्तर प्रदेश सरकार के लिए राजस्व में नंबर वन बनी हुई है। यमुना प्राधिकरण लगातार नई-नई योजनाओं को लॉन्च कर धरातल पर ला रहा है, जिससे करोड़ों रुपए का निवेश प्राप्त हो रहा है। इसी कड़ी में अप्रैल, मई और जून की पहली तिमाही में अथॉरिटी अपने लाभ के लक्ष्य 506 करोड़ के करीब पहुंच चुकी है। अभी तक अथॉरिटी को करीब 338 करोड़ की प्राप्तियां हुई हैं। यमुना अथॉरिटी का दावा है कि वह 30 जून से पहले 100 नहीं, बल्कि 120 प्रतिशत का टारगेट पूरा कर लेगी। अथॉरिटी के सीईओ डॉ. अरुण वीर सिंह के मुताबिक, जल्द ही वह लेफ्टओवर प्लॉट्स लॉन्च करने की योजना लेकर आ रहे हैं। इसके बाद वह कारपोरेट, नर्सिंग होम और बैंक्वेट हॉल की भी एक बड़ी योजना लेकर आएंगे। करीब 6,000 प्लॉट्स की नई योजना भी लॉन्च की जाएगी। लेफ्टओवर प्लॉट में 600 प्लॉट की योजना कुछ दिनों में आने वाली है और इसके बाद 6,000 प्लॉट, जिनमें 300 मीटर से लेकर 4,000 मीटर तक के प्लॉट होंगे, वह योजना 15 जून तक लोगों के लिए लॉन्च की जाएगी। इसके साथ-साथ मेडिकल डिवाइस पार्क के लिए 35 भूखंड, जो 4,000 स्क्वायर मीटर के होंगे, की योजना भी लॉन्च की जाएगी। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश सरकार ग्रेटर नोएडा के यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में मेडिकल डिवाइस पार्क का निर्माण कर रही है।

# एप्पल को पछाड़कर एनवीडिया बनी दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी कंपनी




**एजेंसी। मुंबई**

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) चिप बनाने वाली कंपनी एनवीडिया का मार्केट कैप 3 ट्रिलियन डॉलर को पार कर गया है। इस कारण एप्पल को पछाड़कर एनवीडिया दुनिया की दूसरी सबसे वैल्यूएबल कंपनी बन गई है।

आखिरी कारोबारी सत्र में एनवीडिया के शेयर में 5.16 प्रतिशत की तेजी आई और कंपनी का मार्केट कैप 3.01 ट्रिलियन डॉलर पहुंच गया। एप्पल के शेयर में 0.78 प्रतिशत की बढ़त हुई है और उसका मार्केट कैप 3 ट्रिलियन डॉलर पर है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) चिप की मांग बढ़ने के कारण एनवीडिया के शेयर में लगातार तेजी बनी हुई है। पिछले एक साल में यह 200 प्रतिशत से अधिक का रिटर्न दे चुका है।

सॉफ्टवेयर दिग्गज माइक्रोसॉफ्ट 3.15 ट्रिलियन डॉलर के मार्केट कैप के साथ दुनिया की सबसे बड़ी कंपनी है। यह पहला मौका नहीं है, जब एनवीडिया की मार्केट कैप एप्पल से ज्यादा है।

इससे पहले 2002 में भी ऐसा हो चुका है। उस समय दोनों कंपनियों की वैल्यूएशन 10 बिलियन डॉलर से कम थी।

एनवीडिया के शेयर में तेजी की वजह एआई के इस्तेमाल में बढ़त होना है। इससे कंपनी द्वारा बनाई जाने वाली चिप की मांग पूरी दुनिया में बढ़ गई है। हाल ही में कंपनी ने हर साल नई एआई चिप डिजाइन करने का फैसला किया था। कंपनी के सीईओ जेन्सेन हुआंग जनरेटिव एआई को नई औद्योगिक क्रांति बता चुके हैं। उन्होंने बताया कि एनवीडिया एआई से आने वाले बदलाव में बड़ी भूमिका निभाएगी। एप्पल को इस साल की शुरूआत से कई मुश्किलों का सामना करना पड़ा रहा है। चीन में आईफोन की बिक्री घट रही है और वहीं, यूरोपीय यूनियन में मांग में ज्यादा सुधार नहीं है। इसके कारण कंपनी के शेयर की कीमत में भी उछाल नहीं देखने को मिला है।

# रेपो रेट में बदलाव की संभावना नहीं




**एजेंसी। मुंबई**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की शुक्रवार को समाप्त हो रही तीन दिवसीय मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में रेपो दर तथा अन्य नीतिगत दरों में बदलाव की संभावना नहीं है क्योंकि केंद्रीय बैंक आर्थिक विकास और मुद्रास्फीति के बीच संतुलन बनाये रखने का प्रयास रहा है। आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक बुधवार को शुरू हुई थी और शुक्रवार को समाप्त होगी। इसमें देश की आर्थिक स्थिति, मुद्रास्फीति, मानसून की स्थिति, वैश्विक कारकों आदि के आधार पर नीतिगत दरों पर फैसले लिए जाएंगे। संभावना है कि समिति रेपो दर को 6.5 प्रतिशत पर स्थिर रखने का फैसला कर सकती है।

रेपो दर वह दर है जिस पर केंद्रीय बैंक वाणिज्यिक बैंकों को अल्पावधि उधार देता है ताकि वे तरलता की अपनी तात्कालिक जरूरतें पूरी कर सकें। इसका असर बैंकों द्वारा कॉर्पोरेट तथा आम ग्राहकों को दिये जाने वाले ऋण की ब्याज दरों पर पड़ता है।

ब्याज दर घटने से निवेश तथा उपभोग लागत में कमी आती है, हालांकि उपभोग बढ़ने से मुद्रास्फीति (महंगाई दर) बढ़ने का खतरा रहता है। आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांता दास ने कहा है कि केंद्रीय बैंक मुद्रास्फीति कम करने की नीति जारी रखेगा ताकि आर्थिक विकास में स्थिरता बनी रहे। उन्होंने कहा कि खाने-पीने के सामान की महंगाई दर ज्यादा होने से मुद्रास्फीति का दबाव बना हुआ है।

आरबीआई ने पिछली बार फरवरी 2023 में नीतिगत दरों में बदलाव किया था। उसने मई 2022 से फरवरी 2023 के बीच रेपो दर में कुल 2.5 प्रतिशत की वृद्धि की थी। फरवरी 2023 के बाद से रेपो दर 6.5 प्रतिशत पर स्थिर है।

खुदरा महंगाई की दर इस साल अप्रैल में घटकर 4.83 प्रतिशत पर आ गई थी। हालांकि यह अब भी आरबीआई के चार प्रतिशत के मध्यावधि लक्ष्य से ऊपर है। वित्त वर्ष 2023-24 में देश की आर्थिक विकास दर बढ़कर 8.2 प्रतिशत पर पहुंच गई। इससे आरबीआई के पास अभी ब्याज दरों में कटौती को टालने के विकल्प है।

# अमेजन ने वीडियो स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म एमएक्स प्लेयर के कुछ एसेट्स का किया अधिग्रहण

**एजेंसी। नई दिल्ली**




दिग्गज टेक्नोलॉजी कंपनी अमेजन की ओर से गुरुवार को टाइम्स इंटरनेट के स्वामित्व वाले वीडियो स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म एमएक्स प्लेयर के कुछ एसेट्स को खरीद लिया गया है।

इस डील को लेकर अमेजन के प्रवक्ता की ओर से दिए गए बयान में कहा गया कि हम हमेशा अपने ग्राहकों के लिए नए प्रोडक्ट्स की तलाश करते हैं, जिससे कि उनकी जिंदगी आसान हो। अमेजन प्राइम वीडियो और मिनी टीवी पर मौजूद लोकल और एक्सक्लूसिव कंटेंट से पूरे भारत का मनोरंजन करके हमें खुशी हो रही है। कंपनी की ओर से डील के साइज के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है। हालांकि, कुछ रिपोर्ट्स में बताया गया है कि डील 100 मिलियन डॉलर से कम की है।

बता दें कि एमएक्स प्लेयर ने 2019 में 500 मिलियन डॉलर की वैल्यूएशन पर 111 मिलियन डॉलर जुटाए थे। तब से कंपनी की वैल्यूएशन में बड़ी गिरावट आ चुकी है।

अमेजन की ओर से ऐड के समर्थन वाली मिनी टीवी स्ट्रीमिंग सर्विस को चलाया जाता है। माना जा रहा है कि एमएक्स प्लेयर का अधिग्रहण से इसे सहारा मिलेगा। अमेजन की ओर से ये कदम ऐसे समय पर देखने को मिला है, जब कुछ महीने पहले वॉल्ट डिज्नी की भारतीय इकाई और रिलायंस इंडस्ट्री के साथ ज्वाइंट वेंचर का ऐलान किया गया था। इस डील के तहत वायकॉम 18 और स्टार इंडिया के टीवी और डिजिटल प्लेटफॉर्म को एक कंपनी के तहत लाया जाएगा। ब्रोकरेज फर्म बर्नस्टीन के विश्लेषकों के मुताबिक जैसे ही रिलायंस इंडस्ट्री के मीडिया कारोबार और वॉल्ट डिज्नी की भारतीय इकाई का मर्जर हो जाएगा। इनके पास भारत के 85 प्रतिशत वीडियो स्ट्रीमिंग दर्शक होंगे।

## एक नजर

### रेलवे फाटक पर चलाया गया जागरूकता अभियान : उमेश कुमार

**मेदिनीनगर।** डालटनगंज रेलवे स्टेशन के अधीक्षक उमेश कुमार और उनकी टीम ने आज रेलवे फाटक जागरूकता अभियान चलाया। यह अभियान आबदगंज कचहरी रेलवे फाटक गुमटी पर आज सुबह चला है। डालटनगंज रेलवे स्टेशन के अधीक्षक उमेश कुमार ने बताया कि लोगों को बताया गया कि कान में ब्लूटूथ और ईयर बट लगाकर रेलवे लाइन पार करना बहुत खतरनाक हो सकता है इसमें जान भी चली जाती है। रेलवे फाटक के नियम के पालन हर हाल में करना है यदि जीवन से प्यार है। उमेश कुमार ने लोगों से आग्रह किया कि वह रेलवे फाटक को पार करने में अधिक सावधानी बरते।

### हरिहरगंज थाना में प्याऊ की व्यवस्था करायी गयी

**हरिहरगंज।** भीषण गर्मी गर्मी को देखते हुए हरिहरगंज पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार आगे आए और स्वंय के खर्च से थाना परिसर में आमजनों के लिए ठंडा पानी उपलब्ध हो सके, इसके लिए प्याऊ खुलवाया। ताकि हरिहरगंज थाना में आने वाले पीड़ितों को ठंडा पानी उपलब्ध हो सके। इस बारे में थाना इंस्पेक्टर चंदन कुमार ने बताया कि थाना परिसर में प्रतिदिन सैकड़ो महिला- पुरुष आते हैं कोई सक्षम होता है तो वह पानी खरीद सकता है। लेकिन गरीब व्यक्ति पानी की बोतलें नहीं खरीद सकता। ऐसे में सभी को हर समय ठंडा पानी मिल सके, इसके लिए एक छोटा सा प्रयास किया गया है।

### अवैध बालू और छर्री समेत 5 ट्रैक्टर जब्त

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के पड़वा थाना क्षेत्र में थाना प्रभारी चंद्रशेखर यादव ने अवैध रूप से बालू का उठाव कर ले जाते दो ट्रैक्टर को जब्त किया। जबकि हुसैनाबाद थाना पुलिस ने अवैध बालू लदे एक ट्रैक्टर को पकड़ा। इस ट्रैक्टर को पुलिस ने जपला पथरा मुख्य सड़क के तिवारी बिगहा गांव के पास से पकड़ा। पुलिस ने ट्रैक्टर को थाना लाकर अग्रतर कार्रवाई के लिए संबंधित विभाग को भेज दिया। मंगलवार की रात भी हुसैनाबाद अंचल अधिकारी पंकज कुमार ने दो गिट्टी ओवरलोड ट्रैक्टर को पकड़ा था।

### ग्रामीणों ने की खराब ट्रांसफार्मर बदलने की मांग

**लातेहार ।** चंदवा प्रखंड के बोदा पंचायत के लुकूईया ग्राम के जामूनगढ़ा टोला में पिछले चार साल से बिजली नहीं है। बताया जाता है कि यहां बिजली आपूर्ति के लिए 16 केबी का एक ट्रांसफार्मर लगाया गया था। लेकिन वह ट्रांसफार्मर पिछले चार साल से खराब है। ग्रामीणो ने बिजली विभाग को कई बार इसकी जानकारी दी। ग्रामीणों ने आपस में बैठक कर इसकी जानकारी अयुब खान को दी। सूचना मिलने पर खान ने बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता को फोन पर मामले की जानकारी दी और ट्रांसफार्मर बदलने की मांग की। गांव का ट्रांसफार्मर करीब चार साल से जला हुआ है।

# वीडी राम की जीत पर भाजपाईयों ने निकाला विजय जुलूस



मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनेंगे

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भाजपा प्रत्याशी विष्णु दयाल राम की लोकसभा चुनाव में हैट्रिक जीत पर हुसैनाबाद के भाजपा कार्यकर्ताओं ने विजय जुलूस निकाला। दोपहर से भाजपा कार्यकर्ताओं की भीड़ भाजपा के वरिष्ठ नेता सह विधानसभा के संयोजक विनोद कुमार सिंह के आवास पर जमा होने लगी थी। लोगों ने एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर व एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की शुभकामनाएं दी। साथ ही भाजपा नेता विनोद सिंह और विधानसभा के उपसंयोजक रविन्द्र कुमार सिंह उर्फ बब्लू सिंह के नेतृत्व में विजय जुलूस निकाला गया। विजय जुलूस नहर मोड़, रविदास नगर, मुख्य बाजार, गांधी चौक, अंबेडकर चौक और जय प्रकाश चौक तक गया। जुलूस के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने जमकर आतिशबाजी की। विनोद सिंह और रविंद्र सिंह ने लोगों का हाथ जोड़कर अभिवादन किया।

मौके पर विनोद सिंह ने कहा कि वीडी राम की हैट्रिक जीत झारखंड में सबसे बड़े मत के अंतर से हुई है। तीसरी बार भी मोदी जी देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। वहीं रविंद्र सिंह ने वीडी राम की जीत पर हुसैनाबाद हरिहरगंज के मतदाताओं का हार्दिक आभार जताया। कहा कि हुसैनाबाद हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र के भाजपा कार्यकताओं का मनोबल बढ़ा है। इनके तीसरे कार्यकाल में पलामू संसदीय क्षेत्र का विकास तेजी से होगा। मौके पर नगर भाजपा नेता रामेश्वर राम, संतोष सिंह, मंडल अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि श्रवण कुमार, विपिन बिहारी सिंह, समेत सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# पलामू लोस सीट के लिए सात उम्मीदवारों की जमानत जब्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू लोकसभा चुनाव में कुल 9 उम्मीदवार मैदान में थे इनमें से केवल दो को छोड़कर 7 ने अपनी जमानत करवा दी है। जमानत की राशि है 12 हजार 500। पलामू लोकसभा सीट क्योंकि एक अनुसूचित जाति के लिए रिजर्व सीट है इसलिए जमानत की राशि केवल 12500 रुपए है। यदि पलामू लोकसभा सीट सामान्य सीट होता कोई रिजर्व सीट नहीं होता तो यह जमानत राशि 25000 रूपया होता पर चुके पलामू लोकसभा सीट एक अनुसूचित जाति के लिए रिजर्व सीट है इसलिए जमानत की राशि केवल 12500 है। यह जमानत की राशि 7 उम्मीदवार की गवाई है, जब्त हो गई है। इन 7 उम्मीदवारों ने काफी कम वोट लाया इसी लिए। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश है कि उम्मीदवार को यदि पूरे वोट के 1/6 यानी 1/6% वोट से ज्यादा मिला है तो उस की जमानत जब्त नही होगी। यहां पलामू लोकसभा सीट के लिए सात उम्मीदवारों की जमानत इसलिए जप्त हो गई क्योंकि इन सात को 1.6% से ज्यादा वोट नहीं मिला। पलामू लोक सभा में शुद्ध मत 13,66,395, पड़े जिस में ईवीएम से 13,49,511 वोट और पोस्टल बैलेट से 16,884 वोट जो कुल मिला कर 13,66,395 वोट हुए। सभी 9 उम्मीदवारों को पोस्टल बैलेट मिला जैसे बहुजन समाज पार्टी के कामेश्वर बैठा को 733 पोस्टल वोट मिला जबकि राष्ट्रीय जनता दल की ममता भुईया को 7887 पोस्टल वोट मिला और भारतीय जनता पार्टी के विष्णु दयाल राम को 8073 पोस्टल वोट प्राप्त हुए। कार्मिक कोषांग के नोडल अधिकारी कुंदन कुमार ने स्पष्ट कहा कि जो उम्मीदवार पूरे पड़े वोट के 1.6% प्रतिशत से ज्यादा वोट नहीं प्राप्त करते हैं उनकी जमानत जप्त हो जाती है।

## न्यूज बॉक्स

### हत्यारोपी चार लोगों को आजीवन कारावास की सजा



**मेदिनीनगर।** मेदिनीनगर के जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश-3 ने एस0टी0-111/2021, चैनपुर थाना कांड सं0-468/2020, धारा 302/201/34 भादवि कांड के अभियुक्त गुड्डु पासी उर्फ उमेश पासी, महेश पासी उर्फ नटवा, रामावतार पासी और सुनिता देवी को साकिन गुरहा, थाना-चैनपुर, जिला-पलामू को धारा 302 के तहत सभी को आजीवन कारावास एवं 7500 प्रत्येक अभियुक्त को जुमार्ना लगाया। वहीं जुमार्ना नहीं देने पर तीन माह का अतिरिक्त कारावास एवं धारा 201 मे प्रत्येक अभियुक्त को पांच वर्ष कारावास एवं प्रत्येक अभियुक्त को 5000 जुमार्ने की सजा सुनाई गई। बता दें कि मृतक अजय राम पासी गुरहा (थाना-चैनपुर जिला-पलामू) का रहने वाले था। इनसे उक्त सभी अभियुक्तों का पूर्व से जमीनी विवाद चल रहा था। 19 दिसंबर 2020 को रात करीब 08:30 बजे बाजार से काम करके अजय वापस लौट रहे थे। तभी रास्ते में अभियुक्तों के साथ बहस एवं मारपीट होने लगी। जिसमें सभी अभियुक्तों के द्वारा टांगी से मारकर अजय की हत्या कर, उनके शव को डुमराही बांध में साक्ष्य छुपाने के लिए फेंक दिया गया था।

### फास्ट फूड की दुकान से भारी मात्रा में शराब बरामद



**मेदिनीनगर।** छतरपुर पुलिस ने छापामारी कर शराब बरामद की। पुलिस ने जपला रोड स्थित अंग्रेजी शराब की दुकान के बगल में भोला फास्ट फूड दुकान से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद की। शराब फ्रीज व अन्य जगहों पर छिपाकर रखी गयी थी। इस मामले में खाटिन गांव के प्रदीप कुमार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। यह जानकारी थाना प्रभारी राजेश रंजन ने दी। उन्होंने बताया कि मंगलवारी हाट के नाम पर शराब बेचने वालों पर भी लगाम लगाने की कोशिश की जा रही है। बता दें कि छतरपुर थाना के करीब आठ सौ मीटर के रेडियस में कई स्थानों व होटलों में, पान गुमटी और अन्य दुकानों में अवैध शराब से लेकर चरस और गांजा तक बेचा जाता है। हर शाम और रात में यहां युवकों का जमावड़ा रहता है।

### दुकान से 360 ग्राम गांजा बरामद, दुकानदार गिरफ्तार, भेजा जेल

**रांची ।** हरिहरगंज। पिपरा पुलिस ने बानाडीह गांव स्थित एक किराना दुकान में छापेमारी कर गांजा बरामद किया है। गांजा बरामदगी के बाद मौके से दुकानदार दूधेश्वर सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार पिपरा थाना क्षेत्र के बानाडीह गांव निवासी दुधेश्वर सिंह अपने किराना दुकान में अवैध रूप से गांजा की बिक्री करता था। छापेमारी का नेतृत्व कर रहे छतरपुर डीएसपी नौशाद आलम ने बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि दुकानदार द्वारा अवैध रूप से गांजा की बिक्री की जा रही है। जिसके आधार पर पुलिस ने छापेमारी कर किराना दुकान से 360 ग्राम गांजा बरामद की। साथ ही दुकानदार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। छापामारी दल में डीएसपी के अलावे पिपरा थाना प्रभारी बिमल कुमार सहित सशस्त्र बल शामिल थी।

# नाबालिग से दुष्कर्म के बाद हत्या पोस्टमार्टम के लिए कब्र से निकाला शव

**नवीन मेल संवाददाता**



**पलामू।** जिले के रामगढ़ थाना क्षेत्र के नावाडीह गांव में दुष्कर्म कर हत्या किए जाने की शिकायत पर एक 13 साल की किशोरी का शव उसके कब्र से गुरुवार को निकाला गया। एसडीपीओ मणिभूषण प्रसाद की मौजूदगी में एवं चैनपुर के अंचलाधिकारी चंद्रशेखर कुणाल की देखरेख में थाना प्रभारी निलेश कुमार ने डेड बॉडी को कब्र से बाहर निकाला और जरूरी प्रक्रिया पूरी कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। यहां बता दें कि गत तीन जून को ही किशोरी का शव दफनाया गया था। बताया जाता है कि नावाडीह गांव की ही 13 साल की किशोरी गांव के अन्य लोगों के साथ 8 महीने पहले बिहार के सासाराम के आलमपुर में ईंट भट्ठे पर काम करने गई थी। ठेकेदार नरेश कोरवा किशोरी को ईंट भट्ठे पर काम करने के लिए ले गया था। बरसात के पहले सारे लोगों के घर आने की संभावना थी। इसी बीच 3 जून को ठेकेदार नरेश कोरवा किशोरी की डेड बॉडी लाकर उसके परिजनों को दिया। किशोरी की मां ने ठेकेदार पर हत्या का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की थी। इस बीच डेड बॉडी को दफना दिया गया, लेकिन उसकी मां और गांव के अन्य लोग किशोरी का शव कब्र से निकाल कर पोस्टमार्टम कराने की मांग कर रहे थे। रामगढ थाना प्रभारी द्वारा कब्र के शव निकालने में सुस्ती बरतने पर एसपी कार्यालय घेरने की तैयारी थी। इस बीच मेदिनीनगर के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मणि भूषण प्रसाद को इसकी जानकारी हुई तो उन्होंने टीम बनाकर डेड बॉडी को कब्र से बाहर निकाला। मणि भूषण प्रसाद ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। इसकी रिपोर्ट के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## विधायक के गढ़ में भी कांग्रेस की करारी हार

**बरवाडीह/ लातेहार।** मनिका विधानसभा में कांग्रेस विधायक रामचंद्र सिंह मनिका विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस को मामूली बढ़त दिला सके। मनिका विधानसभा में भाजपा को 70459 एवं कांग्रेस को 72045 मत मिले। मनिका विधानसभा में कांग्रेस को मात्र 1586 मतों की बढ़त रही। हालांकि विधायक अपने गृह प्रखंड बरवाडीह और अपने पंचायत और बूथ में कांग्रेस प्रत्याशी को बढ़त नहीं दिला सके। विधायक रामचंद्र सिंह का गढ़ माने जाने वाले मंगरा पंचायत में लंबे समय से भाजपा को एक मजबूत नेता की तलाश थी। इस बार पूरी मजबूती से पूर्व मुखिया सूर्यदेव सिंह ने भाजपा के लिए काम किया और अपने समर्थकों के दम पर विधायक को उनके गृह पंचायत मे कांग्रेस पार्टी को हारने पर विवश कर दिया। मंगरा के छह मतदान केंद्र में भाजपा को 2360 वोट मिले, जबकि कांग्रेस को मात्र 1138 वोट ही मिले। बरवाडीह प्रखंड मे भी कांग्रेस को भाजपा के सामने हार का सामना करना पड़ा। प्रखंड में भाजपा ने 22335 एवं कांग्रेस 17893 वोट ही प्राप्त हुआ। बरवाडीह व मंगरा में कांग्रेस की हार विधायक एवं उनके समर्थकों के माथे पर शिकन ला दिया है। बता दें कि चुनाव प्रसार के दौरान मंगरा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह को विरोध का सामना करना पड़ा था और इसका वीडियो खूब वायरल हुआ था। तब लोगों ने कहा था कि मनिका विधानसभा क्षेत्र में भाजपा को बढ़त नहीं मिल पायेगी। लेकिन अनुमान धरा का धरा रह गया और भाजपा ने बाजी मार ली।

## जीत पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जमकर उड़ाया अबीर गुलाल



**नवीन मेल संवाददाता**

**उंटारी रोड।** सांसद विष्णु दयाल राम की जीत पर भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर ,बाटी मिठाई। प्रखंड ऊंटारी रोड में पलामू सांसद श्री विष्णु दयाल राम जी की हैट्रिक जीत पर बुधवार की शाम मे भव्य जुलूस निकाला गया। कार्यक्रम के अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सुशील ठाकुर के द्वारा किया गया, वहीं सभी को अबीर गुलाल लगाकर तथा मिठाई खिलाकर खुशी मनाई गई। इस कार्यक्रम में उपस्थित उपाध्यक्ष मानदेव साह, महामंत्री रघुवीर सिंह चंद्रवंशी ,सुनील तिवारी ,वरीय उपाध्यक्ष सुरेंद्रनाथ तिवारी ,किसान मोर्चा अध्यक्ष अरविंद मेहता ,जिला सोशल मीडिया सूरज विश्वकर्मा, सांसद प्रतिनिधि राजाराम मेहता, महिला मोर्चा अध्यक्ष रेखा सिंह, पूर्व प्रमुख राम सेवक पासवान, संजय चंद्रवंशी, गुड्डू चंद्रवंशी ,सुरेश पासवान, सुमन गुप्ता ,बीरबल मेहता, बजरंगी साह ,नीरज तिवारी, सुधीर पासवान ,अखिलेश दीक्षित, राजेंद्र विश्वकर्मा ,छोटू दुबे, रामसुंदर विश्वकर्मा ,नंदू चंद्रवंशी, सूरत नारायण चंद्रवंशी ,राजकुमार चंद्रवंशी , संतोष पांडे ,नगीना देवी ,अनीता देवी सरिता देवी ,प्रियंका देवी सोशल मीडिया जितेंद्र ठाकुर ,रिकेश ठाकुर ,सूरज तिवारी एवं भाजपा सोशल मीडिया अजीत कुमार चंद्रवंशी सहित कई लोग मौजूद थे।

# पति की लंबी उम्र व तरक्की को लेकर महिलाओं ने की वट सावित्री पूजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**नावाबाजार/पलामू।** जयेष्ठ माह की अमावस्या गुरुवार को नावाबाजार प्रखंड क्षेत्र की महिलाओं ने अपने पति की लंबी उम्र व तरक्की को ले बरगद के तने में कच्चा धागा लपेट कर वट सावित्री की पूजा की। इस मौके पर महिलाओं ने एक दिन का उपवास भी रखा। वट सावित्री व्रत सुहागन महिला अपने पति के दीघार्यु व स्वस्थ रहने के साथ ही अखंड सौभाग्य प्राप्ति की मंगलकामना को ले करती है। साथ हीं सत्यवान व सावित्री की कथा का इस पर्व से गहरा संबंध है। बरगद पेड़ के निचे महिलाओं ने कर्मकांडी पंडित के देख रेख में पूरे दिन वट सावित्री का पूजन किया गया। साथ हीं पूजन से जुड़ी कथा का श्रवण किया। महिला व्रती बरगद वृक्ष के तने पर रोली, चंदन का टीका, चावल, चना, गुड़ आदि चढ़ाते हुये मिट्टी से बने सत्यवान, सावित्री व यमराज की प्रतिमाओं पर रोली, चंदन लगाकर अगरबत्ती, दीप दिखाकर फूल, धूप से पूजन किया। इसके बाद महिलाएं वृक्ष के तने में चारों ओर कच्चे सूत के धागों को हल्दी में रंगकर परिक्रमा करते हुए दिखी। पूजा समाप्त होने के बाद व्रती महिलाओं ने पंडित जी को अन्न, फल, वस्त्र आदि दान की। पुरोहित ने बताये कि सावित्री ने वृक्ष का पूजन व व्रत करके ही अपने सतीत्व व तप के बल पर अपने मृत पति सत्यवान को धर्मराज से जीतकर पुनः जीवित किया था। तबसे इस व्रत का नाम वट सावित्री पड़ा। बताये कि बरगद वृक्ष के मूल में ब्रह्मा, मध्य में जनार्दन व अग्र भाग में भगवान शिव निवास करते हैं।



**प्रकृतिक रुप से भी गुणकारी है बरगद का पेड़**

वट वृक्ष (बरगद) की जड़ें ब्रह्म, छाल विष्णु व शाखाएं शिव हैं। अपने आप में आस्था का असीम संसार समेटे वट वृक्ष वृहद औषधीय गुणों वाला भी है। इसकी जड़ें, पत्ते, छाल व रस सभी गुणकारी हैं। कमर व जोड़ों के दर्द, मधुमेह व मुंह संबंधी तमाम रोगों में रामबाण औषधि है। आयुर्वेद में इसे दैवीय उपहार के रूप में माना गया है। बरगद की जड़ें मिट्टी को पकड़कर रखती हैं। पत्तिया हवा को शुद्ध करती हैं। बरगद की तासीर ठंडी होती है, जो कफ और पित्त की समस्या को दूर करता है। धार्मिक के साथ-साथ चिकित्सा क्षेत्र में भी इसका अहम स्थान है। वट सावित्री व्रत पर गुरुवार को सुहागिनें वट वृक्ष की पूजा और परिक्रमा कर अपने पति के दिघार्यु होने की कामना करती है। इस मौके पर वट वृक्ष के औषधीय महत्व पर नजर डालते हैं, ताकि सिर्फ एक दिन नहीं हम हर दिन वट वृक्ष के करीब रहें।

## पेज एक का शेष

### हेमंत अपने बैरक का सीसीटीवी फुटेज सार्वजनिक करवायें : बाबूलाल मरांडी

कि अगर हेमंत को जेल में कथित यातनाएं दी जा रही हैं तो न्यायालय से अनुरोध कर वे अपने बैरक का सीसीटीवी फुटेज सार्वजनिक करवायें। बाबूलाल ने हेमंत को आश्वस्त करते हुए कहा कि जेल मैनुअल के अनुसार उन्हें सारी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए वे उनके पक्ष में खड़े रहेंगे। चंपाई सोरेन सरकार को जेल मैनुअल के अनुसार सारी सुविधाएं देने के लिए मजबूर कर देंगे।

### मुख्य चुनाव आयुक्त ने नवनिर्वाचित सांसदों की सूची राष्ट्रपति को सौंपी

वहीं राष्ट्रपति ने मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों को मानव इतिहास की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक प्रक्रिया, चुनाव प्रक्रिया के सफल समापन पर बधाई दी। पूरे देश की ओर से, उन्होंने चुनाव आयोग, उसके अधिकारियों और कर्मचारियों, अभियान और मतदान के प्रबंधन और अधीक्षण में शामिल अन्य सरकारी अधिकारियों और पुलिस और सुरक्षा कर्मियों, केंद्र और राज्य के लोगों के मत की पवित्रता को बनाए रखने और स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए अथक और लगन से काम करने के प्रयासों की सराहना की। सबसे बढ़कर, उन्होंने करोड़ों मतदाताओं की सराहना की, जिन्होंने इतनी बड़ी संख्या में चुनाव प्रक्रिया में भाग लिया। राष्ट्रपति ने कहा कि यह पूरी तरह से हमारे संविधान और भारत की गहरी और अडिग लोकतांत्रिक परंपराओं के अनुरूप है। उल्लेखनीय है कि बुधवार को दिल्ली में प्रधानमंत्री के आधिकारिक आवास पर आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक के दौरान राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) ने सर्वसम्मति से सबसे बड़े दल भारतीय जनता पार्टी के नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपना नेता चुनने का प्रस्ताव पारित किया है।

### कंगना को थप्पड़ मारने वाली महिला कांस्टेबल निलंबित

कुलविंदर ने कहा कि उसकी मां भी किसान आंदोलन में शामिल थी, लेकिन सौ रुपये दिहाड़ी पर नहीं गई थी।कुलविंदर कौर बैरीकेड के आसपास ऊंची आवाज में कंगना को धमकाते हुए घूमती रही, वहां मौजूद अन्य सुरक्षा कर्मियों ने कुलविंदर को हिरासत में ले लिया। इसके बाद कंगना चंडीगढ़ से दिल्ली के लिए रवाना हो गई। दिल्ली पहुंचकर कंगना रानौत ने एक वीडियो जारी करके कहा कि वह पूरी तरह से सुरक्षित हैं, लेकिन उन्हें पंजाब में लगातार बढ़ रहे आतंकवाद व उग्रवाद की चिंता है। इस बीच सीआईएसएफ ने महिला कांस्टेबल कुलविंदर कौर को निलंबित करके विभागीय कार्रवाई शुरू कर दी है। सीआईएसएफ ने कुलविंदर कौर के खिलाफ स्थानीय पुलिस को भी शिकायत दे दी है। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कंगना रानौत के मामले में कहा कि सीआईएसएफ के अधिकारियों ने इस मामले में जांच रिपोर्ट मांगी है। सैनी ने कहा कि इस मामले में दोषी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## ब्रहमोरिया गांव के राहुल ने नीट की परीक्षा में दिखाया दम

# 720 में 695 अंक प्राप्त कर सपना किया साकार

*राहुल के घर परिवार सहित गांव में जश्न का माहौल*



**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर पलामू।** अपने सपने को साकार करने के लिए प्रतियोगी छात्र जहां दिन रात एक कर देते हैं, वहीं सफलता मिलने पर न केवल स्वयं बल्कि सपनों को पूरा कराने में पसीना बहाने वाले माता-पिता का भी सीना चौड़ा हो गया। नावाबाजार प्रखंड क्षेत्र के ब्रहमोरिया गांव निवासी राहुल कुमार पांडेय ने नीट परीक्षा में सफलता अर्जित कर अपने सपनों को पंख देते हुए 720 में 695 अंक प्राप्त कर लक्ष्य को उड़ान दिया है। एक सामान्य परिवार से ताल्लुक रखने वाला प्रतिभावान छात्र राहुल कुमार पांडेय ने दम दिखाया। यह ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे के द्वारा प्राप्त की गई एक अद्वितीय उपलब्धि से कम नहीं। राहुल की सफलता पर गांव में खुशी की लहर दौड़ गई है। राहुल के माता-पिता सहित सगे संबंधी व गांव के लोग स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहे है। विदित हो कि राहुल कुमार पांडेय ब्रहमोरिया गांव निवासी श्रीराम नारायण पांडेय के पुत्र हैं। जो अपनी मेहनत व समर्पण से यह सफलता प्राप्त किया है। उनकी इस उपलब्धि के पीछे उनके माता-पिता सहित शिक्षकों का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने अपने अनुशासन व अध्ययन की नियमितता के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। राहुल का भाई इश्वर चंद पांडेय सोफ्टवेयर इंजीनियर है। नीट परीक्षा में शानदार सफलता अर्जित करने वाले राहुल कुमार पांडेय ने बताया कि उसका लक्ष्य एक प्रतिष्ठित मेडिकल कॉलेज में दाखिला लेकर मेडिकल की पढ़ाई करना है। वह डॉक्टर बन समाज की सेवा करना चाहता है। इधर राहुल की सफलता पर परिवार, सहित गांव समाज व शुभचिंतकों ने बधाई दी है। बधाई देने वालों में पंचायत समिति सदस्य हरिशंकर दुबे, रामानुजम पांडेय, नागेंद्र पांडेय, सुनील कुमार दुबे, रघुवीर नारायण पांडेय, विनय पांडेय आदि का नाम शामिल हैं।

# एमकेडीएवी के पांच छात्रों को नीट में मिली सफलता

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नगर के प्रतिष्ठित विद्यालय एमकेडीएवी के पांच छात्रों ने नीट 2024 की परीक्षा में सफलता प्राप्त कर विद्यालय और अपने माता-पिता समेत पूरे पलामू को गौरवान्वित किया। बता दें कि इस परीक्षा में चिकित्सक बनने का सपना संजोये लाखों छात्र बैठते हैं। जिसमें से एक विद्यालय से पांच छात्रों का चुना जाना काफी महत्वपूर्ण है। इस विद्यालय के छात्र अभय कुमार यादव सुपुत्र संतोष यादव ने 673 अंक 99।45 परसेंटाइल, शिवानी गिरी पुत्री सुनील गिरी 579 अंक 95।46 परसेंटाइल, ? मुस्कान पुत्री संजय कुमार अग्रवाल ने 563 अंक 94।62 परसेंटाइल, अभिषेक रंजन पुत्र निरंजन कुमार ने 553 अंक 94।02 परसेंटाइल व सागर कुमार पुत्र दिलीप कुमार गुप्ता ने 545 अंक तथा 90।59 परसेंटाइल प्राप्त किया।

### एमकेडीएवी के प्राचार्य ने विद्यार्थियों को दी बधाई

इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य सह एमकेडीएवी पब्लिक स्कूल्स क्षेत्र आई के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी डॉक्टर जीएन खान ने बताया कि आज छात्रों की शानदार सफलता पर विद्यालय परिवार फूले नहीं समा रहा है। हमारे बच्चे अपने परिश्रम और शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन के कारण यह सफलता प्राप्त किए हैं। विद्यालय प्रबंधन इसके लिए प्रतिबद्ध है कि आगामी वर्ष में हमारे और अधिक बच्चे इस परीक्षा में सफलता प्राप्त करें। इसके लिए सत्र के प्रारंभ से ही बायोलॉजी के साथ-साथ मैथ्स की भी अतिरिक्त कक्षाएं संचालित की जाएंगी।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट



Facilities
- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com



## भक्तों ने लगाई श्रद्धा की डुबकी

देश के कई राज्यों से श्रद्धालु पवित्र स्नान करने के लिए हरिद्वार स्थित हर की पौड़ी पर बड़ी संख्या में एकत्र हुए। यहां श्रद्धालुओं ने पूजा-पाठ की और मन्नतें मांगी।

# अभाविप की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक सूरत में 7 से 9 जून तक होगी

### पेपर लीक, शैक्षणिक संस्थाओं की सुविधा जैसे मुद्दों पर आएगा प्रस्ताव

एजेंसी



**सूरत।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् (अभाविप) की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में देश के विभिन्न राज्यों में पेपर लीक रोकने और कदाचार मुक्त परीक्षा को लेकर प्रस्ताव पारित किया जाएगा। केन्द्र और राज्य सरकार से इस संबंध में ठोस और कारगर नीति बनाने की मांग की जाएगी। इसके अलावा शैक्षणिक संस्थाओं की आधारभूत संरचना, देशभर में राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू करने और विकसित भारत में युवाओं की भूमिका पर प्रस्ताव लाकर चर्चा-विमर्श किया जाएगा।

अभाविप की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की तीन दिवसीय बैठक 7 से 9 जून तक सूरत के परवत पाटिया स्थित माहेश्वरी भवन में होगी। इसकी जानकारी देते हुए परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने सर्किट हाउस में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि परिषद् अपनी स्थापना के 75वें वर्ष पर अमृत वर्ष के तहत शिक्षा क्षेत्र पर व्यापक विमर्श के लिए राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक सूरत में कर रही है। इसमें देश के दिल्ली विश्वविद्यालय, जेएनयू, हैदराबाद केन्द्रीय विवि, त्रिपुरा केन्द्रीय विवि, आईआईटी, आईआईएम समेत देशभर के शैक्षणिक संस्थाओं के करीब 500 विद्यार्थी शामिल हो रहे हैं। बैठक के जरिए चार शैक्षिणक और अन्य प्रस्तावों पर विचार-मंथन किया जाएगा और बाद में इसे सर्वसम्मति से पारित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अभाविप सबसे बड़ा विद्यार्थियों का संगठन है, जिसकी सदस्यता 50 लाख से अधिक है। बैठक में एक साल के काम की समीक्षा के साथ आगामी वर्ष की कार्ययोजना बनाई जाएगी। प्रेस कांफ्रेंस में अभाविप के गुजरात प्रदेश के मंत्री समर्थ भट्ट समेत सूरत महानगर के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# चुनाव जनता का है, जनता ही लड़ती है, जनता ही जीतती है



*जनता के मुद्दे सर्वोपरि इनको नकारने की कीमत भारी होती है*

एजेंसी

**नई दिल्ली।** एक दिन पहले कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने राहुल गांधी को लेकर एक भावुक पोस्ट सोशल मीडिया पर पोस्ट किया था। चुनाव के बाद बुधवार को यह उनका पहला पोस्ट था। इसी तरह का दूसरा भावुक पोस्ट गुरुवार को प्रियंका गांधी वाड्रा ने सोशल मीडिया एक्स पर उत्तर प्रदेश के कांग्रेस कार्यकताओं के लिए लिखा है, जिसमें उन्होंने कहा कि चुनाव जनता का है, जनता ही लड़ती है, जनता ही जीतती है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट लिखकर उत्तर प्रदेश (यूपी) के कांग्रेस कार्यकताओं का शुक्रिया अदा किया है।

उन्होंने कार्यकताओं को सलाम किया है। सोशल मीडिया अकाउंट पर उन्होंने लिखा, यूपी कांग्रेस के मेरे सभी साथियों को मेरा सलाम। मैंने आपको धूप और धूल में कड़ी मेहनत करते हुए देखा, आप झुके नहीं, आप रुके नहीं, कठिन से कठिन दौर में आपने लड़ने की हिम्मत दिखाई। आपको प्रताड़ित किया गया, आप पर फर्जी मुकदमे लगाये गये, जेल में डाला गया, बार-बार नजरबंद किया गया मगर आप डरे नहीं। कई नेता डर के चले गये, आप टिके रहे। प्रियंका गांधी ने लिखा, मुझे गर्व है आप पर और यूपी की जागरूक जनता पर, जिसने इस देश की गहराई और सच्चाई को समझा और हमारे संविधान को बचाने का ठोस संदेश पूरे भारत को दिया। आपने आज की राजनीति में एक पुराना आदर्श फिर से स्थापित किया है कि जनता के मुद्दे सर्वोपरि हैं, इनको नकारने की कीमत भारी होती है। चुनाव जनता का है, जनता ही लड़ती है, जनता ही जीतती है।

## शिवाजी, गांधी, आम्बेडकर की मूर्तियों को उनके विशिष्ट स्थानों से हटाना दुखद



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और महासचिव (प्रसार) जयराम रमेश ने कहा कि संसद भवन के सामने से शिवाजी, महात्मा गांधी,आम्बेडकर की मूर्तियों को उनके विशिष्ट स्थानों से हटा दिया गया है, यह अपमानजनक है। जयराम रमेश ने यह टिप्पणी सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में की है। गुरुवार को सोशल मीडिया एक्स पर संसद भवन के सामने की विभिन्न चार तस्वीरों को टैग करते हुए जयराम रमेश ने लिखा है कि संसद भवन के सामने छत्रपति शिवाजी महाराज, महात्मा गांधी और बाबासाहब आम्बेडकर की मूर्तियों को उनके विशिष्ट स्थानों से हटा दिया गया है। यह बेहद अपमानजनक हरकत है।

### कांग्रेस ने 8 जून को बुलाई कार्यकारिणी समिति की बैठक

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद कांग्रेस ने कार्यकारिणी समिति की बैठक बुलाई है। कांग्रेस के महासचिव केसी वेणुगोपाल ने बैठक को लेकर गुरुवार एक पत्र भी जारी किया है। इस पत्र के मुताबिक कांग्रेस कार्यकारिणी समिति की बैठक 8 जून शनिवार की सुबह 11 बजे कांग्रेस मुख्यालय में होगी। कांग्रेस मुख्यालय में इस बैठक की अध्यक्षता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे करेंगे।



## अखिलेशने बताया अयोध्या में भाजपा को क्यों मिली हार

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव 2024 के नतीजे सामने आने के बाद सबसे ज्यादा चर्चा अयोध्या सीट की हो रही है। हर कोई हैरान है कि राम मंदिर बनने के बावजूद आखिर भारतीय जनता पार्टी इस सीट से कैसे हारी। इसी बीच समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने भी अयोध्या को लेकर बयान दिया है। दिल्ली में मीडिया को संबोधित करते हुए अखिलेश यादव ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि आप किसी पुण्य काम के लिए गरीबों को उजाड़ रहे हैं। इसी के खिलाफ अयोध्या के लोगों ने भाजपा के खिलाफ वोट किया है। इस दौरान अखिलेश यादव ने अयोध्या में सपा प्रत्याशी अवधेश प्रसाद को मिली जीत पर कहा कि अयोध्या की जनता का मैं धन्यवाद करता हूं। अयोध्या की जनता का दुख-दर्द आपने समय-समय पर देखा होगा। उन्हें उम्मीद थी कि जमीन का उचित मुआवजा मिलेगा, नहीं मिला। उनके साथ अन्याय किया गया, उनकी जमीन बाजार मूल्य के बराबर नहीं ली गई, आपने उन पर झूठे मुकदमे लगाकर उनकी जमीन जबरन छीन ली। कई लोग वहां पर 100-100 सालों से रह रहे थे। आप किसी पुण्य काम के लिए गरीबों को उजाड़ रहे हैं।



### ईडी की चार्जशीट में खुलासा

## लोगों से जबरन पावर ऑफ अटॉर्नी लेकर जमीन कब्जाता था शेख

एजेंसी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में निलंबित तृणमूल कांग्रेस नेता शेख शाहजहां के खिलाफ जांच कर रहे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के हाथ कुछ महत्वपूर्ण दस्तावेज लगे हैं जिनसे पता चलता है कि कैसे वह संदेशखाली के लोगों की जमीनों पर कब्जा कर लेता था। सूत्रों ने बताया कि शाहजहां के लोग जमीन मालिकों से जबरन पावर ऑफ अटॉर्नी पर हस्ताक्षर कराते थे, जो उसे जमीन को किसी तीसरे व्यक्ति के नाम करने का अधिकार देता था। यह जमीन हथियाने का एक और तरीका था जबकि इसके अलावा खेतों में नमकीन पानी बहाकर उसे बंजर बना देने जैसे उपाय भी अपनाये जाते थे। ईडी ने पाया है कि पावर ऑफ अटॉर्नी प्राप्त करने के बाद जमीन किसी तीसरे पक्ष को काफी ऊंची कीमत पर बेच दी जाती थी जबकि उसके मूल मालिक को मामूली रकम दी जाती थी। सूत्रों ने बताया कि ईडी ने हाल ही में कोलकाता में पीएमएलए अदालत के समक्ष दायर चार्जशीट में भी पावर ऑफ अटॉर्नी के जरिये जमीन हथियाने का जिक्र किया है।

## अजित पवार ने आज बुलाई दो बैठकें, विस चुनाव पर चर्चा

**मुंबई।** लोकसभा चुनाव में पार्टी के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के प्रमुख अजित पवार गुरुवार को पार्टी के मंत्रियों और विधायकों के साथ अलग-अलग बैठकें करने वाले हैं। इन बैठकों में पार्टी के प्रदर्शन की समीक्षा की जाएगी तथा इस साल सितंबर-अक्टूबर में होने वाले आगामी विधानसभा चुनावों की रणनीति पर चर्चा होगी। लोकसभा चुनाव में एनसीपी चार सीटों पर चुनाव लड़ी थी जिसमें एकमात्र रायगढ़ सीट पर उसे जीत मिली।

# गाजा में स्कूल पर इजरायली सेना का हवाई हमला, 30 की हुई मौत

एजेंसी



**गाजा।** इजरायली सेना ने मध्य गाजा पट्टी के नुसेरात शिविर को निशाना बनाते हुए हवाई हमले किए। इस हमले में कम से कम 30 फिलिस्तीनी मारे गए, जिनमें अधिकतर बच्चे और महिलाएं हैं। यह स्कूल विस्थापित लोगों के लिए एक शिविर में बदल दिया गया था। चिकित्सा विभाग से जुड़े सूत्रों के अनुसार, एक इजरायली लड़ाकू जेट ने स्कूल के कम से कम तीन क्लासरूम पर बमबारी की। हमास द्वारा संचालित गाजा सरकार के मीडिया कार्यालय ने स्कूल पर इजरायल के हमले की निंदा की और इसे 'भयानक नरसंहार' बताया। कार्यालय ने कहा कि इजरायली सेना हमलों को जारी रखे हुए है, जो नागरिकों के खिलाफ किए गए नरसंहार के अपराध का सबूत है।

**सुविधा** / 807 करोड़ रुपये की लागत हो रहा निर्माण, एक ट्रॉली में 10 यात्री सवार हो सकते हैं

# देव दीपावली से वाराणसी में अर्बन ट्रांसपोर्ट रोप-वे

एजेंसी

**वाराणसी।** अमेरिकी देश बोलीविया एवं मेक्सिको के बाद दुनिया का तीसरा और देश का पहला अर्बन ट्रांसपोर्ट रोप-वे देव दीपावली से वाराणसी में शुरू होने जा रहा है। काशीवासी रोप-वे के पहले चरण में वाराणसी जंक्शन कैंट रेलवे स्टेशन से रथयात्रा तक की सुगम यात्रा कम समय में कर सकेंगे। इसके संचालन से यातायात की समस्या से भी निजात मिलेगी। रोप-वे के निर्माण के लिए स्विटजरलैंड से लाए गए उपकरण इंस्टाल किए जा रहे हैं। रोप-वे के निर्माण पर 807 करोड़ रुपये की लागत आएगी। यह काम स्विट्जरलैंड की कंपनी बथोर्लेट कर रही है। नेशनल हाई-वे लॉजिस्टिक मैनेजमेंट लिमिटेड (एनएचएलएमएल) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रकाश गौड़ ने मीडियाकर्मियों को बताया कि वाराणसी में देव दीपावली के अवसर पर दुनिया भर के पर्यटक आते हैं। हमारी कोशिश है कि देव दीपावली तक रोप-वे का संचालन शुरू हो जाए और काशी आने वाले पर्यटकों को प्रदूषण रहित परिवहन की अच्छी सुविधा मिल सके। कंपनी के अधिकारियों के मुताबिक विद्यापीठ स्टेशन पर एंकर बोल्ट स्थापित हो गया है। इसके अलावा कई एक्सेलरेशन और डी एक्सेलरेशन कन्वेयर भी स्थापित हो गए हैं। अब जल्द ही रोप लगाने का काम शुरू होगा। वाराणसी जंक्शन रेलवे स्टेशन से रथयात्रा तक कुल दो टॉवर इंस्टाल किए जा चुके हैं और 16 टॉवर पर तेजी से काम चल रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महत्वाकांक्षी परियोजना को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तेजी से जमीन पर उतार रहे हैं। इससे वाराणसी में ट्रैफिक की समस्या से राहत मिलेगी। रोपवे के संचालन के लिए स्टेशन और टॉवर इंस्टॉल करने का काम तेजी से चल रहा है। जल्द ही रोपवे का ट्रायल रन होगा।



**एक घंटे में छह हजार यात्रि कर सकेंगे आवागमन:** हर डेढ़ से दो मिनट के अंतराल में यात्रियों को गोंडोला उपलब्ध रहेगी। एक दिशा में एक घंटे में 3000 लोग यात्रा कर सकेंगे यानी दोनों दिशाओं में एक घंटे में छह हजार यात्रियों का आवागमन होगा। गोदौलिया से कैंट रेलवे स्टेशन पहुंचने में लगभग 16 मिनट लगेगा। 45 से 50 मीटर की अनुमानित ऊंचाई से करीब 150 ट्रॉली कार चलेंगी। एक ट्रॉली में 10 यात्री सवार हो सकते हैं। रोपवे का संचालन 16 घंटे होगा।

# केसी त्यागी के सवालों का सुधाकर सिंह ने दिया जवाब

एजेंसी



**पटना।** बक्सर से लोकसभा चुनाव जीते सुधाकर सिंह ने केसी त्यागी की मांग पर बड़ा बयान दिया है। केसी त्यागी ने यूसीसी सहित अग्निवीर योजना पर समीक्षा किए जाने की बात कही थी। एनडीए बैठक में केसी त्यागी ने इस बात पर जोर दिया था कि इन दोनों ही मुद्दों की वजह से उत्तर प्रदेश में बीजेपी के वोटर्स छिटके हैं। ऐसे में एक दफा बीजेपी को इन दोनों ही मुद्दों पर विचार करना चाहिए। सुधाकर सिंह ने कहा, जिन किसानों के पक्ष में केसी त्यागी खुद जंतर मंतर पर जाते रहे, उन पर उन्होंने तो कोई बात नहीं रखी। केसी त्यागी उन सवालों से भागने की कोशिश कर रहे हैं। केसी त्यागी आज भी जनता के हितों से जुड़े मुद्दे को गंभीरता से लेने से बच रहे हैं, जो कि उचित नहीं है। उन्हें एनडीए बैठक में बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दिलाने के मुद्दे पर जोर देना चाहिए था और उन्हें यह बात कहनी चाहिए थी कि केंद्र सरकार को बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दिलाएं, तभी आगे हम कोई कदम बढ़ाएंगे। बता दें कि सुधाकर सिंह ने यह बयान ऐसे वक्त में दिया है, जब राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली में सरकार के गठन को लेकर इंडिया गठबंधन से लेकर एनडीए में सुगबुगाहट तेज हो गई है।